ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

मैं औसत दर्जे के अभिनेताओं के ... पेज 12 पर



www.rastriyanaveenmail.com • रांची • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 14 सितम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 222 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## नए संसद भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है।



बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसे कि पहले हुआ करती थी और विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है।

वहीं, विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। संसद के विशेष सत्र को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां सरकार पर हमलावर हैं। विपक्षी दल लगातार केंद्र पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि विशेष सत्र का एजेंडा क्या है। सभी विपक्षी दल जानना चाहते हैं कि केंद्र की मोदी सरकार ने किस उद्देश्य से यह सत्र बुलाया है। वहीं यह कयास भी लगाए जा रहे थे कि सरकार इस सत्र के दौरान एक देश एक चुनाव बिल ला सकती है। सभी विपक्षी दलों का कहना है कि यह देशहित में नहीं है।

## अनंतनाग में आतंकियों से मुठभेड़ में कर्नल, मेजर और डीएसपी शहीद

**एजेंसी। अनंतनाग**

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग निर्वाचन क्षेत्र के हिलोरा गाडोल इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में तीन अधिकारियों के घायल हुए थे, जिनमें कश्मीर पुलिस में कोकरनाग के डीएसपी हिमायूं भट्ट, 19 आरआर के कर्नल मनप्रीत सिंह और मेजर आशीष धोनैक तीनों शहीद हो गए। बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें एयर लिफ्ट कर अस्पताल पुहंचाया गया था। अधिकारी ने बताया कि भट्ट की मृत्यु अत्यधिक खून बह जाने के कारण हुई। अधिकारियों ने बताया कि गाडोले इलाके में आतंकियों के खिलाफ अभियान मंगलवार शाम को शुरू हुआ था, लेकिन रात में इसे रोक दिया गया था। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा। आज दोपहर करीब 2 बजे शुरूआती गोलीबारी के दौरान, कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धोनैक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि उन्हें पहले अनंतनाग में एक स्थानीय चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित किया गया था, लेकिन बाद में बेहतर इलाज के लिए श्रीनगर में सेना के बेस अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन दुर्भाग्य से, ज्यादा खून बहने के कारण तीनों ने एक के बाद एक दम तोड़ दिया। कर्नल सिंह और मेजर धोनैक सेना की 19 आरआर से जुड़े थे। पूरे ऑपरेशन के बारे में जानकारी साझा करते हुए अधिकारी ने कहा कि हमें कल रात पुलिस से इनपुट मिला और गडोले इलाके में घेराबंदी शुरू कर दी गई।



## NEWS इन ब्रीफ

### विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमीन घोटाले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस करते हुए विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले का मास्टर माइंड बताया और जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया।

### पलामू के एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए मंत्री मिथिलेश

**पलामू।** झारखंड प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर बुधवार को पलामू व्यवहार न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। मंत्री ने यहां अपना बयान दर्ज कराया। उनके खिलाफ वर्ष 2014 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था।

### रिम्स से हथकड़ी सहित एक कैदी फरार

**रांची।** रिम्स के कैदी वार्ड से मंगलवार को हथकड़ी सहित एक कैदी फरार हो गया। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से चंदन कुमार मंडल को इलाज के रिम्स लाया गया था। वह मूल रूप से इटकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। चंदन रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती था। जहां से वह बाथरूम जाने के बहाने हथकड़ी सहित फरार हो गया। बरियातू पुलिस फरार हुए कैदी की तलाश में जुटी हुई है। बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि कैदी की तलाश की जा रही है।

### महिला ने बच्चे के साथ तालाब में कूदकर दी जान

**छतरपुर।** पलामू थाना क्षेत्र के बगईया गांव में बीती रात महिला ने एक वर्षीय पुत्र के साथ तालाब में छलांग लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार बगईया ग्राम निवासी सुधीर यादव की पत्नी कुसमी देवी उम्र करीब 23 वर्ष ने अपने एक वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के साथ घर के निकट स्थित तालाब में कुद कर जान दे दी।

### चारा घोटाला के सजायाफ्ता रवि नंदन की जेल में मौत

**रांची।** रांची बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद चारा घोटाला सजायाफ्ता रवि नंदन कुमार सिन्हा उर्फ रवि कुमार सिन्हा की मौत हो गयी। मृतक रवि नंदन पटना के पाटलीपुत्र थाना क्षेत्र के पटना चौबे इलाके रहने वाले थे। इस संबंध में जेल प्रशासन ने खेलगांव थाने में यूडी केस दर्ज किया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बुधवार की सुबह जब वार्ड खुलने के बाद सभी बंदियों को जगाया गया। इसी दौरान सजायाफ्ता रवि नंदन को जेल कर्मियों ने जगाया तो वह अचेत पड़ा हुआ था। जांच के बाद चिकित्सकों ने रवि नंदन को मृत घोषित कर दिया।

**आयुष्मान भव : अभियान की शुरूआत, राज्यपाल बोले-**

# लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना मुख्य उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाने के लिए दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भवः अभियान का बुधवार को ऑनलाइन शुभारंभ किया। ऑड्रे हॉउस, रांची में आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में झारखंड से इस अभियान का शुभारंभ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जरिये शुभारंभ की गई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जो पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा कवरेज प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत 17 सितंबर से एक अभियान शुरू किया जा रहा है, जिससे पीएम-जेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए जाएंगे।



इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आयुष्मान भवः सिर्फ एक कथन मात्र नहीं है। यह एक मार्गदर्शन करने वाला सिद्धांत है, जिसमें स्वस्थ जीवन जीने का सार शामिल है। यह एक प्राचीन संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है- आप लंबे समय तक जीवित रहें और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भवः कार्यक्रम प्रत्येक लाभुक तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक पहल है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। यह पहल जागरूकता अभियानों, चिकित्सा शिविरों एवं समावेशी रणनीतियों से स्वास्थ्य लाभ को अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हाशिये पर रहने वाले लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सकेगी। यह स्वास्थ्य सेवाओं में समानता को भी बढ़ावा देगा।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारंभ की गई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जो 5 लाख रुपये शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू प्रमंडल में दो सौ से अधिक अपराधी : आईजी

**50 से अधिक शातिर अपराधी हैं, 10 से अधिक मामले हैं दर्ज।**

**अपराधियों का नक्सलियों से भी सांठ-गांठ है।**

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

आईजी राजकुमार लकड़ा ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पलामू, गढ़वा और लातेहार में 200 अपराधी संगठित गिरोहों के चिह्नित किए गए हैं, जिनमें 50 शातिर हैं। इनपर दस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

आईजी ने बताया कि इन अपराधियों पर कार्रवाई का निर्देश एसपी को दिया गया है। जरूरत के अनुरूप इनपर सीसीए भी लगाया जाएगा। फिलहाल लातेहार के पांच अपराधियों के विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव भेजा गया है। अपराधियों के बेलर की भी जानकारी जुटाई जा रही है। अपराधियों का नक्सलियों के साथ भी सांठ-गांठ है। उन्होंने बताया कि पलामू में डबलू सिंह, सुजीत सिन्हा और लातेहार में अमन साहू व अमन श्रीवास्तव गैंग सक्रिय है। इनसे निपटने के लिए तीनों जिले में स्पेशल टीम गठित की गई है। संदिग्धों की पहचान कर उनपर पर तकनीकी तरीके से भी नजर रखी जा रही है। तीनों जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि कोई भी शातिर अपराधी जेल से बाहर न रहे। उसका बेल कैंसिल कराकर जेल भेंजे। एसडीपीओ के नेतृत्व में स्पेशल टीम फरार अपराधियों का पता लगाकर कार्रवाई करेगी। राज्य के दूसरे जिले में बंद अपराधियों की कोर्ट में वर्चुअल तरीके से पेशी कराई जाएगी। रंगदारी से संबंधित सभी मामलों को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया गया है। छोटे मामले ही बड़ी घटनाओं का रूप लेते हैं।



**पांच साल तक नहीं हुई सिविल जज परीक्षा**

## उम्र एक्सपायर होने पर हाईकोर्ट ने दी राहत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में जूनियर डिविजन सिविल जज नियुक्ति परीक्षा में 35 साल की अधिकतम उम्र सीमा पार करने वाले अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से बड़ी अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने जेपीएससी को आदेश दिया है कि उम्र सीमा एक्सपायर होने की वजह से परीक्षा से वंचित हो रहे अभिषेक कुमार एवं अन्य को ऑफलाइन परीक्षा फार्म भरने की अनुमति दी जाय। इनकी परीक्षाएं भी ली जाएंगी और रिजल्ट भी निकलेगा। अभिषेक कुमार एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वे झारखंड में सिविल जज जूनियर डिविजन के पद पर नियुक्ति की परीक्षा की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार ने पिछले पांच साल से कोई परीक्षा नहीं ली। इस वजह से उनकी उम्र निर्धारित उम्र सीमा 35 वर्ष से ज्यादा हो चुकी है और वे परीक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने अदालत से उम्र सीमा में छूट देने की गुहार लगाई थी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दायर करने वाले छात्रों को अंतरिम राहत देते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया कि इनके फॉर्म 21 सितंबर तक ऑफलाइन स्वीकार किए जाएं।

### जेल में कैदी ने काटा खुद का गला, रिम्स में हुई मौत

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हत्या का कैदी रहमतुल्लाह अंसारी की गला कटने से मौत हो गयी। हालांकि परिजनों ने रहमतुल्लाह अंसारी की जेल में हत्या होने का आरोप लगाया है। इसको लेकर परिजनों ने बुधवार को रिम्स परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि जेल प्रशासन और अन्य कैदी की मिलीभगत से ही धारदार हथियार से मारकर रहमतुल्लाह की हत्या की गई है। वहीं जेल प्रशासन का कहना है कि कैदी रहमतुल्लाह ने टिन का पतल से अपना गला काटकर आत्महत्या की है।

## झारखंड में भारी बारिश की चेतावनी मौसम केंद्र ने जारी किया येलो अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में मौसम एक बार फिर करवट लेने वाली है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी करते हुए अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के अंदर राजधानी रांची समेत राज्य के दक्षिणी भाग के कई जगहों पर बारिश होने की संभावना है। इस बीच राज्य में कई हिस्सों में वज्रपात भी हो सकती है। इसके मद्देनजर मौसम विभाग ने लोगों को सावधान रहने की अपील की है। विभाग ने यह भी बताया है कि बंगाल की खाड़ी में होने वाले परिवर्तन की वजह से राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है।




विभाग ने बताया है कि अगले कुछ ही घंटों में खूंटी, सिमडेगा, गढ़वा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुछ हिस्सों में हल्के से माध्यम दर्जे की बारिश तेज मेघगर्जन के साथ हो सकती है। वहीं 14 सितंबर को राजधानी रांची के अलावे गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 15 सितंबर को भी कोल्हान और संथाल दो जिलों को छोड़ राज्य के अन्य जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है। बता दें, मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों में बारिश की वजह साईक्लोनिक सकुर्लेशन है इसके निम्न दबाव से गहरे निम्न दबाव क्षेत्र में बदलाव होने की आशंका जाहिर की गई है। इस दबाव को ओडिशा के दक्षिण और आंध्रप्रदेश के उत्तरी भाग से होते हुए पश्चिम उत्तर की दिशा की तरफ आगे बढ़ सकती है। साईक्लोनिक सकुर्लेशन मध्य बंगाल की खाड़ी तक बनने जा रहा है। जो झारखंड और छत्तीसगढ़ से होते हुए गुजर रहा है इसी कारण राज्य में तीन दिनों की यह अच्छी बारिश हो रही है।

### ईडी का गवाह विजय हांसदा कोर्ट में बयान से फिर मुकरा

**रांची।** अवैध खनन मामले में बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। ईडी का गवाह विजय हांसदा बुधवार को भी अपने बयान से मुकर गया। हांसदा ने कोर्ट के समक्ष कहा कि मुझे कोई धमकी नहीं मिली। पंकज मिश्रा ने कभी मेरे साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया है और न ही मुझे डराया है। साथ ही कहा कि उसने ईडी के समक्ष दिये बयान में ऐसा नहीं कहा है कि उसे धमकी मिली है। मामले में 14 सितम्बर को फिर विजय हांसदा का बयान दर्ज किया जायेगा। सुनवाई के दौरान इस केस के आरोपित बच्चू यादव भी कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित थे।


**दुनिया का सबसे ऊंचा और अनोखा रेलवे ब्रिज भारत में बनकर तैयार**

# एफिल टॉवर से भी है ऊंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भारत के जम्मू कश्मीर में बनकर अब पूरी तरह से तैयार है बता दें, यह चिनाब नदी पर बना है जो एफिल टॉवर से भी ऊंचा है। रेलवे मंत्रालय ने चिनाब नदी पर बने इस ब्रिज की तस्वीरें ट्वीटर के जरिए शेयर की है जिसमें पुल काफी आकर्षक और बेहद सुंदर दिख रहा है।

बता दें, रेलवे मंत्रालय की तरफ से चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल की तस्वीरें अक्सर शेयर की जाती है वहीं बुधवार को मंत्रालय द्वारा पुल की कुछ तस्वीरें एक्स (ट्वीटर) में शेयर की गई है। जिसमें आप देख सकते है कि पुल काफी शानदार दिख रहा है। तस्वीर में साफ नजर आ रहा है पुल की ऊंचाई इतनी है कि पुल के नीचे सिर्फ बादल ही बादल नजर आ रहा है। इसके साथ ही मंत्रालय ने दुनिया के सबसे ऊंचे इस रेलवे पुल की तुलना एफिल टॉवर से करते हुए एक मीम भी शेयर किया है।



### चिनाब नदी की तल से करीब 359 मीटर है ब्रिज की ऊंचाई

आपको बता दें, ब्रिज की ऊंचाई चिनाब नदी के तल से करीब 359 मीटर है। इसे जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कटरा-बनिहाल रेल खंड पर 27949 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। जिसका निर्माण कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत ने किया है। बता दें, देश के बाकी हिस्सों को यह घाटी रेलवे के जरिए जोड़ने का काम करेगा।

### माइनस 10 से 40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान झेल सकता है


भारत के जम्मू-कश्मीर के चिनाब नदी पर बना दुनिया का यह सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। 'चिनाब ब्रिज' नाम से प्रसिद्ध यह पुल रेल यातायात के लिए चालू हो जाएगा है। आपको बता दें, स्ट्रक्चरल स्टील से इस ब्रिज को तैयार किया गया है। यह पुल माइनस 10 से 40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान को आसानी से झेल सकता है। यानी कि इस ब्रिज पर जम्मू-कश्मीर के मौसम का किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। इसके साथ ही बिना किसी कठिनाई के यह ब्रिज चलता रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक, भारत में जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचा यह रेलवे पुल भूकंप और ब्लास्ट को भी झेलने की क्षमता रखता है।

## उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख नए एलपीजी कनेक्शन को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उज्ज्वला योजना के तहत 75 लाख नए एलपीजी कनेक्शन देने की घोषणा की है। यह कनेक्शन अगले तीन वर्षों में दिए जाएंगे। इन कनेक्शनों पर कुल लागत 1,650 करोड़ रुपये आएगी। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नए कनेक्शन मौजूदा जमा-मुक्त कनेक्शन की निरंतरता में होंगे, जो उज्ज्वला योजना के तहत प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 75 लाख नए कनेक्शन उन परिवारों को दिए जाएंगे जो खाना पकाने के लिए लकड़ी पर निर्भर हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों में महिलाओं के स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। ठाकुर ने कहा इन जमा-मुक्त कनेक्शनों को देने का खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, जिसकी बाद में तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। मंत्री ने कहा, नए उज्ज्वला कनेक्शन के तहत पहला स्टोव और सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा, जिसका खर्च ओएमसी उठाएगी। इससे पहले कैबिनेट ने पिछले महीने घरेलू रसोई गैस कनेक्शन धारकों के लिए 200 रुपये प्रति सिलेंडर कम कर दिया था, जबकि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए कनेक्शन 400 रुपये सस्ता हो गया था। केंद्रीय कैबिनेट का ताजा फैसला और पिछला फैसला ऐसे समय आया है जब पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव सिर्फ 90 दिन दूर हैं और लोकसभा चुनाव छह महीने दूर हैं।


# मुख्यमंत्री से मंत्री बेबी देवी ने की मुलाकात, जताया आभार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने मुलाकात कर डुमरी विधान सभा उपचुनाव में मिली जीत को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया तथा उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंत्री बेबी देवी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री श्रद्धेय स्व० जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हमारी सरकार उनके आदर्श एवं विचारों को आत्मसात करते हुए समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली, उन्नति और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री श्रद्धेय जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा कर सशक्त एवं समृद्ध झारखंड बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### कोलकाता की तर्ज पर रांची में ट्रैफिक सिस्टम बनाने की कवायद

# चार नए ट्रैफिक थाने खोलने की योजना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची में ट्रैफिक सिस्टम के सुधार के लिए कोलकाता की ट्रैफिक पुलिस की तर्ज पर सिस्टम डेवलप करने की योजना है। रांची में ट्रैफिक सिस्टम में बदलाव करने की योजना पर काम करने के लिए आईजी मानवाधिकार अखिलेश झा, डीआईजी जैप सुनील भास्कर व रांची के ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन को रिसर्च के लिए कोलकाता भेजा गया था। कोलकाता से लौटने के बाद टीम ने रिसर्च पर अपनी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को दी है। कोलकाता की ट्रैफिक व्यवस्था पर रिसर्च कर लौटी टीम ने रांची में ट्रैफिक एसपी के पद को कानून व्यवस्था से बिल्कुल अलग कर स्वतंत्र करने का प्रस्ताव रखा है। अबतक रांची ट्रैफिक एसपी का पद रांची एसएसपी के अधीन का पद रहा है। लेकिन अब ट्रैफिक पुलिस व उसके कर्मियों को स्वतंत्र यूनिट की तरह बनाने का प्रस्ताव दिया गया है, ताकि ट्रैफिक में तैनात जवानों को भी दूसरी ड्यूटी में तैनात न किया जाए।

**ट्रैफिक डीएसपी के दो व चार नए थाने खोलने का प्रस्ताव**
रांची में ट्रैफिक के सुचारू संचालन के लिए चार थाने खोलने का प्रस्ताव है। इसके अलावे ट्रैफिक एसपी के दो पदों को बढ़ाकर दो नए पदों के सृजन का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में रांची में चार ट्रैफिक थाने कोतवाली, लालपुर, गोंदा व जगन्नाथपुर हैं।

**ट्रैफिक इलाके को भी बीट में बांटकर जिम्मेदारी**
कोलकाता में ट्रैफिक सिस्टम को बीट में बांटा गया है। वहीं बीट के अंदर अलग अलग सेक्शन व उसके प्रभार में पदाधिकारी होते हैं। उन इलाकों में ट्रैफिक के बेहतर संचालन की जिम्मेदारी संबंधित पदाधिकारी की होती है। रांची में भी इसी योजना पर काम करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

## मांडर पुलिस ने छापेमारी कर 22 बोतल वियर किराना दुकान से किया बरामद



**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के टांगरबसली चौक के किराना दुकान से गुप्त सूचना के आधार पर मांडर पुलिस ने छापेमारी कर 22 बोतल बियर बरामद किया है। इस मामले में तस्कर भागने में सफल रहा। उक्त बातों की जानकारी देते मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि टाँगरबसली के एक किराना दुकान में चोरी-छिपे शराब की तस्करी किया जा रहा है।गुप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और ये कार्रवाई की गईं।

## थाना प्रभारी ने पेट्रोल पंप संचालकों के साथ की बैठक



**मांडर।** मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में थाना क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित हुए और उन्होंने थाना प्रभारी से विचार विमर्श कर पेट्रोल पंप पर किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए सुरक्षात्मक कार्य व्यवस्थित करने का आश्वासन दिया। सुरक्षित कैश काउंटर, सायरन, विश्वनीय कर्मचारी, हैवी कैमरा, कथित संदिग्ध ग्राहकों पर पैनी नजर, संदेह होते ही सायरन का प्रयोग एवं 100 नंबर डायल कर या स्थानीय प्रशासन को सूचित करने की बात कही गई।मौके पर मांडर अंचल इंसपेक्टर अवधेश ठाकुर, तिग्गा फ्यूल सेंटर के संचालक सुदीप तिग्गा, साहु फ्यूल सेंटर के मनोहर साहु, पंकज फिलिंग स्टेशन के अशोक साह, विकास सिंह, मिथलेश कुमार, मुस्लिम अंसारी,परमेश्वर महतो मौजूद थे।

## मुरतो में जन भावना फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, 150 लोगों की हुई जांच



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव में बुधवार को जन भावना फाउन्डेशन के बैनर तले स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान फाउन्डेशन के राजेंद्र लोहरा ने बताया कि जन भावना फाउन्डेशन का उद्देश्य है कि गांव गांव विकास किया जाएगा साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह, हेल्थ केयर के बारे में फायदा दिलाया जाएगा। शिविर में एमबीबीएस डॉ दिनेश प्रसाद साहू द्वारा जांच किया गया। शिविर में 150 लोगों का जांच किया और दवा वितरण किया गया। मौके पर बेड़ो प्रखंड कोडिनेटर मनोज तिर्की, मुरतो पंचायत कोडिनेटर राजेंद्र लोहरा, सावित्री देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की हुई समीक्षा बैठक

# पदाधिकारियों को दिये दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के द्वारा बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, रवि शंकर मिश्रा, बाल संरक्षण पदाधिकारी वेद प्रकाश तिवारी सभी प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला समाज कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लक्ष्मी लाड़ली योजना, सामाजिक कुरीति निवारण, एलपीजी गैस से संबंधित आदि पर संबंधित अधिकारी से विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए। उपायुक्त राँची, द्वारा सभी योजनाओं का नियमानुसार उपलब्धि प्राप्त करने के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी से आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिती की जानकारी लेते हुए पूछा कि नया आंगनबाड़ी केंद्र बनता हैं, तो वहाँ आंगनबाड़ी सेविका उस नए भवन में आंगनबाड़ी केंद्र शिफ्टिंग करती हैं क्या, साथ ही संबंधित अधिकारी से पूछा कि रांची जिला में कहां-कहां ऐसे मामलें हैं, जहां आंगनबाड़ी सेविका उस नए भवन में आंगनबाड़ी केंद्र शिफ्टिंग नही करती हैं। ऐसे मामलों की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने रिपोर्ट मांगी एवं पूरे जिलें में जहां नया आंगनबाड़ी केंद्र बन गया हैं। वहां जा कर संबंधित अधिकारी निरीक्षण करें। संबंधित अधिकारियों द्वारा उपायुक्त राँची को जानकारी दी गई कि आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में खिड़की नही बनाया जा रहा है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र में अंधेरा रहता हैं। जिसपर उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र में खिड़की और रौशन दान देने का प्रावधान बना कर देने को कहा। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी से आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को समुचित मात्रा में पोषाहार मिलता है, की नही इसकी जानकारी लेते हुए कहा की सभी बच्चों को पोषाहार आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा सुनिश्चित रूप से मिलें इसके लिए सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया एवं और सभी बच्चों का मेजरमेंट करने एवं सभी बच्चों के मेजरमेंट एप में दर्ज करने को कहा। उपायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि पोषण ट्रैकर इंट्री और अन्य सभी की डाटा एंट्री अपडेट करने के लिए सभी सेविका/सहायिकाओं को कराना सुनिश्चित करें, जो कार्य में लापरवाही बरतने वालें सभी सेविका/सहायिकाओं पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें एवं संबंधित सुपरवाइजर इस पर विशेष ध्यान दे।

# एक्सआईएसएस में सशक्तिकरण और शिक्षा पर कार्यशाला आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, रांची की इंटरनल कम्प्लेंट्स कमिटी (आईसीसी) ने बुधवार को ह्यसमानता, सशक्तिकरण और शिक्षाः लिंग, अधिकार और यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में सभी फैकल्टी, स्टाफ और स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन कैंपस में फादर माइकल वान डेन बोगार्ट ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय की वकील खुशबू कटारुका रही।
संस्थान के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने इस कार्यक्रम के दौरान समाज की पितृसत्तात्मक मानसिकता के बारे में बातें की। उन्होंने मौजूद कानूनों के बारे में सभी से जागरूक होने की अपील की। कार्यक्रम में आगे, डीन अकेडमिक, डॉ अमर एरोन तिग्गा ने कार्यशाला के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे यह छात्रों को उनके कॉर्पोरेट करियर को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान लैंगिक रूप से संवेदनशील और सभी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रिसोर्स पर्सन खुशबू कटारूका ने इस कार्यशाला में उपस्थित फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों को एक शैक्षणिक संस्थान में किस प्रकार व्यवहार किया जाता है, यह बताया। उन्होंने स्वीकार्य और अस्वीकार्य व्यवहार के बारे में बात की। उन्होंने समाज में हमारी भूमिका, हमारी विचार प्रक्रिया, मनुष्यों की अनुकूलन क्षमता, लिंग और विकास के बारे में चर्चा की। उन्होंने आगे समता और समानता के बारे में बात की, छात्रों से अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया और कहा, हर किसी का अस्तित्व समान है।

## पीएम विश्वकर्मा योजना की लॉन्चिंग की तैयारी को लेकर हुई बैठक, लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

**रांची।** पीएम विश्वकर्मा योजना 17 सितंबर 2023 को पूरे भारत में 70 स्थानों पर लॉन्च की जाएगी। राज्य के दो जिलों रांची और पूर्वी सिंहभूम में योजना की लॉन्चिंग की जायेगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, जिला नजारत उप समाहर्ता, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, रांची, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, एनआईसी रांची, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि कारीगरों और श्रमिकों को प्रोत्साहन देने के लिए 17 सितंबर 2023 को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की जाएगी। योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ई-वाउचर या ईआरयूपीआई के माध्यम से टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में सभी को 15 हजार रुपये मिलेंगे। मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किये जानेवाले कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये।

## तीन दिवसीय नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न

**रांची।** बुधवार को अनगड़ा प्रखंड रांची जिला के भारतीय लोक कल्याण संस्थान एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय पंचायती राज पर नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण बीडीओ अनगड़ा प्रखंड में साल्हन, लुपंग, चिलदाग एवं हेसल पंचायत के वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान 73 वा संशोधन के विशेषताएं क्या क्या है ग्राम सभा का गठन, बैठक, संयोजन , शक्तियां, ग्राम सभा में वार्ड सदस्यों की भूमिका, गणपूर्ति प्रपत्रए वार्षिक बैठक, दस्तावेज, उपस्थिति पंजी स्थाई समितियो का अधिकार, कार्य एवं दायित्व, ग्राम पंचायत को उपलब्ध संसाधनों को समझना, मनरेगा, 15 वित्त आयोग, सतत विकास लक्ष्यों की पृष्ठभूमि, 17 सतत विकास लक्ष्य की जानकारी और त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के बारे में बताया गया।

### पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का हुआ समापन

# मांडर विस क्षेत्र में खिलाड़ियों की कमी नहीं बस स्टेडियम की है कमी : सन्नी



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
आदिवासी युवा संघ तुतलो के तत्वावधान में पांच दिवसीय फुटबॉल टुर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें फाइनल मैच के मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो शामिल हुए। जहां फाइनल मैच जूनियर क्लब लोयो बनाम सीएसएम मसियातु नवाटोली के बीच खेला गया। जहां जूनियर क्लब लोयो ने सीएसएम मसियातु नवाटोली को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि तुतलो के इस पावन धरती पर फुटबॉल टुर्नामेंट के माध्यम से आपसी सौहार्द को बरकरार रखते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों मे प्रतिभा कूट-कूट कर भरा होता है, लेकिन बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारे मांडर विधानसभा क्षेत्र में एक भी स्टेडियम नही है। जहां खिलाड़ी गण जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने खेल को निखारकर भारतीय टीम के लिए खेल सके। मौके पर नरकोपी थाना के एएसआई रामनगीना प्रसाद, तुतलो पंचायत के मुखिया कुलदीप उरांव, सरवा पंचायत के मुखिया विरेन्द्र उरांव, सरना बाल विकास के प्रधानाध्यापक मंगरा उरांव, 24 पड़हा राजा महादेव कूजूर, पुर्व सरपंच असलम अंसारी, समाजसेवी बिगु महतो, ग्राम प्रधान बोधा उरांव, जितेंद्र शाही, गोएंदा उरांव, महेश उरांव, देवनाथ उरांव, मुसतकीम अंसारी, रोपा उरांव, गणेश कुमार महतो, तबारक अन्सारी, अमानत हुसैन, वकील अन्सारी, नौशाद अन्सारी, प्रवेज अंसारी, महताब अंसारी, जहीर अंसारी, प्रदीप उरांव, फैज आलम, नसीम अंसारी, अबरार आलम, अफरोज अंसारी, मुमताज अंसारी, जितेश उरांव, टुनामेंट के अध्यक्ष सुनील उरांव, सचिव रंथु उरांव, चरवा उरांव, बेलाल अंसारी, लतीफ अंसारी समेत हजारों की संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## पंचायत स्तर तक संगठन को करें मजबूत : राजेश ठाकुर

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक की। इसमें प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर के प्रभार के छह जिलों पलामू, गढ़वा, चतरा, गिरिडीह, पाकुड एवं कोडरमा की समीक्षा की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने नेताओं को कई दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की ओर से किए गए भारत जोड़ों यात्रा के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के लिये सभी जिला प्रभारी महासचिव, सचिव सह विधानसभा प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष मिलकर पंचायत स्तर तक मजबूत संगठन का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से लड़ने के लिए सशक्त संगठन बनाकर केंद्र सरकार के जनविरोधी नीतियों का विरोध करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि मंडल एवं पंचायत स्तर तक गठित कमिटियों का सत्यापन कर अविलंब प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे।

## चंद्रदेव सिंह के विजुअल निर्देशन में बना खेलो झारखंड एंथम

**रांची।** एंथम का विजुअल निर्देशन चंद्रदेव सिंह ने किया है। गान के वीडियो में पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधुमंसूरी, ओलंपियन मनोहर टोपनो, ओलंपियन दीपिका कुमारी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सावित्री पूर्ति, सुमरई टेटे, शाहबाज नदीम, दीपिका सोरेंग, अष्टम उरांव, मोनू सिंह, कुमार देवब्रत, विराट सिंह, सुशांत मिश्रा, शाहिना प्रवीण, प्रीती कुमारी, दिव्यांग अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमुना कुमार पासवान, मनीष कुमार समेत कई खिलाड़ी थीम सॉन्ग ₹खेलो-खेलो, खेलो झारखंड₹ की शोभा बढ़ा रही है। गाने की शूटिंग खेलगांव के बिरसा मुंडा एथलेटिकस स्टेडियम, बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोराबादी, मरांग गोमेके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम मोराबादी, झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, हरमू मैदान ,रांची ,बालिका उच्च विद्यालय बरियातू,रांची के अलावा खूंटी के बिरसा मुंडा एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में किया गया। खेलो झारखंड एंथम को बेहतरीन संगीत संगीतकार रोहन देव पाठक ने दिया है। इसके बोल लिखे है एम मोदस्सर ने, गायक हर्षा बच्चन एवं रोहन देव पाठक ने गाया है। गान का निर्माण करने के पीछे का उद्देश्य खेलो झारखंड के माध्यम से पूरे राज्य में खेल का वातावरण तैयार करना एवं अधिक से अधिक स्कूली बच्चों को प्रतियोगिताओं में शामिल करना, ताकि ओलंपिक में अधिक से अधिक पदक जीत पाए, जब बच्चे इस गाने को सुनेंगे तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा, हमारे खिलाड़ी काफी मेहनत कर रहे हैं लेकिन वह परिणाम नहीं दे पा रहे तो इसके पीछे कहीं ना कहीं देशभक्ति का जज्बा की कमी है यह गाना हमेशा हर पल हर प्रतिस्पर्धा में बच्चों को देशभक्ति के प्रति अपना जुनून कायम करने में मदद करेगा।

### लागू अनुच्छेद 341 व 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबंध को समाप्त करने की मांग

# नया अध्यादेश लाकर रिजर्वेशन देने का काम करें केन्द्र सरकार




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल ने बुधवार को अंजुमन मुसाफिर खाना में हुआ। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए काउंसिल के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने भारत सरकार और राज्य सरकार से 10 बिंदुओं पर मांग को रखी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम एवं ईसाई दलितों पर धर्म आधारित पछपात को खत्म किया जाए। पसमांदा पिछड़ों को उनके आबादी के आधार पर आरक्षण दिया जाए। रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी की सिफारिश को लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि मुसलमान में अंसारी, क्लाल, हलालखोर, धोबी जैसी जाति को शेड्यूल जाति का दर्जा दिया जाए। पीएम मोदी से उम्मीद है कि 1956 और 1990 की तरह नए अध्यादेश लाकर 341, 42 को खत्म करते हुए रिजर्वेशन देने का काम करेंगे। इस समय देश में सबसे ज्यादा आहत पसमांदा मुस्लिम समाज है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शकील अहमद, शोएब अंसारी, हाजी जाकिर, इम्तियाज अहमद, जिब्राइल अंसारी, मौलाना तौफीक कादरी, सोहेल अख्तर गब्बर, कारी जान मोहम्मद मुस्तफी, जबीउल्लाह अंसारी, और मास्टर सिद्दीक अंसारी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।
मुख्य मांग हैं : 1.अनुच्छेद 341 एवं 342 पर लगे संविधान विरोधी धार्मिक प्रतिबन्ध को समाप्त कर मुस्लिम व इसाई दलितों के साथ हो रहे धर्म आधारित पक्षपात को समाप्त किये जाने के लिए आपके माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदय को पत्र लिखने की कृपा की जाये। 2.मॉब लिंचिंग पर सख्त से सख्त कानून बनाया जाये। 3.रेपिस्टों को फांसी की सजा हो। 4.जातीय जनगणना, जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत कराया जाय। 5.शिड्यूल जिलो के एकल पदों मुखिया / प्रमुख / जिला परिषद् का संविधान के आधार पर अनारक्षित कर डी-नोटिफाईड किया जाये। 6. शिड्यूल जिलों के नियुक्तियों में पसमांदा पिछड़ों का आरक्षण लगभग शुन्य कर दिया गया है. उन जिलों में जितनी आबादी पसमांदा पिछड़ों की है उतनी आरक्षण दी जाए। 7. रंगनाथ मिश्र आयोग और सच्चर कमिटी की सिफारिश को लागू किया जाये। 8. मुसलमानों में अंसारी, हलालखोर, धोबी जैसी कुई ऐसी जातियां हैं जिन्हें शिड्यूल कास्ट का दर्ज मिलना चाहिए। 9. राष्ट्रीय एवं राज्य सियासी पार्टीयों ने पसमांदा मुसलमानों पर शोषण किया है। सच्चर कमिटी की रिपोर्ट सियासी पार्टीयों के चेहरे से नेकाब उठाते हुए बताया देश में पसमांदा मुसलमान राजनितीक, सैक्षनिक, आर्थिक एवं समाजिक ऐतबार से दलितों से भी ज्यादा हालात खराब एवं दयनीय है। रंगनाथ मिश्रा आयोग की सिफारीश को लागु करने से यु.पी.ए. एवं एन.डी.ए. सरकारें बचती रही हैं यानी मुसलमानों का वोट इन्हें चाहीए। इनका भविष्य उज्जवल हो और देश के मैनस्ट्रीम से जुड़ जाएं। इस संबंध में उनका कोई दिचस्पी नहीं है। 10. झारखण्ड एवं बिहार सेकुलर के नाम पर अपनी दुकान चलाने वाली सरकार नें पसमांदा मुसलमानों को सिरे से खारीज कर दिया। बिहार के नितीश सरकार में पसमांदा को कोई उचित स्थान नहीं दिया गया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/03/2023-24/Gr.No-02 ( 3rd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | कोडरमा जिला के डोमाचाँच प्रखंड अन्तर्गत पंचायत पुरनाडीह के ग्राम रायडीह से ग्राम उपरबाद के बीच में केशो नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 60512600.00 | 1210500.00 | 10000.00 | 24 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.09.2023 से दिनांक 05.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 09.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
   i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल कोडरमा / जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
   ii) E-Procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि कोई यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोशित होता है तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्य दिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 306832 Rural Work Department (23-24)_D

शमीम अंसारी पर झूठे रंगदारी का मामला बनाकर फंसाया गया

# अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर थाना से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शमीम अंसारी रड़गांव तामाड़ थाना के निवासी शमीम अंसारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं दिव्यांग हूं और आंख से मुझे कुछ भी दिखाई नहीं देता है। उन्होंने कहा कि मेरी पुश्तैनी जमीन जिसका खाता नंबर 139 और प्लॉट नंबर 1268 और 1269 में कुल एक एकड़ 84 डिसमिल जमीन है, जिस पर दूसरे पक्ष मुन्नी देवी पति जयचंद मुंडा ग्राम रंगमाटी गांव रड़गांव थाना तामाड़ जिला रांची के द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी पुश्तैनी जमीन पर मैं काम कर रहा था उसी समय दिलदार हुसैन, अनवर और शहजाद हुसैन तीनों ने मिलकर हमारे जमीन पर आकर मुझे गाली गलौज, मारपीट के धमकी देने लगे, उन्होंने धमकी दिया कि जमीन छोड़ो नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। इस संबंध में मैंने तामाड़ थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराया, उसके बाद तामाड़ थाना ने मुझ पर दबाव बनाया कि इस मामले पर समझौता कर लो। समझौता नहीं करने पर दिलदार हुसैन ने मुझ पर झूठा रंगदारी और मारपीट एवं तोड़फोड़ का केस दर्ज कराया, जिसका जमानत मैं झारखंड हाई कोर्ट से लिया। मेरा रांची जिला प्रशासन और तमाम थाना से आग्रह है कि मेरे साथ इंसाफ किया जाय, नहीं यह लोग मुझे जीने नहीं देंगे। कभी यह लोग मुझपर हमला बोल सकता हैं जिससे हमारी जान व माल को नुकसान पहुंच सकता है।

महाराजा श्री अग्रसेन जयंती 15 अक्टूबर को, ब्राउजर का हुआ विमोचन

# प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव 15 अक्टूबर 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को वृहत स्तर पर सुचारू रूप से सफल बनाने के लिए श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के ब्राउजर का विमोचन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ किया। इस ब्राउजर में अग्रसेन जयंती महोत्सव की पूरे कार्यक्रमों का संपूर्ण विवरण दिया गया है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी एवं महोत्सव संयोजक सज्जन पाड़िया ने सभी से अनुरोध किया है कि कुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों मे सपरिवार सम्मिलित हो तथा व्यक्तित्व एवं प्रतिभा विकास के लिए बच्चों एवं महिलाओं को प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। अग्रसेन जयंती महोत्सव 1 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा। पंद्रह दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, गो सेवा, महिला संगोष्ठी, युवा संगोष्ठी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्थापना दिवस समारोह, वरिष्ठजन सम्मान, मेडिकल कैंप, शोभा यात्रा, महाराजा अग्रसेन चौक पर पुष्पांजलि, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा सह अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, प्रभाकर अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया, प्रकाश बजाज, विनोद टिबरेवाल, अमर अग्रवाल, आकाश अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए शारुख हसन रिजवी



**रांची।** समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो बी पांडे के पत्र से गठित प्रदेश अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गयी है। जारी पत्र के अनुसार उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. आफताब आलम, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एचपी यादव, मध्य प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रवींद्र नाथ, बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार, तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष चामन देशवारी बी, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष पी. वेंकट राज्य, आंध्र प्रदेश अध्यक्ष ककराला ईश्वर राव, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष विद्या वार्ष्णि यादव, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष जीएस रमेश, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा पाठक, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शारुख हसन रिजवी, केरल प्रदेश अध्यक्ष डा. एलेक्स थॉमस को जिम्मेदारी दी गई है। समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शारुख हसन रिजवी को बधाई देने का सिलसिला जारी है। शारुख हसन रिजवी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिस भरोसा और विश्वास के साथ मुझे जो जिम्मेदारी दिया है, मैं उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा और इस सभा के बैनर तले शिक्षको के विभिन्न समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करूंगा।

## मारपीट मामले में एसएसपी ने थानेदार को किया लाइन हाजिर, मांगा स्पष्टीकरण



रांची। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने ठाकुर गांव थाना प्रभारी कृष्णा कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही थानेदार से स्पष्टीकरण भी मांगा है। एसएसपी ने बुधवार को बताया कि मारपीट करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि रविवार की देर रात थाना परिसर में ही थानेदार ने पिता किशोर बैठा और पुत्र शीतल को बेरहमी से पीट दिया। पिटाई से घायल पिता-पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने सोमवार की सुबह थाने का घेराव किया। जानकारी के अनुसार सविता देवी ने थाना पहुंचकर मारपीट किए जाने की बात कही थी। घरेलू विवाद होने के कारण पिता-पुत्र को थाना बुलाकर समझाया। घर वापस जाते समय शीतल बैठा ने दोबारा मारपीट कर दी। महिला फिर थाना पहुंची और शिकायत की। इसके बाद पिता-पुत्र को थाना बुलाकर मारपीट की गई थी। पीड़ित का आरोप है कि थानेदार कृष्णा कुमार नशे में धुत थे। यही वजह है कि जब वह अपने पिता के साथ थाना पहुंचा तो थानेदार गंदी गालियां देने लगे। तुरंत उसे अंदर ले जाकर पीटने लगे। हालांकि, थानेदार ने कहा कि कोई भी जांच कर सकता है। वे शराब कभी पीते ही नहीं हैं। शिकायत मिलने के बाद एसएसपी ने मामले को लेकर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो की जांच का जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद एसएसपी ने कार्रवाई की।

## भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ की ओर से पंडित लाल मोहन पाठक मेमोरियल बैंडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

**रांची।** भाजयुमो कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर की ओर से एक दिवसीय पंडित लाल मोहन पाठक मेमोरियल बैंडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन गांधीनगर क्लब में शनिवार को हुआ। सीनियर बालक वर्ग में सौरभ कुमार, यशवंत कुमार व सक्षम कुमार क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर बालक व बालिका वर्ग में उपवन कुमार, भूमिका व अनुराग विजेता रहे। इससे पहले भाजयुमो पलामू प्रमंडल के प्रभारी श्रीनिवास व इंडियन आइडल फेम रजत आनंद ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर कला एवं खेल प्रकोष्ठ के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, खेल प्रशिक्षक गोविंद झा, विशाल कुमार, केसी दास मौजूद थे।

एचईसी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर पाबंदी

# अधिकारियों से संपर्क करने के बाद भी नहीं मिली अनुमति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचईसी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर पाबंदी है। हालांकि इस संबंध में प्रबंधन की ओर से न तो कोई लिखित और न ही मौखिक घोषणा की गई है। गौरतलब है कि बुधवार को कुछ मीडियाकर्मियों ने एचईसी की वर्तमान स्थिति से अवगत होने के लिए प्रबंधन की ओर से अधिकृत अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन उन्हें मुख्यालय के गेट पर तैनात सीआइएसएफ के सुरक्षाकर्मी द्वारा रोक दिया गया। सुरक्षाकर्मी का कहना था कि जब तक प्रबंधन की ओर से अधिकृत अधिकारी अनुमति नहीं देंगे, तब तक जाने नहीं दिया जा सकता है। इस दौरान एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचार पत्र के मीडियाकर्मी (वरिष्ठ पत्रकार) ने एचईसी के सीनियर डीजीएम (कंपनी सेक्रेटरी) व प्रबंधन की ओर से मीडिया को जानकारी देने के लिए अधिकृत जनसंपर्क अधिकारी अभय कुमार कंठ से संपर्क किया, तो उन्होंने बड़ी बेरुखी से जवाब दिया कि 'आप बार-बार फोन करके डिस्टर्ब कर रहे हैं। मैं मीटिंग में हूं, अभी नहीं मिल सकता। उन्होंने एचईसी के कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग के प्रभारी प्रशांत पाठक से भी संपर्क किया, तो उन्होंने भी यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि मीडिया से बात करने के लिए अभय कुमार कंठ ही अधिकृत हैं, इसमें मैं कुछ नहीं कर सकता। एचईसी के अधिकारियों की इस बेरुखी और असहयोगात्मक रवैए से निराश मीडियाकर्मी वापस लौट गए। बताया जाता है कि मीडिया कर्मियों से बात करने के लिए प्रबंधन की ओर से अधिकृत अधिकारियों की उदासीनता के कारण कई महत्वपूर्ण जानकारियां, जो जनहित व राष्ट्र हित में प्रबंधन के लिए हितकर हो सकता है, नहीं मिल पाती है। यह भी बताया जाता है कि कुछ अधिकारी नहीं चाहते कि एचईसी का कायाकल्प हो, यही वजह है कि मीडिया से परहेज करते हैं।

# राज्यपाल से प्रमंडलीय आयुक्त सहित अन्य ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त सहित अन्य लोगों ने राजभवन में मुलाकात की। सबसे पहले राज्यपाल से उत्तरी छोटानागपुर की प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। सुमन कैथरीन हजारीबाग जिले के विनोबा भावे विश्वविद्यालय की कुलपति भी है। उन्होंने इस दौरान शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल से मिट्टी बचाओ आंदोलन के मोहित निरंजन एवं अन्य ने भी मुलाकात की। साथ ही राज्यपाल को अपने प्रयासों से अवगत कराया। इनके अलावा राज्यपाल से आईसीएआर-एनआईएसए, रांची के निदेशक डॉ. अभिजीत ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संस्थान की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

## हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की स्कूलों को हर माह करनी होगी समीक्षा

**रांची।** बच्चों की जीवनशैली में स्वास्थ्य का महत्व बताने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के संचालन के लिए सरकारी स्कूलों को अब गंभीर होना होगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेईपीसी) ने जिलों के डीसी व डीडीसी को पत्र लिखकर योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना निदेशक ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र भ्रमण में पाया गया कि कई स्कूलों में कार्यक्रम का संचालन सही से नहीं हो रहा। प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिए मासिक समीक्षा की जाए। जिला स्तर पर डीसी व प्रखंड स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी को मॉनटिंग करना है। मालूम हो कि कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों में हर मंगलवार व शनिवार को वेलनेस-डे मनाना है। इसमें बच्चों को विभिन्न विषयों पर गतिविधियां कराई जाती हैं।

मत्स्यपालकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# आरएएस व बायोफ्लॉक विधि से अवगत हुए मत्स्यपालक प्रशिक्षणार्थी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मत्स्य निदेशालय की ओर से मत्स्यपालकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार धुर्वा में मत्स्य प्रसार अनुसंधान व प्रशिक्षण योजना अंतर्गत रंगीन मछली पलकों को प्रशिक्षण दिया गया। मत्स्यपालकों को आरएएस और बायोफ्लॉक की नई तकनीक से मछली पालन की विधि बताई गई। विशेषज्ञ डॉ. अखलाकुर और डॉ. सुमन रचित द्वारा मत्स्यपालकों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर मत्स्य निदेशक डॉ. एचएन द्विवेदी, उप मत्स्य निदेशक (प्रशिक्षण) मरियम मुर्मू, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी सीमा टोप्पो, स्वर्णलता मधु लकड़ा, सावन शीला हंस सहित अन्य उपस्थित थे। मत्स्य निदेशालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इसी महीने मत्स्यपालकों को केज कल्चर से मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हेमंत सोरेन बताएं क्या हुआ गरीबों के तीन कमरे का आवास

# अपने किये वादों को भूलकर जनता को दिग्भ्रमित न करें मुख्यमंत्री : रघुवर दास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को पीएम आवास योजना से संबंधित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। दास ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने बयान से जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने आवास पोर्टल पर डाले गए सभी आवासों की सूची को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार पर आरोप लगाने के पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन बताएं कि सरकार बनने पर गरीबों के लिए तीन कमरे का सुविधायुक्त आवास बनाकर देने संबंधी उनकी बड़ी घोषणा का क्या हुआ? रघुवर ने कहा कि कहां गई वह घोषणा जिसमे बेटे के लिए अलग कमरा, मां पिता के लिए अलग कमरा, रसोई, शौचालय, पानी की सुविधा से युक्त घर देने की बात, उन्होंने अपने संकल्प पत्र में कही थी। रघुवर दास ने कहा कि आज भी राज्य सरकार मकान बनाकर देगी यह बोलकर मुख्यमंत्री जनता को फिर से दिग्भ्रमित कर रहे। राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई योजना तैयार नहीं की है। भीड़ में केवल हवा हवाई बात करना, झूठे वादे करना इनकी आदत में शुमार है। आज राज्य सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। 2019 की तुलना में आज प्रतिवर्ष केंद्र सरकार राज्य को डेढ़ गुना ज्यादा राशि जीएसटी मद में दे रही, जो प्रतिवर्ष लगभग 21 हजार करोड़ रुपए होती है। इसके अलावा डीएमएफटी मद से भी जिलों में लगभग 2 हजार करोड़ रुपए प्रति वर्ष मिल रहे। राज्य सरकार की नीति और नीयत साफ रहती, तो इन पैसों का सदुपयोग गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाने में कर सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा। ये पैसे भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रहे। उन्होंने कहा कि घोषणावीर मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि कब तक आदिवासी कार्ड खेलकर आदिवासियों को लूटते रहेंगे। आज भी आदिवासी बेघर क्यों हैं, क्यों आदिवासी बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है, क्यों आदिवासी समाज के होनहार युवकों की हत्या हो रही, क्यों उनके मुख्यमंत्री रहते आदिवासी बहन बेटियों के साथ रोज बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं।

**राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई योजना तैयार नहीं की है। भीड़ में केवल हवा हवाई बात करना, झूठे वादे करना इनकी आदत में शुमार है**





संदेश

भारत विविधताओं का देश है। अनेकता में एकता का संदेश देता यह देश अपनी संस्कृति और परम्पराओं के लिए दुनियाभर में अलग पहचान रखता है। यहाँ कई भाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित हैं, लेकिन हिन्दी एक ऐसी भाषा हैं, जो देश में सबसे ज्यादा बोली जाती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 43.63 प्रतिशत लोग हिन्दी का इस्तेमाल करते हैं। हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हम भारतीयों की एकता का सूत्रधार है। एक भाषा के रूप में हिन्दी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिन्दी विश्व की सम्भवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे विश्व स्तर पर समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि हिन्दी ही एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसे अधिकारिक एवं राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनाया जा सकता है। हिन्दी में सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी संचार सम्पर्क के रूप में उपयोग किये जाने की क्षमता है।

हिन्दी इस समय विश्व में तेजी से उभरती हुई भाषा है। दुनियाभर में साठ करोड़ से ज्यादा लोग हिन्दी भाषा बोलते हैं। भारत के अलावा विदेशों में भी हिन्दी बोली जाती है। इन देशों में मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल आदि प्रमुख हैं। हम भारतीयों का भी यह कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में ही करें तथा हिन्दी भाषा के सम्मान को बनाये रखें ताकि हमारे देश की एकता और अखण्डता बनी रहे।

PR No. 306752 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 2023-24

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

# नर्सिंग होम में प्रसूता व शिशु की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

## नर्सिंग होम प्रबंधन और डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का लगा आरोप

नवीन मेल संवाददाता




**चाईबासा।** चक्रधरपुर के मां नर्सिंग होम में बुधवार को इलाज के दौरान एक प्रसूता व नवजात शिशु की मौत हो गई. इसे लेकर परिजनों व स्थानीय लोगों ने नर्सिंग होम में जमकर हंगामा किया. साथ ही नर्सिंग होम प्रबंधन और डॉक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के बंगलाटांड़ निवासी मो. मकसूद की पत्नी सोफिया परवीन को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया था. वहां सुविधा का अभाव बताते हुये डॉक्टर ने पीड़िता को रेफर कर दिया. इसके बाद परिजन बुधवार सुबह लगभग चार बजे चक्रधरपुर के पुराने प्रभात टॉकीज के समीप इंडेन गैस एजेंसी के बगल में स्थित मां नर्सिंग होम में प्रसव पीड़िता सोफिया परवीन को भर्ती कराया. वहां डॉक्टर प्रदीप्ता माझी ने प्रसव कराया. इस दौरान महिला ने एक शिशु को जन्म दिया, लेकिन शिशु की मौत हो गई. वहीं डॉक्टर ने कहा कि महिला के शरीर में रक्त की कमी है. उसे तत्काल रक्त चढ़ाना है. इसके बाद परिजन रक्त की व्यवस्था करने में जुट गए, लेकिन सुबह लगभग साढ़े नौ बजे प्रसूता सोफिया परवीन की मृत्यु हो गई. इसके बाद इसे लेकर परिजनों ने डॉक्टर व नर्सिंग होम पर लापरवाही बरतने की बात कहते हुये नाराजगी जतायी. वहीं बड़ी संख्या में लोग नर्सिंग होम पहुंचकर हंगामा करने लगे. स्थानीय लोगों ने कहा कि नर्सिंग होम में किसी प्रकार की सुविधा नहीं होने के बावजूद भी महिला को भर्ती कराया गया. साथ ही जिस डॉक्टर ने महिला का प्रसव कराया वह स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं है. इससे साफ पता चलता है कि डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरती गई है. वहीं घटना की सूचना मिलने पर चक्रधरपुर के एसडीपीओ दिलीप खलको और अन्य पदाधिकारी व जवान मौके पर पहुंचे. पुलिस मामले की जांच कर रही है. सर्जन डॉक्टर प्रदीप्ता माझी मनोहरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अनुबंध पर पदस्थापित है. लेकिन उनकी प्रतिनियुक्ति चाईबासा में है. वे चक्रधरपुर के मां नर्सिंग होम में प्राइवेट रुप से भी मरीजों का इलाज करते हैं. इसे लेकर भी स्थानीय लोगों ने रोष जताया. स्थानीय लोगों का कहना था कि चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल से सांठ गांठ कर प्रसव पीड़िता को मां नर्सिंग होम या अन्य प्राइवेट नर्सिंग होम में भेजा जाता है. साथ ही इन नर्सिंग होम में कार्यरत नर्स भी बेहतर तरीके से प्रशिक्षित नहीं है.

### मृतका के पिता ने कराया मामला दर्ज

घटना को लेकर मृतका के पिता मो. मुसिलम ने चक्रधरपुर थाना में मां नर्सिंग होम व डॉक्टर प्रदीप्तो माझी के खिलाफ मामला दर्ज कराया. दर्ज मामले में कहा गया है मां नर्सिंग होम में कार्यरत डॉक्टर प्रदीप्ता कुमार माझी ने रक्त लाने को कहा था, कहा गया कि पीड़िता के पेट में बच्चा मृत पड़ा हुआ है. उसका ऑपरेशन करना पड़ेगा. मेरा पुत्र जब रक्त लाने गया तो थोड़ी देर बाद डॉक्टर ने कहा कि सोफिया परवीन की मौत हो गई है. परिजनों ने कहा कि जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा और मां नर्सिंग होम को सील नहीं किया जाता है तब तक शव को नर्सिंग होम में ही रहने दिया जाएगा.

## अमन सिंह गैंग के शूटर बूचन सिंह को मिली बेल



**धनबाद।** अमन सिंह गैंग के शूटर बूचन सिंह उर्फ शूटर नितेश कुमार सिंह को जमानत मिल गयी है. इस मामले की सुनवाई धनबाद सिविल कोर्ट के अपर जिला न्यायाधीश 16 अखिलेश कुमार की कोर्ट में हुई. बूचन सिंह को एटीएस ने 3 अगस्त 2023 को गिरफ्तार किया था. उसपर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. धनबाद के कतरास थाना में बूचन के खिलाफ क्ढउ की धारा 387, 307, 427, 34 और एक्सप्लोसिव एक्ट की धारा 3 व 4 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी.

## बेरमो : कई योजनाओं का शिलान्यास

**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड की नारायणपुर पंचायत की मुखिया जयंती देवी ने 13 सितंबर बुधवार को कई योजनाओं का शिलान्यास किया. 15वें वित्त आयोग से नारायणपुर में 80 फीट गार्डवाल, लहिया के उपरेला में छठ तालाब में घाट का निर्माण और पारलहिया के अंबेडकर टोला में रास्ते पर पेवर ब्लॉक बिछाने के कार्य का शिलन्यास किया गया. मुखिया ने कहा कि उनके कार्यकाल में पंचायत का एक भी टोला विकास से वंचित नहीं रहेगा.

## उप प्रमुख-मुखिया ने स्कूलों में बांटे 675 बैग



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अलग अलग स्कूलों में उप प्रमुख सुरजी देवी और मुखिया रीता देवी ने स्कूल बैग और कीट का वितरण उत्क्रमित मध्य विद्यालय मधुबन एवं माधोपुर में किया। मौके पर प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की महत्व कांक्षी योजना कल्याण विभाग द्वारा दी जानी वाली स्कूली बैग और कीट का वितरण की गई है। साथ ही छात्र छात्राओं से कहा कि सभी नियमित रूप से स्कूल आएं। शिक्षा ही सबसे महत्वपूर्ण पूंजी है। उन्होंने बच्चों से कड़ी लगन व मेहनत से पढ़ाई करने और परिवार व स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि उतीम महतों, मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, प्राचार्य बाबूलाल यादव, सुखदेव हांसदा, रामचंद्र साव, राजेंद्र गुप्ता, दशरथ सिंह, राजेश साव समेत अन्य ग्रामीण थे।

## 15 को बरकट्ठा और चलकुशा में 17 को एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा और चलकुशा में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जायेगा। इस बाबत जिला स्वास्थ्य समिति हजारीबाग द्वारा पत्र के माध्यम से निर्देशित किया गया है। वही मेला आयोजन को लेकर बीपीएम रंजीत कुमार ने बताया कि एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में 15 को और चलकुशा में 17 सितंबर को की जाएगी जिसमें विधायक, पूर्व विधायक ,20 सूत्री अध्यक्ष ,जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को सादर आमंत्रित किया गया है। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन सुबह नौ बजे किया जायेगा।

## करियातपुर के युवक ने लगाया फांसी, मौत

**बरही ।** करियातपुर के 24 वर्षीय युवक साजन कुमार पिता सुरेश रजक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. अस्पताल सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार घटना बीते अर्द्धरात्रि की है. फांसी लगाए युवक को करीब एक बजे रात्रि अस्पताल लाया गया. जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. फांसी का मुख्य कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है. विदित हो कि युवाओं में आत्महत्या का मामला दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है. आए दिन ऐसी घटनाओं से दो चार होना पड़ रहा है. इस दिशा में स्वयं सेवी सस्थानो और बुद्धिजीवी वर्ग को आगे आकर इसकी रोकथाम हेतु जागरूकता चलाने की आवश्यकता है.

# तिसरी में आजसू का धरना तीसरे दिन जारी



**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय परिसर में आजसू पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना 13 सितंबर को भी जारी रहा. मालूम हो कि आजसू पार्टी पीडीएस कार्डधारियों को कम अनाज मिलने सहित सात सूत्री मांग को लेकर तीन दिन से धरना दे रही है. मौके पर आजसू नेताओं ने कहा कि कार्डधारियों को हर यूनिट में 2 किलो अनाज कम मिल रहा है. कहा कि राशन कार्ड में गरीबों के नाम जोड़ने में कोताही की जा रही है साथ ही गुमगी व सिंघो की जन वितरण दुकान एक ही घर में चलाए जा रहे हैं. खिजुरी के बिशुनपुर की डीलर ने दो माह से अनाज नहीं दिया है. जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा जब जबतक गरीबों को पांच किलो राशन नहीं मिलेगा, तबतक यह धरना जारी रहेगा.

### समझौता वार्ता करने पहुंचे बीडीओ

इधर, तिसरी के बीडीओ संतोष प्रजापति व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पवन कुमार ने धरनास्थल पर पहुंचकर कहा कि इन मांगों की हर बिंदु पर जांच कर कारवाई की जाएगी. एक महीने के अंदर सारे मामलों का निपटारा कर दिया जाएगा. आजसू नेता नारायण यादव ने कहा कि चावल कालाबाजारी आम बात हो गई है. कार्डधारियों को तीन किलो देकर पांच किलो पर अंगूठा लगवाया जा रहा है. धरना पर बैठे आजसू नेता ने कहा कि जबतक डीलर कार्डधारियों को प्रति यूनिट पांच किलो अनाज नहीं देगा तबतक यह अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा. खबर लिखे जाने तक धरना समापत नहीं हुआ है.

## पवन यादव हत्याकांड के आरोपी अमर ने कोर्ट में किया सरेंडर

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत बैकुंठनगर में पवन यादव हत्याकांड के मुख्य आरोपी अमर ठाकुर ने बुधवार को जमशेदपुर कोर्ट में सरेंडर कर दिया. अमर के साथ सब्बे ने भी सरेंडर कर दिया है. जानकारी देते हुए अधिवक्ता विद्या सिंह ने बताया कि बीते दिनों पवन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में अमर ठाकुर का नाम सामने आया था. वह घटना के बाद से ही फरार चल रहा था. बुधवार को उसने जेएम प्रथम श्रेणी उत्तम जैन के कोर्ट में सरेंडर कर दिया. अमर पर मानगो थाना समेत अन्य थानों में हत्या और आर्म्स एक्ट जैसे मामले दर्ज हैं.

# साइबर ठगों ने आंगनबाड़ी लाभार्थी को बनाया शिकार, खाते से उड़ाए रुपये

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** चाईबासा के टुंगरी बी आंगनबाड़ी केंद्र की एक लाभुक रानी मालो के खाते से साइबर ठगों ने 7200 रुपये की अवैध निकासी कर ली. पीड़िता ने बताया गया कि नवीन कुमार नामक एक युवक ने उसे फोन किया और सरकार द्वारा उनके खाते में पैसा भेजे जाने की बात कही. कहा कि पैसे प्राप्त करने के लिए उन्हें ऑनलाइन कुछ प्रक्रिया पूरी करनी होगी. इसके बाद साइबर ठग ने रानी के मोबाइल पर एक लिंक भेजा और इस पर क्लिक करते ही उसके खाते से पैसे की निकासी हो गई. इसके बाद रानी मालो ने आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका अनीता बिरुवा को फोन कर मामले की जानकारी दी. सेविका ने बताया कि यह साइबर ठगी है. सरकार द्वारा किसी तरह का लाभ अभी नहीं दिया जा रहा है, जो भी सरकार द्वारा लाभ मिलेगा उसकी जानकारी सबसे पहले आंगनबाड़ी केंद्र को मिलेगी. साइबर ठग 9234686940 नंबर से फोन कर अब तक आंगनबाड़ी के कई लोगों को ठगी का शिकार बनाने की कोशिश कर चुका है. इसके अलावा ठग सभी को भरोसे में लेने के लिए अपना व्हाट्सएप नंबर 8434625891 उपलब्ध करा है. लाभुकों को सरकारी योजना से मिलने वाली सहयोग राशि के नाम पर लाभुकों से बैंक डिटेल्स मांग रहा है. सेविका अनीता बिरुवा ने कहा कि इस पर पुलिस संज्ञान ले अन्यथा कई लाभुक को नुकसान हो सकता है. टुंगरी बी आंगनबाड़ी केंद्र के लगभग 10 लाभुकों के पास ठग फोन कर चुका है. इसमें हेलन देवगम, रिया झा, शुरू हांसदा, अलोचना पान के अलावा कई लाभुक शामिल है. इन सबों से फोन करके बैंक डिटेल्स मांगा गया है. हालांकि इन लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए अभी तक किसी तरह का बैंक डिटेल्स नहीं दिया है.

## चाकुलिया : हड़ताल के 11वें दिन भी सेविका व सहायिकाओं ने ब्लॉक ऑफिस पर दिया धरना



**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका और सहायिकाओं ने बुधवार को हड़ताल के 11वें दिन भी प्रखंड कार्यालय के पास धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया. हड़ताली सेविका और सहायिकाओं ने कहा कि बकाया मानदेय भुगतान करने, चावल, गैस सिलेंडर और सिलेंडर भरवाने की राशि उपलब्ध कराने, मोबाइल रिचार्ज करने की राशि देने, सभी को साइकिल देने और सेवा निवृत्ती का बेनिफिट देने समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं. जबतक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी हड़ताल जारी रहेगा. मौके पर पुष्पा महतो, सालगे मुर्मू, सुमी सोरेन, नमिता मल्लिक, सुधा महतो, भारती महतो, निलीमा महतो, तारा रानी सोरेन, रेणुका पाल, कमला महतो, संध्यारानी पैरा, कारमी टुडू, सुकांती बारिक, भानुमति महतो, अंजली घोष, शिवानी हांसदा, झरना रानी सिंह, आरती महतो समेत अन्य उपस्थित थीं. सेविका और सहायिकाओं की हड़ताल के कारण प्रखंड के 152 आंगनबाड़ी केंद्र बंद हैं और बच्चों की पढ़ाई बाधित है.

## चाकुलिया : 17 सितंबर से शुरू होगा 'चाकुलिया प्रीमियर लीग' क्रिकेट टूनार्मेंट

**जमशेदपुर।** चाकुलिया प्रखंड के केदारनाथ झुनझुनवाला उच्च विद्यालय मैदान में आगामी 17 सितंबर से ए एस स्पोर्ट्स के तत्वधान में ह्यचाकुलिया प्रीमियर लीगह्न क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू होगी. इसकी तैयारियां जोरों पर है. टूनार्मेंट में कुल सात टीम पैंथर्स, टाइगर, मैग्नम, द ब्लड, बुल्स, मोबीजोन बहरागोड़ा और गजराज भाग लेंगी. पैंथर टीम के मालिक बिमलेंदु प्रसाद और कप्तान आनंद सिंह, बुल्स टीम के मालिक रामजीत बास्के और कप्तान साइमन कुमार, टाइगर टीम के मालिक आलोक लोधा और कप्तान अंगद सिंह, मोबी जोन टीम के मालिक और कप्तान उत्पल सीट, गजराज टीम के मालिक राजेश सिंह और कप्तान रोहित महतो, मैग्नम टीम के मालिक सुमित लोधा और कप्तान सौरभ गांगुली और द ब्लड टीम के मालिक राज मिश्रा और कप्तान बंटी दास है. प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच पैंथर्स और टाइगर्स के बीच सुबह 10 बजे से खेला जाएगा. इस प्रतियोगिता के विजेता टीम को 25 हजार नकद और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 20 हजार नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा.

# एनआईटी के छात्र छिनतई के मामले में चार गिरफ्तार, सामान बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**जमशेदपुर।** एनआईटी में अध्ययनरत धनबाद के छात्र विकास कुमार महतो से 12 सितंबर की रात चार युवकों ने चाकू का भय दिखाकर मोबाइल व पैसे की छिनतई कर ली थी. इस घटना का 24 घंटे के अंदर आरआईटी पुलिस ने खुलासा करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बनतानगर निवासी अविनाश मुखी, नितेश गोप उर्फ करिंग, वासुदेव गिरी और सोनू कुमार गौड़ शामिल है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो चाकू और लूटे गए समान बरामद कर लिया है. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सागरलाल महथा ने बताया कि छिनतई के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. पीड़ित छात्र ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. पुलिस ने पहले अविनाश और नितेश को गिरफ्तार किया जिसके बाद अन्य आरोपियों को पकड़ा गया. बता दें कि इच्छापुर रेल लाइन के पास से आरोपियों ने विकास कुमार महतो से मारपीट कर छिनतई कर ली थी.

## फॉल में डूबे रांची के युवक का शव बंदगांव कोमरोड़ा नदी में मिला

**चाईबासा।** खूंटी के पेरवा घाघ फॉल में डूबे रांची के युवक का शव बंदगांव की कमरोड़ा नदी में मिला. बताया जाता है कि बुधवार को कुछ ग्रामीण जब मछली पकड़ने के लिए कमरोड़ा नदी गये तो नदी में शव को देखा, नदी में शव मिलने की सूचना आसपास गांव में फैल गई. वहीं इसकी सूचना बंदगांव पुलिस को दी गई. सूचना मिलने के बाद बंदगांव पुलिस के अधिकारियों व जवानों ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया .पुलिस की जांच पड़ताल में शव की पहचान रांची के चुटिया निवासी सौरभ सिंह के रुप में किया गया. मृतक युवक की पहचान राजधानी रांची के चुटिया निवासी सौरभ सिंह के रुप में हुई. वह नामकुम के ऑर्बिट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का एक कर्मी था. बताया जाता है कि नौ सितंबर शनिवार को युवक अपने कई दोस्तों के साथ खूंटी के पेरवाघाघ फॉल में पिकनिक मनाने के लिए गया था.

## डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स में प्रिंसिपल मीट आयोजित




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, राँची ने 13 सितंबर, 2023 को कैराली स्कूल, धुरवा, राँची में एक महत्वपूर्ण प्रिंसिपल मीट का आयोजन किया। इस मीटिंग की अध्यक्षता डॉ. राम सिंह, डीपीएस के प्राचार्य और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची के अध्यक्ष द्वारा की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन में डॉ. एस. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची के 50 से अधिक सदस्य स्कूलों के प्राचार्यों, प्रशासकों, शिक्षाविदों की भागीदारी रही। इस अवसर पर डॉ राम सिंह ने कहा, श्यह मीटिंग डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, रांची के प्रति समर्पित है, जो अपने छात्रों का सर्वांगीण विकास करने के लिए हमेशा अग्रसर है।डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स रांची डिस्ट्रिक्ट के विद्यार्थिओं की मदद के लिए एक काउंसलिंग हेल्पलाइन की शुरूआत कर रहा है। इस हेल्पलाइन को डॉ आदित्य कुमार झा - प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा की मदद से चलाया जायेगा। इससे पेरेंट्स अपने बच्चों में किसी भी प्रकार का तनाव या अस्वाभाविक बदलाव देखने पर ङ्ग४ल्लरी’’ङ्ग१ की मदद ले सकते। सभी स्कूल्स में साइबर क्लब की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को साइबर बुलइंग व फ्रॉड से बचाने के लिए ट्रेन किया जायेगा। इस क्लब के मार्गदर्शन के लिए डॉ राजेश पिल्लई प्राचार्य कैराली स्कूल को मनोनीत किया गया। डॉ पिल्लई सभी स्कूलों को इस विषय पर आने वाली किसी भी समस्या का समाधान करेंगे। डॉ मनोहर लाल पूर्व प्राचार्य गुरु नानक स्कूल को विभिन्न ओलिंपियाड के लिए मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ एस राधाकृष्णन सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स के सचिव पी एस कालरा ने सभी अध्यापकों व प्राचार्यों की ट्रेनिंग्स की बारे सभी को अवगत कराया व आगामी गतिविधिओं की जानकारी दी। श्रीमती नीता पांडेय - प्राचार्य कैंब्रियन स्कूल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में श्री सुधीर तिवारी, श्री सत्यप्रकाश, श्री अभय कुमार , डॉ सुमित कौर, श्रीमती नीता पांडेय,, श्री रवि प्रकाश, डॉ किरण दिवेदी व डॉ मनोहर लाल की विशेष उपस्थिति रही।

**सतर्क रहें**

## गिरिडीह सदर अस्पताल में बढ़ी वायरल बुखार पीड़ितों की संख्या

# स्वच्छता और सावधान रहने की जरूरत : डॉ. रवि महर्षि




नवीन मेल संवाददाता

**गिरिडीह।** बदलते मौसम के साथ ही लोग वायरल फीवर की चपेट में आने लगे हैं. शहर से लेकर गांव तक यही स्थिति है. सदर अस्पताल सहित पीएचसी, एपीएचसी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं. सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि महर्षि की मानें तो ओपीडी में पहुंचने वाले 60 प्रतिशत मरीज वायरल फीवर से पीड़ित हैं. पूर्व में कोरोना की मार झेल चुके लोग सहमे हुए हैं, पर चिकित्सक का कहना है कि सामान्य खांसी बुखार को लेकर कोरोना का भ्रम ना पालें. मौसमी बदलाव के कारण यह वायरल बुखार हो रहा है. इसमें घबराने की नहीं, सावधान रहने की जरूरत है. वायरल सर्दी, खांसी, बुखार इन दिनों कहर बरपा रहा है. अस्पताल में इन बीमारियों से पीड़ितों से भरे पड़े हैं. सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों की ओपीडी में बड़ी संख्या में सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित लोग पहुंच रहे हैं. चिकित्सक की मानें तो वायरल बुखार पूर्व से ज्यादा घातक हो गया है. पूर्व में यह 2 से 3 दिन में ठीक हो जाता था, पर अभी मरीज के ठीक होने में 10 से 12 दिन का समय लग जा रहा है. सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रवि महर्षि ने कहा कि अभी ओपीडी में आने वाले मरीजों में 60 प्रतिशत वायरल फीवर से ग्रसित हैं. मौसम में बदलाव से पीने का पानी दूषित हो जाता है, इससे कई बीमारियां पनपती हैं. यह बीमारियां गंदे पानी में रहने वाले छोटे-छोटे जीवाणुओं के कारण होती है, जो गंदे पानी के साथ शरीर में प्रवेश कर जाती है. इसलिए घर में कोई वायरल फीवर से पीड़ित हो तो बच्चों को इसके संपर्क में न आने दें. उन्होंने कहा कि पौष्टिक खानपान, पानी का खूब इस्तेमाल व मच्छरदानी का उपयोग करें, जबकि हरी पत्तेदार सब्जी ना खाएं, चापाकल-बोरिंग का पानी सीधे उपयोग ना करें, इसे उबालकर पिए. मलेरिया और डेंगू से बचाव को लेकर गिरिडीह में स्वास्थ्य महकमा फिलहाल सर्वे का काम करा रही है. सिविल सर्जन डॉक्टर एसपी मिश्रा की मानें तो सर्वे के काम में 121 एमपीडब्ल्यू लगे हुए हैं. अब तक 500 से अधिक घरों का सर्वे कर लिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को जिला स्तरीय ट्रेनिंग हुई थी. मलेरिया व डेंगू को लेकर की जाने वाले छिड़काव जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही शुरू की जानी चाहिए, पर अभी यह सारे काम किया जा रहे हैं. इससे विभागीय गंभीरता समझी जा सकती है. सदर अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी है. यहां 33 की जगह मात्र 6 चिकित्सक कार्यरत हैं. सिविल सर्जन की मानें तो कम संसाधन में ही बेहतर करने की कोशिश की जा रही है. जांच की यहां बेहतर सुविधा उपलब्ध है. एसआरएल नाम की कंपनी कम कीमत पर सभी प्रकार की जांच कर रही है. साथ ही सदर अस्पताल की अपनी जांच व्यवस्था है.

# सदर विधायक ने कटकमदाग में एक करोड़ की विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

## सिरसी में 48 लाख से चकाचक होगी सड़क, पुंदरी में 55 लाख से बनेगा स्वास्थ्य केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग में एक करोड़ की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी. वहीं प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का सघन दौरा किया और स्थानीय लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए. इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के सिरसी और पुंदरी में विकास योजनाओं की आधारशिला रखी. सिरसी में रेलवे ओवरब्रिज से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमदाग तक ग्रामीण विकास विभाग से करीब 48 लाख की लागत से पथ निर्माण कार्य कराया जाएगा. वहीं बेस पंचायत के पुंदरी में में करीब 55 लाख की लागत से यहां स्वास्थ्य उपकेंद्र के उन्नयन कार्य होगा. बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण और नारियल फोड़कर विकास योजनाओं का शिलान्यास किया.

### चहुंमुखी विकास पर जोर : विधायक

मौके पर उन्होंने कहा कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए वह संकल्पित हैं और इसी ध्येय के साथ लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है. साथ ही आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कटकमदाग प्रखंड के सिरसी में आवासीय बालिका विद्यालय का निर्माण हुआ. लेकिन उसके लिंक रोड की स्थिति वर्षांत में भयावह हो जाती थी. लेकिन अब सड़क निर्माण होने से बच्चियों और उनके परिजनों के साथ आमजनों को बड़ी राहत होगी. वहीं सुदूरवर्ती बेस पंचायत के पुंदरी में एक उन्नत और आधुनिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता आएगी और लोग स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होंगे. यहां स्वस्थ उप केंद्र को अपग्रेड करते हुए डबल स्टोरी बिल्डिंग, डे केयर, लैब कम स्टोर, क्लीनिक, जांच घर, रिकॉर्ड रूम, वेलनेस रूम, मेल झ फीमेल टॉयलेट का निर्माण किया जाना है. मौके पर विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, बेस मुखिया दीपक यादव, सिरसी क्षेत्र के वार्ड पार्षद बादशाह पासवान, मिथलेश साव, संजय राणा, बाली पासवान, सुरेंद्र प्रसाद, बेस पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र राणा, जगन्नाथ साव, राजेंद्र यादव, चंदन कुमार,ओमप्रकाश राणा, गुलशन राम, ड्याली राम,बुधन राम,बदल राम,जीतन राम, छोटका राम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय वार्डन नूतन कुमारी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी आदि लोग मौजूद थे.

## मंत्री अन्नपूर्णा देवी व विधायक ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक अमित कुमार यादव ने प्रखंड क्षेत्र में दो विकास कार्यों का शिलान्यास किया ।इसके तहत बरकनगांगो से तुर्कबाद केन्दुआ होते हुए पैसरा तक एंव बरकट्ठा एन एच 2से चेचकप्पी होते हुए रोसा तक रोड का विशेष मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया। दोनों योजना पीएमजीएसवाई मद से बनना है। विशेष मरम्मती कल सिद्धार्थ कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराया जाएगा। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मैं अपने लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का जाल बिछाने का काम कर रही हूॅ। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों देश सुरक्षित व उन्नति के पथ पर अग्रसर है। आज भारत का डंका विदेशी धरती पर भी बज रहा है। बरकट्ठा के सुदूरवर्ती इलाकों में सड़कों का जाल बिछाने का प्रयास कर रही हूं। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पुरे विधानसभा में विकास कि गंगा बह रही है। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य कुमकुम देवी मुखिया फुलवंती देवी ,सुमन देवी,रीता देवी पंसस अनिता देवी,सुर्यमुनी देवी भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र भाई मोदी, जेई रतनेश कुमार, पुर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, रामलखन मेहता, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक,भोला प्रसाद, नन्हकू सिंह अनिल आजाद, रीतलाल प्रसाद, इन्द्र देव यादव, रामचंद्र , त्रिवेणी यादव , बिरेंद्र मेहता, डेगलाल साव उमेश यादव समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की डीसी ने की समीक्षा, बोले

# रामगढ़ : पीडीएस डीलर की मिली शिकायत तो रद्द होगा लाइसेंस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने, डीलर द्वारा निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में राशन देने, बायोमेट्रिक प्रणाली का गलत इस्तेमाल करने सहित अन्य मामलों पर जांच कर तत्काल रूप से डीलर का लाइसेंस रद्द करने तथा कानूनी कार्यवाई करने का निर्देश दिया। नए लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ देने के मद्देनजर उपायुक्त ने प्रखंडवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को वर्तमान रिक्तियों के अनुसार सभी लाभुकों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी योग्य लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ मिले इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि अयोग्य राशन कार्ड धारी का नाम राशन कार्ड सूची से हटाया जाए। इसके लिए उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को अयोग्य राशन कार्ड धारियों को स्वतः राशन कार्ड सरेंडर करने अथवा जांच में सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाने की जानकारी देने हेतु अभियान चलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जांच में अगर यह सामने आता है कि किसी व्यक्ति ने अयोग्य होते हुए भी राशन कार्ड के माध्यम से राशन का उठाव किया है तो संबंधित पर आपराधिक कार्रवाई के साथ-साथ लिए गए राशन की तिथि से बाजार दर की राशि 12% ब्याज के साथ वसूली की जाएगी। पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ससमय लाभुकों को उनके घरों तक राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने सितंबर माह के अंत तक अभियान मोड में कार्य कर सभी राशन कार्ड धारियों का राशन कार्ड आधार कार्ड से लिंक करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा की राशन कार्ड की रिक्तियों में वृद्धि हेतु उपायुक्त ने वृहद रूप से सर्वे करने एवं वैसे व्यक्तियों जिनकी वर्तमान में मृत्यु हो गई है अथवा लंबे समय से वे क्षेत्र में निवास नहीं कर रहे हैं उनका नाम राशन कार्ड से हटाने हेतु कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने मृत्यु प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य दस्तावेजों के उपयोग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं जिले में संचालित दाल भात केंद्रों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में प्रति सप्ताह किसी एक दाल भात केंद्र का औचक रूप से निरीक्षण करने केंद्र पर साफ सफाई का जायजा लेने, प्रतिदिन दाल भात केंद्र के माध्यम से लाभ ले रहे लाभुकों की जांच करने तथा लाभुकों से संबंधित पंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित कराने आदि केके संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## बिरहोर टोला में चला विशेष मतदाता जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** स्वीप योजना के तहत बरीयट्ठा विरहोर टोला में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया गया. अभियान में बीडीओ सी आर इंदीवर स्वयं मौजूद थी. वही प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सावना मांझी ने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार विशेष कैंप के माध्यम से18 वर्ष पूरा करने वाले युवा मतदाताओ का पंजीकरण किया गया. उन्होने बताया कि मतदाता सूची में किसी भीं प्रकार की गड़बड़ी हो तो बीएलओ या प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर उसे सुधरवाए. इसके लिए बीएलओ के द्वारा घर घर घूमकर मतदाता सूची सुधारने का काम किया गया है. जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को बरियट्ठा विरहोर कॉलोनी में लगाए गए जागरूकता कैंप में कुल 8 नए मतदाताओं का पंजीकरण और 26 जन्म प्रमाण पत्र के फॉर्म भरवाए गए है. स्पेशल कैंप का आयोजन बिरहोर टोला बारियट्ठा में किया गया है जिसमें स्वीप एक्टिविटी किया गया एवं कुल 8 बिरहोर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत किया गया।

## बरकट्ठा में जन जागरण अभियान के तहत पंचायत स्तरीय बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गयपहाड़ी पंचायत भवन के प्रांगण में बुधवार को क्षेत्र भर में भयंकर सुखाड़ को लेकर किसान हल्ला बोल आंदोलन के निमित जन जागरण अभियान के तहत पंचायत स्तरीय बैठक पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में की गयी ।बैठक में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए ।वहीं अध्यक्षता पूर्व पंसस महेंद्र प्रसाद व संचालन समाजसेवी उपेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड प्रदेश में रिकॉर्ड तोड़ अकाल दर्ज की जा रही है। वर्षा नहीं होने के कारण पानी के अभाव में नदी,नाले, कुंआ और तालाब सभी सुख गए हैं। यह क्षेत्र कृषि पर निर्भर क्षेत्र हैं। भदई फसल, मडुआ, मकई, कोदो, गोंदली, घंघरी, बरई आदि निकला ही नहीं। भयंकर अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जो पूंजी किसानों के पास थी वह पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। यादव ने कहा कि इसी को लेकर आज प्रखंड के गयपहाडी पंचायत भवन में बैठक की गयी है। इसके बाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में इस प्रकार की बैठक की जायेगी और विधानसभा क्षेत्र को आकाल क्षेत्र घोषित करने सहित पिछले साल का सूखाड़ का बकाया राशि का भुगतान करने, फसल बीमा का बकाया राशि का भुगतान करने, कृषि पर आधारित सिंचाई जैसे चेक डैम का निर्माण, तालाब का निर्माण, कुंआ अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने, पलायन को रोकने, लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, डिग्री कॉलेज नावाडीह बरकट्ठा, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज गोहाल, जयनगर कोडरमा, कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय चलकुशा में पठन-पाठन शीघ्र शुरू कराने सहित चौदह सूत्री मांगों को झारखंड सरकार से हल्ला बोल आंदोलन के माध्यम से पूर्ण कराया जाएगा।

## दसवीं लगोरी नेशनल चैंपियनशिप में दो छात्राओं ने परचम लहराया




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के दो बच्चों ने दसवीं लगोरी नेशनल चैंपियनशिप में अपना परचम लहराया। हरियाणा के रेवाड़ी मे आयोजित तीन दिवसीय दसवीं लगोरी चैंपियनशिप में झारखंड की टीम तृतीय स्थान पर रही। डिवाइन पब्लिक स्कूल से बालिका वर्ग में स्वेक्षा रॉय और बालक वर्ग से सागर कुमार ने झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया। वहीं बालिका वर्ग ने झारखंड को तीसरा स्थान भी दिलवाया। डिवाइन पब्लिक स्कूल के दोनो बच्चों ने गोवा में आयोजित होने वाले 37 वे नेशनल गेम्स के लिए क्वालीफाई किया है जोकि पूरे छेत्र के लिए गौरव की बात है। विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने कहा की लगोरी भारत का विरासती खेल है। यह खेल त्रेता में भी भगवान श्री कृष्ण के द्वारा खेला जाता था। मौके पर मौजूद विद्यालय की प्राचार्या स्वाती रंजन ने कहा, छात्र छात्राएं खेल मे पढ़ाई के साथ साथ अपना भविष्य बना सकते है।

## अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य मेला कल

**बरही ।** अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा. जिसमे विभिन्न स्टॉल लगाकर मरीजों का जांच और इलाज किया जायेगा. जानकारी देते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि मेले को सफल बनाने को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में पूरी तैयारियां की जा चुकी है. सभी चिकित्सको और स्वास्थ्यकर्मियों सहित अस्पताल कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके है. इसके साथ ही आम लोगो की जानकारी के लिए वाहन से प्रचार प्रसार भी किए जा रहे है. मेला पूर्वाह्न दस बजे से प्रारंभ होगा. उन्होंने आम लोगों से स्वास्थ्य मिला का लाभ लेने की अपील की है.

### बरसोत आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक आमसभा संपन्न

# मातृशक्ति का करे सम्मान : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** करियातपुर के पुराने स्कूल भवन में बरसोत आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति का वार्षिक आमसभा संपन्न हुआ. जिसमे बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव शामिल हुए. जिनका उपस्थित महिला दीदीओ ने जोरदार स्वागत किया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि सहित उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नही है. शासन प्रशासन से लेकर खेल कूद और विज्ञान आदि क्षेत्रों में महिलाओ ने इतिहास रचा है. उन्होंने सभी मातृशक्तियो को जागृत करते हुए उनके अंदर की छिपी हुई प्रतिभा और आत्मबल को जगाने का काम किया. उन्होंने कहा कि राष्ट्रनिर्माण में महिलाओ की महती भूमिका है. वार्षिक आम सभा में करियातपुर, धनवार, बरसोत, दुलमहा, रानीचुंआ पंचायत की आजिविकी महिला मंडल की दीदीयां शामिल हुई थी. कार्यक्रम के दौरान महिलाओ ने वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया. साथ ही अपने द्वारा किए जानेवाले कार्यों को विस्तार से बताने का काम किया. मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि मो वारिस, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बीपीएम दीपक कुमार, राजू पांडेय, आईपीआरसी संजू कुमारी, ममता कुमारी, राजकुमार दास, बैंक सखी राखी कुमारी, उषा देवी, अकाउंटेंट ममता कुमारी, पूर्व अध्यक्ष रंजना देवी, बैंक कॉरस्पोंडेंस मालती प्रसाद, रिंकू कुमारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे.

**स्वच्छता अभियान** | एनएसएस कार्यकर्ताओं ने डेंगू के प्रति लोगों को किया जागरूक

# 'सफाई दुरुस्त, तो स्वास्थ्य तंदुरुस्त'

### गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की पहल




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण मुकुंदगंज, हजारीबाग की एनएसएस इकाई के कार्यकर्ताओं की ओर से दूसरे दिन बुधवार को झील कैंपस में स्वच्छता अभियान चलाया गया. इस दौरान सड़क किनारे बारिश के जमे पानी को हटा कर ब्लीचिंग का छिड़काव किया गया. झील कैंपस और आसपास फैले कूड़े-कचरे को भी हटाया गया. इसके साथ ही सफाई दुरुस्त, तो स्वास्थ्य तंदुरुस्त का नारा बुलंद किया गया. महाविद्यालय के एनएसएस को-ऑर्डिनेटर एसएस मैती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने झील परिसर में रैली निकाल कर शहरवासियों को डेंगू के बढ़ते प्रकोप के प्रति जागरूक और सचेत किया गया. एनएसएस कार्यकर्ताओं ने भ्रमण कर लोगों को डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया आदि से बचाव की जानकारी दी. उन्हें उबला पानी पीने, ताजा भोजन करने, मच्छरदानी का इस्तेमाल करने, जलजमाव नहीं करने आदि की सलाह दी गई.

### डेंगू से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी

इस अवसर पर एसएस मैती ने कहा कि जिले में डेंगू के मरीज बढ़ रहे हैं. इसके मच्छर दिन में ही काटते हैं. खास कर जलजमाव वाले जगहों पर डेंगू के मच्छर बैठते हैं. ऐसे में जरूरी है कि कहीं भी जलजमाव नहीं होने दें. पीने वाले पानी के बर्तन भी ढक कर रखें. उन्होंने कहा कि घरों में दिन में भी मच्छरदानी का इस्तेमाल करें. डेंगू के मच्छरों से सचेत होकर ही बचा जा सकता है. डेंगू के लक्षण बुखार, शरीर और जोड़ों में दर्द, जी मिचलाने आदि प्रतीत होने पर तुरंत नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय परामर्श लें. मौके पर सहायक प्राध्यापक दीपमाला, गुलशन कुमार, रचना कुमारी के साथ एनएसएस के दर्जनों कार्यकताओं ने साफ-सफाई में अपना योगदान दिया.

### शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की पुण्यतिथि विधायक, डीसी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि

# सिमडेगा में याद किए गए शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** हलवई नदी के सामने स्थित शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की पुण्यतिथि मनाई गई। भूतपूर्व सैनिक संगठन वेटरन्स इंडिया जिला कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और उपयुक्त अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर विधायक, डीसी सहित एसडीओ महेंद्र कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सीओ सह बीडीओ प्रताप मिंज ने शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उनके बीरता को याद किया गया। साथ ही शहीद के पिता करलुस किड़ो को भी सम्मानित किया गया। वहीं करलुस को पेंशन बनवाने में ही रही समस्याओं का भी निदान करने का आश्वासन विधायक व डीसी ने दिया। मौके पर विधायक ने कहा कि शहीद जॉन ब्रिटो किड़ो की बीरता हमें गौरवांवित करता है। इन्होंने नौकरी के महज तीन साल में ही अपनी अदम्य साहस, बहादुरी और बीरता का प्रदर्शन किया। देश की आन, बान व शान के लिए अपनी शहादत दी। इनके गांव तक सड़क काफी जर्जर हुआ करता था। अब गांव तक कालीकरण पथ का निर्माण हो चुका है। जब शहीद की मां जब अस्पताल में भर्ती थी तब सरकार से मिलकर उनके इलाज हेतु लगभग दस लाख रुपये की मदद दिलाई गई थी। आज करलुस को पेंशन नहीं मिल रहा है। इसका भी जल्द समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी धरती वीरों की धरती रही है। देश की रक्षा के लिए हमारे वीर जवानों ने सेना में नौकरी करते हुए उम्दा प्रदर्शन किया है। हमारे जिले के युवाओं की पहली पसंद आज भी सेना में ही नौकरी करने की रहती है। इससे साफ पता चलता कि हमारे जिले के युवाओं में मां भारती की रक्षा के लिए हमेशा पहले पायदान में खड़े रहना चाहते हैं। ऐसे वीर सैनिको को सम्मान देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वीर सैनिकों के कार्य को, उनकी समस्याओं का निदान कराने में पहली प्राथमिकता दी जाय। उन्होंने कहा कि वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिकों के सहयोग के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं रखेंगे। मौके वेटरन्स इंडिया के जिलाध्यक्ष बिष्णु महतो सहित सभी सदस्य व अन्य उपस्थित थे। डीसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन सैनिकों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर हैं एवं उनकी हर समस्या के निदान में किसी प्रकार की कमी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि देश के लिए शहादत देने वालों को समाज कभी नहीं भूल सकता एवं उनका हर स्तर पर सदैव नाम उच्च रहता है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं को विश्वास दिलाया कि प्रशासन उनके मदद के लिए हर समय खड़ा है। समाज में सैनिकों एवं वीरांगनाओं का सदैव सम्मान रहता है एवं हमारा दायित्व है कि उनके कल्याण के लिए सदैव अग्रणीय रहे एवं उनका हर संभव सहयोग करें।

## चार दिवसीय श्री भादी अमावस्या महोत्सव, मंगल पाठ का आयोजन



**कोडरमा।** चार दिवसीय श्री राणीसती दादी जी का भादी अमावस्या महोत्सव चल रहा है. महोत्सव के दूसरे दिन शहर के महाराणा प्रताप चौक स्थित श्री राणी सती मंदिर में सस्वर मंगल पाठ का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया. मंगलपाठ दीपक वर्मा एवं प्रीति वर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया गया. मंगलपाठ करने आई महिलाये राजस्थानी वेशभूषा में नजर आयीं. वहीं सभी लडके पीला रंग के कुर्ते में दिखे. 14 सितंबर को संध्या सात बजे से दादी जी का अलौकिक श्रृंगार के साथ अखंड ज्योत के साथ सवा पांच घंटे का भजनों का कार्यक्रम होगा. इसमें दया शर्मा, कोलकाता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे. 15 सितम्बर को सुबह चार बजे से मंगला आरती के साथ पाटा पूजा व धोक पूजा का आयोजन होगा. इस दौरान खीर-पुड़ी का प्रसाद वितरण होगा. संध्या पांच बजे भक्तिमय कार्यक्रम एवं महाआरती के साथ महोत्सव का समापन होगा.

## कोडरमा : डीसी से मिले बीएड प्रशिक्षु, छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने की शिकायत की



**कोडरमा।** छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने की शिकायत को लेकर बुधवार को सैकड़ो बीएड प्रशिक्षु उपायुक्त कार्यालय पहुंचे. बीएड प्रशिक्षुओं ने बताया कि सत्र 21-22 से ही छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिल रही है. इसके कारण हमलोगों की पढ़ाई में काफी परेशानी हो रही है. इस बाबत बीएड प्रशिक्षुओं ने बताया कि अगस्त महीने में भी अधिकारियों से हमलोगों ने गुहार लगाया थी, जिसके बाद हमलोगों को फंड नहीं होने का हवाला दिया गया. जब हमलोगों ने राजधानी रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में पता लगाया तो जानकारी मिली कि कोडरमा से छात्रवृत्ति के लिए डिमांड ही नहीं की गई है. बहरहाल कल्याण विभाग की लापरवाही को लेकर अलग-अलग कॉलेज के बीएड प्रशिक्षु समाहरणालय पहुंचे और उपायुक्त से छात्रवृत्ति की राशि निर्गत करने की गुहार लगाई. इसे लेकर इन प्रशिक्षुओं ने लिखित आवेदन भी दिया. प्रशिक्षुओं ने बताया कि कल्याण विभाग की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है, जबकि राज्य के दूसरे जिलों में छात्रवृत्ति की राशि निर्गत की जा चुकी है. छात्रवृत्ति की राशि के लिए वे लोग कार्यालय में भटक रहे हैं और अब तक आश्वासन के सिवा हमलोगों को कुछ भी नहीं मिला है.

## बीजेपी ने चलाया 'मेरी माटी मेरा देश अभियान'



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद के नेतृत्व में चल रहे देशव्यापी कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अभियान एवं आगामी कार्यक्रम 21 सितम्बर को राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी के संकल्प यात्रा के निमित्त सलडेगा बूथ नम्बर 155 में बैठक कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में नगर मंडल से नगर वासी शामिल होंगे। इसके लिए योजना बनाई गई मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष मेरा माटी मेरा देश के जिला संयोजक संजय ठाकुर ने कहा कि 25 से 28 सितम्बर तक राज्य के सभी 263 ब्लॉक से आए अमृत कलश को प्रदेश मुख्यालय में सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित कर दिल्ली भेजना है। अमृत कलशों में लाई गई मिट्टी के कर्तव्य पथ शहीदों के सम्मान में बनने वाली अमृत वाटिका में समर्पित की जाएगी। इस अवशर पर प्रधानमंत्री देश के भर से आए स्वयंसेवक को संबोधित करेंगे जिला के सह सयोंजक प्रभारी रामविलास बड़ाईक ने कहा कि प्रत्येक गांव में हर घर से मिट्टी संग्रह के साथ प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका निर्माण,शहीदों के गांव एवं विद्यालय में शिला पलक लगवाना तथा गांव स्तर पर पंच प्रण की प्रतिज्ञा सामूहिक कराना जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। नगर मंडल प्रभारी तुलसी साहू ने कहा कि मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम नगर के सभी वार्डो पर चले साथ ही साथ संकल्प यात्रा में नगर मंडल की भागीदारी पूरे सिमडेगा विधानसभा में बढ़-चढ़ कर हो इसके लिए नगर वासियों को आमंत्रण करें और बाबूलाल जी का संकल्प यात्रा ऐतिहासिक हो इसकी योजना बनाई गई। नगर मंडल में संकल्प यात्रा को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है शिशु मंदिर स्कूल में प्रधानाध्यापक राजेन्द्र साहू के अगुवाई में मिट्टी संग्रह के साथ शिला पलक लगाया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा, कार्यक्रम नगर मंडल सयोंजक संजय शर्मा, कार्यक्रम सह संयोजक रामकृष्ण महतो, दिनेश प्रसाद, अनिरुद्ध सिंह, जिला मीडिया प्रभारी कृष्णा ठाकुर, जिला मंत्री शकुंतला देवी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सावित्री देवी, हँसारानी, कमला कुमारी, पुष्पा देवी,जयंती देवी, सानया देवी के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोलबा प्रखंड के सराइजोर गांव में दो घरों को जंगली हाथियों ने उजाड़ा

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के पीडियापोंछ पंचायत अंतर्गत सराइजोर गाँव में बीती रात दो घरों को जंगली हाथियों ने उजाड़ा और खाया अन्नाज । ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात सराइजोर गाँव में दो घरों को जंगली हाथियों ने उजाड़ दिया । जिसमे अजित कुल्लू एवं जुगो देवी के घर को उजाड़ दिया दिया । इसके साथ ही घर में रखे सारे अन्नाज खा गया एवं उपयोगी सामानों को भी बर्बाद कर दिया । ग्रामीणों ने बताया कि 15 अगस्त के बाद से अब तक 26 घरों को जंगली हाथियों ने उजाड़ा है । वन विभाग की ओर से हाथियो को भगाने के लिए कोई ठोस पहल नही किया गया । वहीं जनप्रतिनिधियों ने चुनाव के समय हाथी भगाने के साथ ही कई बड़े बड़े वादे करके चले गए । किंतु हाथियो को भगाने के लिए किसी ने कोई प्रयास नही किया । ग्रामीणों ने तत्काल राहत के लिए हाथी का सामग्री उपलब्ध कराने की मांग किया है । इसके साथ ही नुकसान का पर्याप्त मुआवजा का भी माँग किया है ।

## सेंट जेवियर कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

**सिमडेगा।** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा के वाणिज्य विभाग सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।विदाई समारोह में वाणिज्य विभाग के सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों भव्य तरीके से स्वागत किया और उन्हें विदाई दिया। वही वाणिज्य विभाग के सभी शिक्षकों के द्वारा सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की सेमेस्टर 2 और सेमेस्टर 4 के विद्यार्थियों के द्वारा सेमेस्टर 6 के विद्यार्थियों के लिए कुछ खेल और नृत्य का प्रोग्राम का आयोजन करते हुए उन्हें विदाई दिया वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ गौरव श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदाई दिया और उन्होंने कहा कि वाणिज्य विभाग के सेमेस्टर 6 के बच्चों ने इस कॉलेज का बहुत मान सम्मान बढ़ाया है साथ ही सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दिया गया।

## वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन

**सिमडेगा।** संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ गौरव श्रीवास्तव के द्वारा शुरू किए गए लर्निंग बाय डूइंग कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर रांची से आए सुनील कुमार ने बचत, निवेश जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विद्यार्थियों के सामने महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सुनील कुमार रजिस्टर्ड म्युचुअल फंड वितरक है।उन्होंने कहा कि 21 से 25 साल निवेश की शुरूआत करने का सबसे सही समय होता है, छात्रों को उन्होंने बचत, म्युचुअल फंड और एस आई पी के बारे में विस्तृत जानकारी दी।मंच संचालन वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ गौरव श्रीवास्तव ने किया साथ ही मुख्य वक्ता का स्वागत कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर फादर एफरेम बा ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन फादर ब्रूनो टोप्पो ने किया।इस कार्यक्रम में लगभग 200 की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

## जिप सदस्य ने रुकवाया काम

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर में निमार्णाधीन साइकिल स्टैंड पर पर पूराना ईंट उपयोग किये जाने पर जिला परिषद ने लगाया कार्य पर रोक लगा दिया। पुराना ईंट सोलिंग में उपयोग करते देख जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने कार्य को रोकते हुए नया ईंट उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा 50 साल पहले भवन जिसे गिरा दिया गया है उसका ईंट का इस योजना में उपयोग करना गलत है। मौके पर लाभुक समिति से योजना का स्टेमिट मांगा गया परन्तु मौके पर उपलब्ध नही हो सका उन्होंने कहां की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को कुछ लोगों के द्वारा बंदरबांट करने का प्रयास किया जाता है जो कि बर्दाश्त नहीं होगी।

## सदर अस्पताल में आयुष्मान भवः के तहत सेवा पखवाड़ा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा के सभागार में राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुए आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की विधिवत्त शुरूआत हुई। कार्यक्रम सर्वप्रथम प्रोजेक्टर के माध्यम से देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के द्वारा आयुष्मान भवः पोर्टल एवं इस अभियान की शुरूआत का लाइव प्रसारण देखा गया जिसके बाद सिमडेगा उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ खरिस्तानन्द खाखा उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए सिमडेगा में इसकी शुरूआत की। मौके पर संबोधित करते हुए विकास आयुक्त ने बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुई है जिसका उद्देश्य आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को अधिक से अधिक इस योजना के तहत लाभ देकर उन्हें निरोग बनाना है। सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो ने संबोधित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत ?500000 का रोगियों का उपचार निशुल्क रूप से किया जाता है जिसका लाभ सिमडेगा जिले में सभी राशन कार्ड धारी को मिल रहा है और आने वाले दिनों में पखवाड़ा के माध्यम से सरकार की इस योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। मौके पर सदर अस्पताल मैनेजर अलका कुल्लू डीपीएम प्रदीप कुमार डॉ निरुपमा भगत आयुष्मान भारत के दीपक कुमार लालजीत बड़ाईक, सहिया सहित सदर अस्पताल एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं उपस्थित रही।

## न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का नावाडीह-नवलशाही हॉल्ट पर ठहराव की मांग

### डीआरएम को ग्रामीणों ने दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** 12 सितंबर से गिरिडीह से रांची के लिए शुरू हुई न्यू गिरिडीह-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का नावाडीह स्टेशन व नवलशाही हॉल्ट पर ठहराव नहीं होने से क्षेत्र के लोगों मे नाराजगी है. मामले को लेकर ग्रामीणों ने डीआरएम को आवेदन देकर इंटरसिटी एक्सप्रेस के नावाडीह स्टेशन पर ठहराव की मांग की है. दिए आवेदन मे ग्रामीणों ने बताया है कि 12 सितंबर से न्यू गिरिडीह से कोडरमा होते हुए रांची तक के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरूआत की गयी है लेकिन प्रखंड के नावाडीह स्टेशन पर इसका ठहराव नहीं किया गया है. नावाडीह स्टेशन कोडरमा गिरिडीह रेलमार्ग पर सब से बड़ा स्टेशन है. इस क्षेत्र मे क्रेशर मंडी भी है. रेलवे को यहाँ से अच्छा खासा राजस्व भी प्राप्त होता है लेकिन उक्त स्टेशन पर इंटरसिटी का ठहराव नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है. ग्रामीणों ने इंटरसिटी ट्रेन का उक्त स्टेशन पर ठहराव की मांग की है. वहीं नवलशाही हॉल्ट पर भी इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव नहीं होने से क्षेत्रवासी ठगा महसूस कर रहे हैं. नवलशाही हाल्ट चारों ओर ग्रामीण क्षेत्र से घिरा हुआ है. लोगों ने नवलशाही हाल्ट पर इंटरसिटी ट्रेन की ठहराव की मांग की है. आवेदन मे सांसद प्रतिनिधि कार्तिक साव, सांसद प्रतिनिधि सकलदेव सिँह, डुगन महतो, झामुमो नेता मालती चंद्रा, मुखिया केदार यादव, पूर्व मुखिया मनिन्द्र राम, रियासत आलम, सेराज अंसारी, पंसस नारायण कुमार, नसीम अंसारी, बिहारी महतो, चंद्रदेव कुशवाहा, शमीम खान, प्रयाग यादव, कोलेश्वर नायक, जनार्दन महतो, कमलेश शर्मा, अरुण यादव, अर्जुन बर्मा, सहदेव महतो समेत दजेनों लोगों के हस्ताक्षर अंकित है.

समन्वयक

### ग्रामीणों का निर्णय : अब प्रत्येक माह को होगा बैठक

# पैतानो ग्राम सभा बनेगा मॉडल




**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा ।** बुधवार को टाटी पंचायत अंतर्गत पैतानो गंझु टोली चबूतरा में सुजीत लुगुन की अध्यक्षता में ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य विषय लीड्स संस्था द्वारा गांव में समेकित पशुधन विकास केंद्र खोलने हेतु स्थान का चयन करना, ग्राम सभा के आठ स्थाई समितियों का गठन करना और ग्राम सभा में कोष निर्माण कर ग्राम सभा को सशक्त करना था। बैठक में लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए लीड्स संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के छः पंचायत के 25 गांव में चल रहे गतिविधियों की जानकारी दी गई। आलोक कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि लीड्स संस्था ग्रामीणों के जीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य के स्तर पर बदलाव लाने के लिए काम कर रही है। इसके अलावा संस्था ग्राम सभा, विद्यालय प्रबंधन समिति, माता समिति, महिला स्वयं सहायता समिति और किसानों के संगठनों को मजबूत करने और हक अधिकार प्राप्ति के लिए सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। बैठक में ग्रामीणों को समेकित पशुधन विकास केंद्र की जानकारी दी गई। इसके अलावा आठ स्थाई समिति का गठन किया गया। साथ ही सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक माह के आखरी बुधवार को ग्राम सभा बैठक किया जायेगा। बैठक में प्रत्येक परिवार के किसी भी वयस्क सदस्य को ग्राम सभा में भागीदारी देना अनिवार्य है जो बैठक में नहीं आएंगे अब उन्हें 10 रुपए दंड स्वरूप देना होगा। मौके पर उपस्थित जलडेगा एग्रो के सोनू सिंह ने भी किसानों को खेती बाड़ी के गुर को बताया और किसान उत्पादक समूह बनाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में लीड्स संस्था के फील्ड स्टाफ मनोज बिंझिया, ग्राम सभा अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

# 'श्री कृष्ण को अपना सखा बना लो, पूरा ब्रह्मांड तुम्हारा अपना हो जाएगा'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि संत और भक्त वही है जिसे भगवान का सगुण साक्षात्कार हुआ हो. भोजन के बिना तृप्ति कहां? भगवान आलिङ्गन देकर प्रीति से इन अङ्गों को शांत करेंगे और अमृतकी दृष्टि डालकर मेरे जी को ठंडा करेंगे। गोद में उठा लेंगे और भूख-प्यास भी पूछेंगे और पीताम्बर से मेरा मुंह पोंछेंगे। प्रेमसे मेरी ओर देखते हुए मेरी ठुड्डी पकड़कर मुझे सांत्वना देंगे। मेरे मां-बाप हे विश्वम्भर! अब ऐसी ही कुछ कृपा करो! मेरे मां-बाप! मुझे प्रत्यक्ष बनकर दिखाइये। आंखों से देख लूंगा तब तुम से बातचीत भी करूंगा, चरणों में लिपट जाऊंगा। फिर चरणों में दृष्टि लगाकर हाथ जोड़कर सामने खड़ा रहूंगा। यही मेरी उत्कट वासना है, नारायण! मेरी यह कामना पूरी करो। पर निंदा में बड़ी रुचि थी, दूसरोंकी खूब निंदा की, परोपकार न मैंने किया; न दूसरों से कभी कराया। दूसरोंको पीड़ा पहुंचाने में कभी दया न आयी। ऐसा व्यवसाय किया जो न करना चाहिये और उससे पाया तो क्या, अपने कुटुम्ब का भार ढोता फिरा। तीर्थों की कभी यात्रा नहीं की, केवल इस पिंड के पालन करने में ही हाथ-पैर मारता रहा। मुझसे न संत-सेवा बनी, न दान-पुण्य बना, न भगवान् की मूर्ति का दर्शन और पूजन-अर्चन ही बना। कुसङ्ग में पड़कर अनेक अन्याय और अधर्म किये। मैंने अपना-आप ही सत्यानाश किया, मैं अपना- आप ही वैरी बना. भगवन! तुम दयाके निधान हो, मुझे इस भवसागर के पार उतारो! भव सागर को तैर कर पार करते हुए चिंता किस बातकी करते हो? उस पार तो 'वह'



कटिपर कर धरे खड़े हैं। जो कुछ चाहते हो उसके वही तो दाता हैं। उनके चरणों में जाकर लिपट जाओ! वह जगतस्वामी तुमसे कोई मोल नहीं लेंगे, केवल तुम्हारी भक्तिसे ही तुम्हें अपने कंधे पर उठा ले जायंगे। प्रभु जहां प्रसन्न हुए तहां भुक्ति और मुक्ति की चिंता क्या? वहां दैन्य और दारिद्र्य कहां? संसारमें बने रहो, पर हरि को न भूलो। हरिनाम जपते हुए न्याय-नीति से सब काम करते चलो। इससे संसार भी सुखद होता है। सुख - जब बराबर है तो दुःख पहाड़-बराबर। संसारके विषयमें सब का यही अनुभव है। मां-बाप, स्त्री-पुत्र, संगी-साथी, धन-दौलत, राजा-महाराजा कोई भी हमें क्या मृत्यु से बचा सकता है? यह शरीर तो काल का कलेवा है। कौड़ी - कौड़ी जोड़कर करोड़ रुपये इकट्ठे करो, पर साथ तो एक लंगोटी भी न जायेगी। संगी-साथी एक-एक करके चले। अब तुम्हारी भी बारी आयेगी। पैरों तक वनमाला लटक रही है, उन सुंदर मधुर घनश्याम को देखते हुए नेत्रोंसे मानों प्राण निकल पड़ते हैं। श्रीकृष्ण लीला विग्रह हैं, उनका शरीर लोकाभिराम और ध्यान-धारण मङ्गलप्रद हैं। वेदोंका जन्मस्थान, षट्शास्त्रोंका समाधान, षड्दर्शनोंकी पहेली–ऐसा यह श्रीकृष्णका पूर्णावतार है भक्तिका रहस्य जानना हो तो आओ, श्रीवृन्दावन - लीलाका आश्रय करो, चारों वेद जिसकी कीर्ति बखानते हैं, योगियों के ध्यान में जो एक क्षणभर के लिये भी नहीं आता, वह ग्वालिनोंके हाथ बंध जाता है, भावुक ग्वालिनें उसे पकड़ रखती हैं।

इन भक्तिनों के पास वह गिड़गिड़ाता हुआ आता है और सयाने कहते हैं कि वह तो मिलता ही नहीं। इन भोरी अहीरिनों के पूर्वपुण्यका हिसाब कौन लगा सकता है, जिन्होंने मुरारी को खेलाया- अन्तः सुख से खेलाया और बाह्यसुखसे भी उन्हें पाकर अपनेको अर्पण कर दिया। भगवान ने उन्हें अन्तःसुख दिया, जिन्होंने एकनिष्ठ भाव से उन्हें जाना. श्रीकृष्ण में जिनका तन-मन लग गया, जो घर-द्वार और पति-पुत्र तक को भूल गयी, जिनके लिये धन, मान और स्वजन विष से हो गये, वे एकांत वन में भगवान के साथ जा मिलीं। देह की सारी भावना, सारी सुध-बुध बिसार दी; तब वही नारायण की सम्पूर्ण पूजा-अर्चा है। ऐसे भक्तोंकी पूजा भगवान, भक्तोंके जाने बिना ले लेते हैं और उनके मांगे बिना उन्हें अपना ठांव दे देते हैं। उन ग्वालिनों का भी कैसा महान पुण्य था, वे गाय, बछड़े और अन्य पशु भी कैसे भाग्यवान थे। ग्वालिनों को जो सुख मिला वह दूसरों के लिये, ब्रह्मादि के लिये भी दुर्लभ है। पयां रास - रंगमें समरस हुईं, उसी प्रकार हमारी चित्त-वृत्तियां श्रीकृष्ण प्रेम में सराबोर हो जायं।

### लाभुक ने वापस नहीं की प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि

# बीडीओ का तीसरा नोटिस भी बेअसर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि से विद्यालय भवन का निर्माण करने मामले में बीडीओ सोमा उरांव की ओर से लाभुक रामदुलारी देवी के नाम जारी किया गया तीसरा और अंतिम नोटिस का भी लाभुक पर कोई असर नहीं पड़ा। लाभुक के नाम भेजे गए पहला और दूसरा नोटिस की तरह ही तीसरा नोटिस भी कागज का टुकड़ा बनकर रह गया। पीएम आवास समन्वयक अरविंद कुमार के अनुसार किसी भी तरह की कार्रवाई से पहले संबंधित व्यक्ति को तीन नोटिस का होना जरूरी है।

बावजूद तीसरा नोटिस के माध्यम प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि को जमा करने के लिए निर्धारित किया गया तिथि भी बिल्कुल रूप से समाप्त हो गया। लेकिन अभी तक लाभुक के द्वारा प्रखंड के नजारत खाता में योजना मद की राशि को जमा नहीं किया गया। पूछने पर उरांव ने बताया कि

### दो-तीन दिन का और इंतजार, उसके बाद की जाएगी कार्रवाई : बीडीओ




आवास योजना मद की राशि को प्रखंड के नजारत खाता में जमा करने को लेकर लाभुक के नाम अब तक तीन नोटिस जारी कर दिया गया है। बावजूद उनके द्वारा राशि को नजारत खाता में जमा नहीं किया गया। बीडीओ ने कहा कि मेरी अंतिम कोशिश है कि लाभुक से एक बार उस संबंध में बात कर लूं। इस उद्देश्य से लाभुक को प्रखंड कार्यालय बुलाया जा रहा है, लेकिन वे प्रखंड कार्यालय आना उचित नहीं समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो-तीन दिन का और इंतजार होगा उसके बाद भी अगर लाभुक का प्रखंड कार्यालय में आगमन नहीं होता है, साथ ही उनके द्वारा योजना मद की राशि को नजारत खाता में जमा नहीं किया जाता है तो उसके बाद हर हाल में लाभुक के खिलाफ कार्रवाई कर दी जाएगी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि से लाभुक के द्वारा अपना निवास गृह न बनाकर विद्यालय भवन का निर्माण करा दिया गया है जिसका यू डाइस कोड 200 11 20 1808 है। मामले को संज्ञान में लेते हुए बीते तीन माह पूर्व बीडीओ के द्वारा इस पर कार्रवाई शुरू की गई थी। इस बीच उनके द्वारा मुखिया व पंचायत सचिव से मामले की जांच करा कर योजना मद की राशि वापस करने को लेकर लाभुक के नाम तीन नोटिस जारी किया गया।

इतना ही नहीं, सभी नोटिस के माध्यम राशि जमा करने को लेकर निर्धारित समय भी हर बार गुजरता चला गया, लेकिन लाभुक के द्वारा एक बार भी योजना मद की राशि को प्रखंड के नजारत खाता में जमा करने के लिए कोशिश नहीं की गई। बताते चलें कि 60 वर्ष से ऊपर के व्यक्तिय को न तो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा सकता है और न ही समृद्ध व संपन्न व्यक्तियों को। बावजूद प्रखंड पदाधिकारियों के द्वारा किस परिस्थिति में उक्त लाभुक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है यह एक बड़ा सवाल बन गया है।

# चिनिया : हाथियों ने कई किसानों के खेतों में लगी फसलों को रौंदा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
थाना क्षेत्र के हेताड़ कला गांव में हाथियों का उत्पात दूसरे दिन भी जारी रहा। जानकारी देते हुए किसानों ने बताया कि मंगलवार की रात्रि करीब 12 बजे हाथियों का एक झुंड जिसमें हाथियों की संख्या 12 से 15 है गांव में पहुंचते ही खेतों में लगी तील, मक्का व धान की फसल को एक तरफ से रौंदते हुए सफाचट कर चले गए।

जिन किसानों के खेतों में लगे फसलों को हाथियों ने बर्बाद किया है वह है बुधन सिंह, गोवर्धन सिंह, बैजनाथ सिंह, तेजू सिंह, देवनारायण सिंह, महावीर कोरवा, विजय सिंह,सितलाल सिंह, कवलपतीया देवी, सुरेंद्र सिंह, लालमोहन कोरवा व उपेंद्र सिंह का नाम शामिल है। बताते चलें कि क्षेत्र में बीते 15 दिनों से हाथियों ने आतंक मचा कर रखा हुआ है जबकि हेताड़ कला गांव में आज दूसरा दिन भी हाथियों ने पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया जिससे फसलों के हुए नुकसान से किसानो की कमर सी टूट गई है।



ग्रामीण बार-बार वन विभाग से हाथियों को भगाने की मांग कर रहे हैं लेकिन विभाग के द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे किसान काफी चिंतित व परेशान है व किसानों में भय का माहौल व्याप्त है। वहीं सूचना मिलते ही वन विभाग क की टीम सह बनकर्मी हेमंत तिर्की, प्रेमचंद दास, सत्यनारायण सिंह, ने उक्त गांव में पहुंचकर बर्बाद हुई फसलों का आकलन करते हुए कहा कि हाथियों के द्वारा दर्जनों किसानों के खेतों में लगी फसलों को बर्बाद किया गया है सरकारी प्रावधान के हिसाब से किसानों को मुआवजा जरूर मिलेगा, फिलहाल जब तक हाथी क्षेत्र से भाग नहीं जाते हैं लोग पूरी तरीके से सतर्क रहें वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# डीसी डीडीसी जिनके यहां जाना है जाओ, बगैर कमीशन नहीं होगा काम

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा कि योजनाओं में भारी लूट मची हुई है। बिना कमीशन के मस्टर रोल का सत्यापन नहीं किया जा रहा है। जिस कारण संबंधित लाभुकों में रोष व्याप्त है। ऐसा ही एक मामला शोशल मिडिया सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। इससे संबंधित एक ऑडियो क्लिप जो लगभग चार मिनट का है उक्त में मनरेगा योजना के लाभुक व रोजगार सेविका के पति के बातचीत में लाभुक से मस्टर रोल सत्यापित करने के बदले रिश्वत की मांग की जा रही है।

मामला प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत के बढ़नी गांव से जुड़ा है। बढ़नी गांव में मनरेगा से संचालित मंजू देवी एवं फुलमनी देवी का मेड़बन्दी योजना का मस्टर रोल जिसमें क्रमशः छह - छह मजदूरों ने काम किया था। जिसके सत्यापन के लिए लाभुक मंजू देवी के पति कामेश्वर यादव रोजगार सेविका शुनीला एक्का जो टेहरी एवं बड़गड़ दो पंचायतों के प्रभार में है, जिनसे मिलने टेहरी पंचायत

**मनरेगा योजना के लाभुक व रोजगार सेविका के पति के बीच बातचीत में लाभुक से मस्टर रोल सत्यापित करने के बदले रिश्वत की मांग का ऑडियो वायरल**

सचिवालय पहुंचे तथा रोजगार सेविका से एम आर पर हस्ताक्षर करने कि बात कही। इस पर रोजगार सेविका के पति शतीस कुजूर हस्तक्षेप करते हुए हस्ताक्षर के एवज में प्रति मस्टर रोल मजदूरी के दर के हिसाब से पांच प्रतिशत कमीशन पेट्रोल खर्च के नाम पर मांगे जाने की बात ऑडियो में सामने आई है। ऑडियो क्लिप में यह भी कहा गया है कि तुमको डीसी, डीडीसी जिसके पास जाना है जाओ बगैर कमीशन दिए काम नहीं होगा। लाभुक कामेश्वर यादव ने जब कहा कि मै रोजगार सेविका से बात कर रहा हू तो आप कौन होते हैं पैसा मांगने वाले, इस पर शतीस कुजूर ने कहा कि रोजगार सेविका का मै पति हूं मैं चाहूंगा तभी एम आर पर हस्ताक्षर करेगी। गौरतलब है कि पूर्व में भी रोजगार सेविका के पति द्वारा लाभुकों को अनुचित रूप से तंग किए जाने से संबंधित मामला प्रखंड बीस सूत्री की बैठक में उठ चूका है वावजूद इसके रोजगार सेविका के कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ है। मनरेगा से संबंधित सभी कार्यों में उनके पति हीं मुख्य भूमिका में दिखाई देते हैं। इससे संबंधित एक आवेदन लाभुक द्वारा बीडीओ व मुखिया को सौंपकर कार्रवाई की मांग की गईं है।

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि लाभुक द्वारा आवेदन दिया गया है। जांच के पश्चात उचित कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध पूछे जाने पर बीपीओ हासिम अंसारी ने कहा कि रोजगार सेविका से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है साथ ही वहां से हटाने के लिए जिले को लिखा जाएगा। रोजगार सेविका की प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई परंतु कई बार फोन कॉल करने के बावजूद फोन रिसीव नहीं किया गया।

# छेंचा राजद पंचायत अध्यक्ष बनाए गए गुलजार खान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छेंचा पंचायत भवन में प्रखंड राजद कमेटी की बैठक प्रखंड राजद अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड राजद की सांगठनिक मजबूती पर जोर दिया गया। लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन से अगर राजद अपना प्रत्याशी उतरता है तो उसे जिताने हेतु सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। छेंचा पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें गुलजार खान को पंचायत अध्यक्ष, अशरफ खान महासचिव, युसूफ खान, समीम खान को महासचिव बिगन यादव, कलीम खान को सचिव, फैजल खान को युवा राजद पंचायत अध्यक्ष, बैचन राम, मनोज राम को युवा उपाध्यक्ष, मनोज राम कोषाध्यक्ष, नुरैशा वीवी राजद महिला प्रकोष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य रामंदन यादव, संदीप बेक, अनुज राम, संदीप यादव को रखा गया है जबकि बैठक में मुख्य रूप से जिला माहासचिव नेशार अहमद, जिला सचिव जगनारायन माली, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद यादव, मुनि राम चंद्रवंशी, प्रखंड माहासचिव शम्मीउल्लाह अंसारी, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुसर्रत अली, दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमेश कुमार रवि, सचिव संजय वर्मा, संतोष यादव, अखिलेश पासवान, प्रखंड सचिव अशोक यादव, मंसुर आलम, आलमगीर खां, समशेर खां, साजिद खान, गुलाब खां, यशोदा देवी, अनिल राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पति ने पत्नी पर किया टांगी से हमला, सदर अस्पताल में भर्ती

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीपुर गांव में एक पति ने पत्नी को टांगी से हमलाकर जख्मी कर दिया है। जख्मी महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के हरदेव यादव ने बीती रात अपनी पत्नी तेतरी देवी पर टांगी से हमला कर दिए, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि इस से पूर्व भी टांगी से चार बार हमला किया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। बताया जाता है कि बीती रात उसने अपनी पत्नी को जान से मारने के ख्याल से टांगी से हमला कर दिया। घायल महिला की पुत्री सुमन कुमारी ने बताया कि उसके पिता शराब के नशे में उसकी मां के साथ मारपीट किया करता था। बीती रात टांगी से हमलाकर दिया। उसने बताया कि उसकी और दो बहन है।

# तीन पंचायत सचिव के प्रभार में सिंघनी पंचायत

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगडा**
जिले में भले ही पंचायत सचिवों का टोटा है, जिसके कारण कई पंचायत सेवक को एक से दो पंचायत का अतिरिक्त परभर मिला हुवा है ।ऐसे में दूसरी ओर अधिकारियों की मेहरबानी कहे या लापरवाही, जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत सिंघानी पंचायत में तीन सचिव को प्रभार दे दिया गया है। जिसका खामियाजा पंचायत के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। छोटे-मोटे कामों के लिए भी ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सिंघानी के पंचायत सचिव राकेश प्रसाद हड़ताल पर गए थे तो नावाडीह के पंचायत सचिव लखन यादव को प्रभार दिया गया। लेकिन हड़ताल से वापस आने के 15वीं वित्त का काम श्री प्रसाद देख रहे हैं। वहीं मनरेगा का काम लखन यादव के देखरेख में




चल आ रहा है। जबकि नव नियुक्त पंचायत सचिव श्वेता कुमारी को सिंघानी पंचायत का 15 दिन पूर्व संपूर्ण प्रभार लेने का निर्देश दिया गया। लेकिन वर्तमान में श्वेता के पास मात्र जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने की जिम्मेदारी है। संघानी पंचायत तीनों पंचायत सचिव के भरोसे है और ग्रामीणों को हर एक काम के लिए अलग-अलग पंचायत सचिव से मिलना पड़ता है। ग्रामीणों ने किसी एक के जिम्मे कार्य करने की मांग की है ताकि परेशानी नहीं उठानी पड़े।

## नेतरहाट थाना क्षेत्र में सर्पदंश से 52 साल की महिला की मौत

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम छगराही दुरूप के रहने वाली महिला सालो देवी पति सुधन मुंडा (52) की मंगलवार को देर शाम सांप के काटने से मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सालो देवी खेत में धान का निकवन करने गई हुई थी, इसी दरम्यान पहले से खेत में मौजूद सांप ने काट दिया। सांप काटे जाने की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों ने सरकारी अस्पताल लाने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया। इससे महिला तो ठीक हुई नही अपितु सांप का जहर पूरे शरीर में फैल गया। बाद में स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड लाया पर तब तक देर हो चुकी थी। रास्ते में ही महिला सालो देवी की मौत हो गई।

### प्रखंड अध्यक्ष बोले | जब अधिकारी नहीं सुनते तो इस्तीफा दीजिए

# कांग्रेस का जिप सदस्य पर पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला परिषद सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद द्वारा पिछले दिनों दिये गये ब्यान पर पलटवार करते हुए कहा की आप स्वयं जिला परिषद और विधायक प्रतिनिधि के पद पर है। इस क्षेत्र का विधायक भी आपके पार्टी का है और केंद्र में भी आपका पार्टी का सरकार है। इसके बावजूद प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों द्वारा अपनी बातों को नजरंदाज करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी आपके बातों को अनसुना कर रहे हैं तो आप अपने पद से इस्तीफा दीजिए। प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने कहा की केतार प्रखंड की जानता आपको क्षेत्र में विकास कार्य करने, भ्रष्टाचार पर रोक




लगाने के लिए चुना है न की भ्रष्टाचार का रोना रोने के लिए। उन्होंने कहा की अब आपको कौन सा पद केतार की जानता दें की आप भ्रष्टाचार को रोकने में कामयाब होंगे और जानता के हित में काम कर पायेंगे। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की स्वास्थ्य, शिक्षा ,रोजगार और सिंचाई के क्षेत्र में प्रखंड काफी पिछड़ा है लेकिन आपके द्वारा इन सभी मुद्दों पर कभी मुखर होकर आवाज नहीं उठाई गई इसके कारण आपको प्रखंड में रहते हुए अधिकारियों का मनोबल इतना बढ़ गया है की आम आदमी प्रखंड मुख्यालय जाना मुनासिब नहीं समझ रहा हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने सुखाड़ और भ्रष्टाचार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था और विभिन्न योजनाओं में अधिकारियों द्वारा कमिशन लेने का आरोप लगाया था। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# 'डिजिटल साक्षरता ने जीवन को बेहतर बनाया'

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में डिजिटल का ज्ञान हम समस्त लोगों के लिए अनिवार्य हो गया है। डिजिटल साक्षरता शब्द एक अवधारणा है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने हमें मोबाइल और कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक संसाधन बनाने में सक्षम बनाया है। उन्हीं संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग करने की क्षमता डिजिटल साक्षरता है। इस समय हम लगातार डिजिटल इंडिया की अवधारणा सुन रहे हैं। हर आवश्यक वस्तु और सेवा ऑनलाइन उपलब्ध है। इसी तरह ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया के स्तर पर मोबाइल या कंप्यूटर का ठीक से उपयोग



करने में सक्षम होना एक आवश्यकता बन गई है। अभी हर नागरिक इंटरनेट की दुनिया से जुड़ रहा है। इसके लिए एक निश्चित, कंप्यूटर भाषा और कुछ तकनीकी मुद्दों और अव धारणाओं की आवश्यकता होती है, जिसके बिना आपके लिए आसानी से डिजिटल रूप से साक्षर बनना असंभव है। इंटरनेट की वजह से पूरी दुनिया करीब आ गई है। इंटनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए, यदि अधिकांश लोग इसका उपयोग कर सकते हैं, तो हम इंटरनेट की एक अलग दुनिया देखेंगे। इसके लिए भविष्य में सभी लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर होने की जरूरत है। वर्तमान में स्कूली बच्चे और युवा पीढ़ी शिक्षा और अन्य सुविधा का काम ऑनलाइन कर रहे हैं उनके लिए डिजिटल रूप से साक्षर बनना बहुत आसान है कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, उदय प्रकाश, संजीव कुमार, मुकेश कुमार भारती, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सुनिता कुमारी, नरेन्द्र सिन्हा, रिजवाना शाहिन, सरिता दूबे, निलम कुमारी, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद की भूमिका रही।

# गलती से सबक लें

*झारखंड* के हजारीबाग में प्रमंडलीय रोजगार मेला में 11,850 चयनित युवाओं को ऑफर लेटर मिलना यह दर्शाता है कि सरकार आने वाले दिनों में बेरोगार युवाओं को उनका हक देने के लिए तैयार है। इसी संदर्भ में संसदीय कार्य सह ग्रामीण विकास मंत्री का यह कहना कि युवाओं को रोजगार देना सरकार का लक्ष्य है। यह अच्छी परंपरा है,आने वाले दिनों में सरकार का यह प्रयास शुभ संकेत है। बस जरूरत है कि वह विपक्ष के बहकावे नहीं आवे। कारण यह देखा जाता है कि उकसाने की नियत से विपक्ष कोई बयान देता है,और सत्ता पक्ष उसी के पालने में झूलने को विवश हो जाता है। यह गलत परंपरा है। इससे सरकार को बचने की जरूरत है। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि झारखंड सरकार तमाम चुनौतियों के बीच राज्य को मजबूती देने का काम कर रही है । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर देने का कार्य जारी है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर युवा व्यवसाय कर रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम से सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोगों को सम्पति का मालिक बनाने का कार्य जारी है। साथ ही अबुआ आवास से वंचितों को तीन कमरे का आवास योजना शुरू किया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत सात से आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराये जाने की जरूरत है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह अपने निकट के अधिकारियों पर भी पैनी नजर रखे। कारण यह देखा जा रहा है कि सरकार की बहुत सी योजनायें जमीन पर नहीं दिख रही हैं। कागजों पर काम राज्य की तरक्की में बाधक साबित हो रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण से शत प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। लेकिन धरातल पर कुछ और दिख रहा है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रही है। साथ ही समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है। लेकिन यह सब दिखना चाहिए। हर तबके के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरकार की संवदेशनशलीता से राज्य की तरक्की के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन सच्चाई और कुछ है। गठबंधन की सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ ऐतिहासिक निर्णय जिस प्रकार ले रही है वह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में हेमंत सरकार के प्रति लोगों का रूझान और बढ़ेगा। इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। बस जरूरत है कि सरकार गलती से सबक ले।

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर देने का कार्य जारी है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर युवा व्यवसाय कर रहे हैं।**

# भारत ने जी20 को आर्थिक सहयोग के एक 'प्रमुख मंच' के रूप में स्थापित किया


लक्ष्मी पुरी

*प्रधानमंत्री* मोदी के नेतृत्व में 20 वर्षों में एक बार मिलने वाली जी20 की इंडिया यानी भारत कीअध्यक्षता ऐतिहासिक मानी जायेगी। इस अध्यक्षता ने एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी है जिसकी अनदेखी करना घरेलू और विदेशी आलोचकों के लिए भी कठिन होगा। भारत की भौतिक, सांस्कृतिक, सभ्यतागत भव्यता और इसकी आर्थिक, वैज्ञानिक व तकनीकी प्रगति एवं गतिशीलता पूरी तरह से परिलक्षित हुई। भारत की कूटनीतिक व सर्वसम्मति निर्माण कौशल और सबसे अधिक आबादी वाले एवं युवाओं की संख्या के मामले में सबसे समृद्ध तथा सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे अधिक विविधता पूर्ण लोकतांत्रिक देश की हैसियत ने इस 'जनता के जी20' में इसकी अध्यक्षता को एक विशेष गरिमा प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की असाधारण प्रतिबद्धता ने भारत को 'विश्वगुरु' और 'विश्वामित्र' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। भारत की यह छवि उच्चतम स्तर की भागीदारी और एक सार्थक दिल्ली घोषणा में दिखाई दी। यह परिधि से निकल कर वैश्विक आर्थिक निर्णय-प्रक्रिया के केन्द्र में पहुंचने की भारत की यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। भारत ने यह संकेत दिया कि वह उत्तर-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने और संवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इसकी सामाजिक न्याय की विशाल परियोजनाएं ग्लोबल साउथ के देशों में प्रतिकृति और विस्तार की दृष्टि सेमानक बनती हैं। तीव्र आर्थिक विकास, सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और सभी के लिए मानवीय प्रतिक्रिया से लैस वैश्विक सार्वजनिक कल्याण सुनिश्चित करने के विकसित एवं विकासशील देशों के इस सबसे शक्तिशाली समूह को आगे बढ़ाने के जिम्मेदारियों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का समावेशी एवं मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण जी20 की भारत की सफल अध्यक्षता की पहचान बन गया। एक अभिजात्य बहुपक्षीय मंच के तौर पर, जी20 का जन्म 2008 के वैश्विक संकट के दौरान हुआ था। इसने वास्तविक सार्वभौमिक बहुपक्षीय मंच से वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय शासन के एजेंडे को अपहतकर लेने की आलोचना को सहते हुए इस संकट से उबरने में काफी हद तक मदद की। पिछले कुछ वर्षों में, जी20 ने अपनी उपयोगिता साबित की है। लेकिन, अब इसे अब तक के गंभीरतम संकटो से निपटना है। अतिव्यापी और आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए ये संकट एक साथ उभरे हैं। इन संकटों में जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय क्षरण से लेकर कोविड-19 से उपजे व्यापक सामाजिक-आर्थिक विनाश, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, भोजन, उर्वरक, ईंधन एवं वित्तीय संकट औरआपूर्ति श्रृंखला की असुरक्षा शामिल है,जो ग्लोबल साउथ के देशों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। यह सब एक ऐसे समय में हो रहा है जब संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय संस्थान संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटिरेज के शब्दों में 'भारी शिथिलता के शिकार हो गये है'। 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में दक्षिणी दुनिया के देशों से किये गये प्रधानमंत्री श्री मोदी के वादे - 'आपकी आवाज भारत की आवाज है, आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं' - को प्रभावशाली और ठोस तरीके से निभाया गया है। भारत ने 54 देशों वाले अफ्रीकी संघ - दूसरे सबसे बड़े संसाधन संपन्न महाद्वीप, जहां 1.466 बिलियन लोग सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पाने के लिए जूझ रहे हैं -को जी20 में शामिल करके वैश्विक शासन की समावेशिता एवं लोकतंत्रीकरण की राह में एक उल्लेखनीय उपलब्धिहासिल की है। जी20 की अध्यक्षता के लिए भारत की सभी सात विषय गत प्राथमिकताओं का जहां तक प्रश्न है, इसने वास्तव में ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्योन्मुख और निर्णायक' परिणाम दिये हैं। इन परिणामों में एसडीजी को हासिल करने की दिशा में हुई प्रगति में तेजी लाना तथा जी20 कार्ययोजना एवं उच्चस्तरीय सिद्धांतों को लागू करना; वित्तपोषण के मामले में व्याप्त अंतर को पाटने तथा यूएनएसजी के एसडीजी संबंधी प्रोत्साहन का समर्थन करने हेतु सभी स्त्रोतों से कि फायती, पर्याप्त एवं सुलभ वित्तपोषण जुटाना; जी20 रोड मैप के अनुरूप स्थायी वित्त को बढ़ाना; खाद्य सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित दक्कन उच्चस्तरीय सिद्धांतों के अनुरूप वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना, खाद्यान्नों एवं उर्वरकों की कीमतों में व्याप्त अस्थिरता से निपटना और आईएफएडी संसाधनों को बढ़ाना शामिल है। 'एक स्वास्थ्य' के दृष्टिकोण को अपनाते हुए, जी20 ने सहयोग का एक व्यापक पैकेज अपनाया, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली महामारी से जुड़ी तैयारियों एवं निगरानी प्रणालियों को बढ़ाना और स्वास्थ्य सहयोग को वित्तपोषित करना शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पेरिस प्रतिबद्धताओं को लागू करने के मजबूत संकल्प के साथ ठोस हरित विकास समझौता थी। प्रधानमंत्री मोदी के लाइफमिशन को सतत विकास के लिए जीवन शैली से संबंधित जी20 के उच्चस्तरीय सिद्धांतों में रूपांतरित कर दिया गया। इसने हरित जलवायु कोष (ग्रीन क्लाइमेट फंड) की महत्वाकांक्षी दूसरी पुनःपूर्ति और निजी वित्त और जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास, साझाकरण, तैनाती और वित्तपोषण और बहुवर्षीय तकनीकी सहायता योजना (टीएएपी) कार्यान्वयन पर मजबूत प्रतिबद्धता का आह्वान किया। इसनेअपने एनडीसी को लागू करने के लिए 2030 से पहले ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 5.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत और अकेले स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत को रेखांकित किया। इसने विभिन्नपक्षों से 100 बिलियन की पेरिस प्रतिबद्धता को लागू करने और एक महत्वाकांक्षी, पता लगाने योग्य एवंपारदर्शी नये सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) को निर्धारित करने का आह्वान किया। न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में, ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के उच्चस्तरीय सिद्धांतों द्वारा संचालित ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर शुभारंभ किया गया। जी20 ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के शुभारंभ के लिए भी संदर्भप्रदान किया। प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के संबंध में, इसने जी20 2023 वित्तीय समावेशन कार्य योजना, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रणालियों के लिए जी20 फ्रेमवर्क और एक वैश्विक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से संबंधित रिपॉजिटरी के निर्माण व रख रखाव की भारत की योजना का समर्थन किया। कम आय वाले देशों में डीपीआई के लिए क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और वित्त पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के वन फ्यूचर एलायंस (ओएफए) के भारत के प्रस्ताव का स्वागत किया गया। क्रिप्टो परि संपत्तियों के लिए एक साझा एफएसबी एवं एसएसबी कार्ययोजना तथा एक व्यापक एवं समन्वित नीतियों एवं नियामक ढांचे के लिए एक रोडमैप निर्धारित किया गया। जी20 ने संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को फिर से सुदृढ़ करने एवं उनमें सुधार करने, बड़े, बेहतर एवं अधिक प्रभावी बहुपक्षीय विकास बैंक प्रदान करने, आईडीए की महत्वाकांक्षी 21 पुन : पूर्ति सहित विकास वित्त में बिलियन से ट्रिलियन तक की लंबी छलांग लगाने और आईएमएफ शासन कोटा में सुधार को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया। विकासशील देशों के अभूतपूर्व 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण के मामले को संबोधित करते हुए, जी20 ने जी20 की ऋण निलंबन पहल के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन का आह्वान किया और इससे आगे जाने पर सहमति व्यक्त की। 21वीं सदी के लिए विश्व स्तर पर निष्पक्ष, टिकाऊ एवं आधुनिक अंतरराष्ट्रीय कराधान प्रणाली और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद एवंधन शोधनके मामले मेंउल्लेखनीय प्रगति हुई। जी20 शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन-रूस संघर्ष के मुद्दे पर आम सहमति का प्रतिनिधित्व किया और इस बात पर जोर दिया कि यह युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह भरोसे के निर्माण की दृष्टि से एक बड़ी जीत है। इसने भारत को जी20 को सबसे अच्छे और सबसे बुरे समय में बेहद जरूरी वैश्विक आर्थिक सहयोग के एक 'प्रमुख मंच' के रूप में बहाल करने में समर्थ बनाया।

**(लक्ष्मी पुरी, भारत की पूर्व राजदूत और संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव हैं)**

**प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की असाधारण प्रतिबद्धता ने भारत को 'विश्वगुरु' और 'विश्वामित्र' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। भारत की यह छवि उच्चतम स्तर की भागीदारी और एक सार्थक दिल्ली घोषणा में दिखाई दी।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

*एक* बार बहुत लम्बे समय तक हुए देव-दानव युद्ध में देव पराजित हो गये और वे स्वर्ग छोड़कर वनों में विचरण करने लगे। उनकी दुर्दशा को देखकर अदिति और कश्यप बड़े दुःखी हुए। तब नारद मुनि ने अदिति को सूर्योपासना करने की सलाह दी। अदिति ने सूर्यदेव को प्रसन्न करने के लिए अनेक वर्षों तक घनघोर तपस्या की। सूर्यदेव अदिति के तप से प्रसन्न हुए तथा उन्होंने अदिति से वरदान मांगने को कहा। अदिति ने कहा कि आप मेरे पुत्र के रूप में जन्म लें। कालान्तर में सूर्य का तेज अदिति के गर्भ में प्रतिष्ठित हुआ किन्तु एक बार अदिति और कश्यप में कलह हो गया। कश्यप ने क्रोधवश अदिति के गर्भस्थ शिशु को 'मृत' कह दिया। उसी समय अदिति के गर्भ से एक प्रकाश-पुंज बाहर आया। उसे देखकर कश्यप भयभीत हो गए और उन्होंने सूर्य से क्षमा-याचना की। उसी समय एक आकाशवाणी हुई- 'आप दोनों इस पुंज का प्रतिदिन पूजन करें। उचित समय होने पर इस पुंज से एक पुत्र-रत्न जन्म लेगा। वह आप दोनों की इच्छा को पूर्ण करके ब्रह्माण्ड में स्थित होगा।' अदिति का यही पुत्र आदित्य, मार्तण्ड, विवस्वान, अंशुमाली तथा सूर्य कहलाया। जब आदित्य दैत्यों से युद्ध करने गये तो दैत्य आदित्य के तेज को देखकर युद्ध से पलायन करके पाताल-लोक में चले गये। आदित्य सूर्यदेव के रूप में ब्रह्माण्ड के मध्यभाग में स्थित हुए और ब्रह्माण्ड का संचालन करने लगे। जिस प्रकार अदिति के पुत्र आदित्य कहलाते थे, उसी प्रकार दिति के पुत्र दैत्य कहलाते थे।

*(समाप्त)*

***आइये सुने कथा* हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त कि वास्तविक कहानी**

आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, वह आत्माओं का मूल निवास नहीं है। सतलोक में की गई हमारी गलती के कारण हम सभी आत्माएं आज काल के इस लोक में फंसे हुए है।

*(क्रमशः)*

# जिन कुशल कामगारों का कोई नहीं उनके लिए विश्वकर्मा योजना


आर.के.सिन्हा


*कभी* यह भी सोचा जाना चाहिए कि देश के आजाद होने के इतने दशक गुजरने के बाद भी हमने मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार जैसे निचले स्तर पर काम करने वाले कुशल कामगारों के हितों को लेकर कोई व्यापक नीति क्यों नहीं बनाई? अगर इनके बारे में पहले सोचा जाता तो ये भी देश के विकास का लाभ ले रहे होते। इनकी अनदेखी तो हुई। हां, इतना सुकून किया जा सकता है कि अब इनके बारे में सोचा जा रहा है। अब सरकार इनकी जिंदगी में खुशियां लाने के लिये विश्वकर्मा योजना लेकर आ रही है। इस योजना के ऊपर अगले पांच साल में 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को जन्म दिन पर शुरू होने वाली इस योजना के तहत मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार कुम्हार आदि को पांच प्रतिशत की दर से एक लाख रुपये और दूसरे चरण में दो लाख रुपये का कर्ज मिल सकेगा। शिल्पकारों और कामगारों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। ट्रेनिंग लेने वालों को हर दिन 500 रुपये का मानदेय देने की व्यवस्था हो रही है। सच में अफसोस होता है कि हमारे नीति निर्धारक इतने संवेदनशील भी नहीं रहे जिससे कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिये कल्याणकरी योजनाएं बन पातीं। क्या ये हमारे देश-समाज में शामिल नहीं हैं? हमने इनकी इतनी बेकद्री क्यों की? राजकपूर की 1954 में रिलीज हुई अमर फिल्म बूट पालिश के पात्र भोला जैसे बच्चे देश के तमाम शहरों के बाजारों में आराम से देखने को मिलते हैं। बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं। उसमें अलग-अलग रंगों की पालिश, ब्रश और कपड़े होते हैं। कुछेक पास मोची का सामान भी होता है। ये इन्हीं से अपने ग्राहकों के जूते सैंडिल वगैरह चमकाते और बनाते हैं। ये 15 साल से 55 साल तक मिलेंगे। कई-कई तो बूट पालिश का काम करते हुए ही अधेड़ हो गये हैं। ये जब काम करने लगते हैं तो ये बच्चे होते हैं। घर की कमजोर माली हालत के चलते पढ़ नहीं पाते और फिर करने लगते हैं बूट पालिश और मोची का काम। इनकी कभी कोई मदद नहीं करता। कुछ दिन पहले राजधानी में समाप्त हुये जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भी पधारे थे। वे भी एक मोची परिवार से थे। उन्होंने भी बचपन में बूट पालिश की थी। आज वे विश्व के बेहद असरदार नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। कहने का मतलब ये है कि अगर हमने अपने समाज के हाशिये पर धकेले गये लोगों को पर्याप्त अवसर दिये होते तो वे भी देश की मुख्यधारा का हिस्सा होते। खैर, अब उन्हें अवसर मिलेंगे तो वे आगे बढ़ेंगे। विश्वकर्मा योजना के बहाने कुतुब मीनार की चर्चा करना समीचीन होगा। कुतुब मीनार के निर्माण में विश्वकर्मा जी का भी आशीर्वाद रहा है। यह तथ्य इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हुआ यह कि सन 1369 में बिजली गिरने के कारण कुतुब मीनार की ऊपरी मंजिलों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गये। तब दिल्ली की गद्दी पर फिरोजशाह तुगलक का राज था। उन्होंने कुतुब मीनार के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत के आदेश दिये। उनके आदेश के बाद कुतुब मीनार की पांचवीं मंजिल नए सिरे से बनाई गई। उसमें संगमरमर का भी भरपूर इस्तेमाल भी किया गया। इतिहासकार डॉ. स्वपना लिड्डल कहती हैं कि 'कुतुब मीनार की मरम्मत के काम को अंजाम देने वाले आर्किटेक्ट, ठेकेदारों और मजदूरों ने निर्माण स्थल पर अपने नाम जैसे नाना, साल्हा, लोला लक्षमना भी लिख दिये।' उन्होंने यह भी लिख दिया कि 'उनका सारा काम विश्वकर्मा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।' यह सब अब भी लिखा हुआ है। एएसआई की एक रिपोर्ट में संस्कृत में उत्कीर्ण ठेकेदारों तथा मजदूरों के उद्गार लिखे मिलते हैं।

**बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं।**

**विश्वकर्मा योजना**

## फोटो की दुनिया


फेसबुक वॉल से




# अब अदालतें भी चिन्तित हैं माता-पिता की उपेक्षाओं पर


ललित गर्ग

*नये* बन रहे समाज एवं पारिवारिक संरचना में माता-पिता का जीवन एक त्रासदी एवं समस्याओं का पहाड़ बनता जा रहा है, समाज में बच्चों के द्वारा बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता इतनी अधिक बढ़ गयी है कि अदालतों को दखल देना पड़ रहा है। माता-पिता भोजन-पानी, दवाई, जरूरत की चीजों से महरूम ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनके सम्मान की स्थितियां भी नगण्य होती जा रही है। वृद्ध माता-पिता की यह दुर्दशा एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है। सुविधावाद, भौतिकता एवं धन के बढ़ते वर्चस्व के बीच माता-पिता अपने ही बच्चों की प्रताड़ना के शिकार है। ऐसी बढ़ती समस्याओं पर नियंत्रण के लिये अदालतों को न सिर्फ दखल देना पड़ रहा है बल्कि बच्चों को पाबंद करना पड़ रहा है कि वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करें और उनको सम्मान दें। मद्रास उच्च न्यायालय का ऐसा ही एक फैसला आज के समाज में खून के रिश्तों पर सवाल खड़ा करने वाला है। न्यायालय ने अपने फैसले में साफ किया है कि बुजुर्ग अभिभावकों की इच्छा पूरी करना बच्चों का दायित्व है। न्यायालय का यह फैसला सिर्फ किसी बच्चे और अभिभावकों के बीच संपत्ति विवाद तक सीमित नहीं है। इसे व्यापक अर्थों में देखने और समझने की जरूरत है। संवेदनशील मानसिकता के निर्माण से समाज का माहौल बदल सकता है। अदालत चाहती है कि वृद्ध माता-पिता को उदासीनता एवं उपेक्षा से मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि एक आदर्श परिवार की संरचना को जीवंत किया जा सके एवं वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा को अदालत ने उजागर कर समाज को जागृत करने का सराहनीय काम किया है ऐसा युग जहां रिश्तों की जगह धन हावी होता जा रहा है। इसी कारण वृद्धों को लेकर गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, ये समस्याएं अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके, इसी बात पर अदालत ने अपने फैसले में बल दिया है। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्ध माता-पिता के जीवन को दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। सवाल यह है कि जो माता-पिता कष्ट सहकर भी अपने बच्चों को अच्छी जिंदगी देने की भरपूर कोशिश करते हैं, उन्हीं मां-बाप के बुजुर्ग होने पर बच्चे उनकी देखभाल से जी क्यों चुराने लगते हैं? बच्चों की नजर मां-बाप की संपत्ति तक ही सीमित होकर क्यों रह जाती है? ऐसी बात नहीं है कि सभी बच्चे अपने मां-बाप की उपेक्षा कर रहे हैं, लेकिन आसपास नजरें घुमाने पर ऐसे मामले हर कहीं नजर आ जाते हैं। जाहिर है ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सृसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग बनता जा रहा है। अदालत की यह संवेदनशील सोच है जिससे बच्चों एवं माता-पिता के बीच बढ़ते फासलों को दूर किया जा सकता है, अदालत चाहती है कि ऐसा परिवेश निर्मित हो जिसमें परिवार के वृद्ध हमें कभी बोझ के रूप में दिखाई न दें, हमें यह कभी नहीं सोचना पडे. कि इनकी उपस्थिति हमारी स्वतंत्रता को बांधित करती है। उन्हें पारिवारिक धारा में बांधकर रखा जाये। लेकिन हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्ध माता-पिता की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है।

**माता-पिता भोजन-पानी, दवाई, जरूरत की चीजों से महरूम ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनके सम्मान की स्थितियां भी नगण्य होती जा रही है। वृद्ध माता-पिता की यह दुर्दशा एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है।**

**पारिवारिक संरचना**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com.

## NEWS इन ब्रीफ

### भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीन तस्कर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ तीन तस्करों को धर दबोचा है। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने बुधवार दोपहर इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि मंगलवार रात पुख्ता सूचना के आधार पर उत्तर 24 परगना के हाबरा थाना अंतर्गत जैसोर रोड पर देशबंधु पार्क के पास पुलिस ने घेराबंदी की थी। यहां से गुजरने वाले एक 14 चक्का ट्रक को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें से 4900 बोतल फैंसीडिल बरामद हुई है। यह उत्तर प्रदेश से आ रहा था और सीमा पार फैंसीडिल की तस्करी होनी थी। इसमें सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनकी पहचान कुलदीप (33), धीरज विश्वकर्मा (21) और सानू (18) के तौर पर हुई है। तीनों ही उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। इनके पास फैंसीडिल कहां से आई और उनके अन्य साथी कौन-कौन हैं, इसके बारे में पूछताछ हो रही है बरामद हुई है।

### मोबाइल छिनतई गिरोह के पांच अपराधी गिरफ्तार

**किशनगंज।** कटिहार क्राइम ब्रांच, जीआरपी किशनगंज व टाउन थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी। खगड़ा सर्किट हाउस कालू चौक के पास राज्यस्तरीय गिरोह के 5 सदस्यों को चोरी के मोबाइल, लेपटॉप व दर्जनों सीम के साथ रंगों हाथ गिरफ्तार किया है। गौर करें कि विगत कई माह से किशनगंज रेलवे स्टेशन से लेकर कटिहार व इस्लामपुर के बीच मोबाइल छीन कर फरार हो जाने वाले गिरोह काफी सक्रिय होकर घटना को अंजाम देते हैं। तीन दिन पहले किशनगंज रेलवे स्टेशन से कोचाधामन बलिया निवासी रितेश कुमार यादव ट्रेन से बहार जा रहे थे कि ट्रेन खुलते ही आपरधियों के द्वारा मोबाइल छीनकर युवक को ट्रेन से गिरा दिया था जिसके कारण युवक की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से ही रेल पुलिस व रेलवे क्राइम ब्रांच की टीम अनुसंधान में लग गई और घटना को अंजाम देने वाले अपराधी रूईधासा निवासी अरबाज खान ऊफ झोआ को बडे ही नाटकीय अंदाज में गिरफ्तार कर लिया। झोआ की गिरफ्तारी के बाद चोरी की समान खरीदने वाले राज्यस्तरीय गिरोह के सरगना को गिरफ्तार लिया।

### सपा विधायक की जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

**कानपुर।** सर्वोच्च न्यायालय ने सपा विधायक इरफान सोलंकी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय ने जेल में बंद सपा विधायक की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि सोलंकी के खिलाफ गंभीर अपराध के मामलों में मुकदमा दर्ज है। इसलिए अभी जमानत नहीं दी सकती है, क्योंकि अभी कुछ मामलों में आरोप तय होना बाकी है।
सपा विधायक के अधिवक्ता गौरव दीक्षित ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने इरफान सोलंकी के अधिवक्ता की उन दलीलों को भी खारिज कर दिया। जिसमें कहा कि वह भागेंगे नहीं और सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे। वहीं न्यायालय में उप्र सरकार ने इरफान सोलंकी की जमानत का कड़ा विरोध किया। उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि अपराध के बाद ये फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के जरिए हवाई यात्रा करते थे। इसके सीसीटीवी सबूत भी मिले है। बता दें कि फर्जी आधार कार्ड रखने के मामले मे इरफान सोलंकी ने जमानत की मांग की थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस मामले में सपा विधायक को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने इरफान सोलंकी की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस रविंद्र भट्ट और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच ने इस मामले में सुनवाई की।

# भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण खत्म करना चाहती है मोदी सरकार: निशिकांत

**एजेंसी। शहडोल**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही विंध्य क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान बुधवार को कोतमा में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए झारखंड के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से मुक्ति चाहते हैं। इसके लिए मोदी सरकार कड़े और ठोस कदम उठा रही है। इससे घबराकर ही भ्रष्टाचार में आंकठ डूबे विपक्षी नेता और दल लामबंद हो रहे हैं। पत्रकारवार्ता को यात्रा के प्रभारी एवं सांसद श्री गणेशसिंह ने भी संबोधित किया। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भूख और भ्रष्टाचार के सिवा देश और प्रदेश की जनता को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस के तमाम नेता भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला आया है, जो मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री करप्शननाथ जी के गले की फांस बनने वाला है। उन्होंने कहा कि करप्शननाथ जी का नाम 2010 में एनएचएआई में हुए भ्रष्टाचार के एक बड़े मामले से जुड़ा रहा है। इसी को लेकर अब उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना कर पड़ सकता है। सिर्फ कमलनाथ जी ही नहीं, बल्कि उनके बेटे के भी ऐसे कारनामे उजागर हो चुके हैं। डॉ. दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारें जनता के प्रति जवाबदेह हैं। हम जनता के विश्वास पर खरे उतरते हुए काम कर रहे हैं और जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सरकार के इन्हीं कामों का रिपोर्ट कॉर्ड प्रस्तुत करके जनता का आशीर्वाद मांग रहे हैं। डॉ. दुबे ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा को जिस तरह का समर्थन मिल रहा है, उससे स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है।




प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे मध्यप्रदेश में पांच स्थानों से जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है। विंध्य क्षेत्र की यात्रा क्र. 1 चित्रकूट से प्रारंभ हुई है और अभी तक 26 विधानसभाओं में यह यात्रा पहुंच चुकी है। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकारों ने जो काम किए हैं, वो हर जगह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। इसी का परिणाम है कि यात्रा के प्रति लोगों में भारी उत्साह है और हर जगह यात्रा को जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है। यात्रा के प्रति महिलाओं, बच्चों और छात्र-छात्राओं में भी खासा उत्साह है।

### नीतीश ने मुख्यमंत्री राहत कोष से हिमाचल को दिए पांच करोड़

**पटना।** नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष से हिमाचल सरकार को वर्तमान मानसून के दौरान हुए जानमाल के नुकसान के मद्देनजर पांच करोड़ रुपये की सहायता राशि भेजी है। यह पैसा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास कार्यों के लिए भेजा गया है।
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि मैं हिमाचल प्रदेश में वर्तमान मानसून सीजन के दौरान लगातार बारिश के कारण जानमाल की दुखद हानि और बड़े पैमाने पर संपत्तियों को हुए नुकसान से बहुत व्यथित और दुखी हूं। मैं सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। मुझे विश्वास है कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के लोग जल्द ही उन नुकसानों से उबर जायेंगे।

**नारद स्टिंग मामला**

## सीबीआई ने मैथ्यू को फिर पूछताछ के लिए बुलाया

**एजेंसी। कोलकाता**

नारद स्टिंग ऑपरेशन को अंजाम देने वाले पत्रकार मैथ्यू सैमुअल को एक बार फिर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गवाह के तौर पर तलब किया है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक केंद्रीय एजेंसी उन्हें आने का किराया नहीं देगी तब तक नहीं आएंगे। सीबीआई ने मैथ्यू सैमुअल को 18 सितंबर को कोलकाता के निजाम पैलेस कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। समन मिलने के बाद सैमुअल ने एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि वह तभी सीबीआई के सामने पेश हो पाएंगे, जब जांच एजेंसी उनके हवाई किराए और कोलकाता में रहने की व्यवस्था करेगी।
पत्रकारों को भेजे अपने वीडियो संदेश में सैमुअल ने कहा है, मुझे सीबीआई के कोलकाता कार्यालय



से समन मिला, जिसमें मुझे 18 सितंबर को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जब जांच अधिकारी ने मुझसे संपर्क किया, तो मैंने उन्हें स्पष्ट रूप से सूचित किया कि यदि जांच एजेंसी मेरे हवाई टिकट और आवास के लिए भुगतान नहीं करती है, तो मैं नहीं आ पाऊंगा। उन्होंने आगे कहा, मैं इस मामले में पहले ही 10 से 12 बार सीबीआई के कोलकाता कार्यालय और दिल्ली में एजेंसी के मुख्यालय के सामने पेश हो चुका हूं, और उन्होंने किसी भी अवसर पर मुझे मुआवजा नहीं दिया है।

## सरकार बनते ही बदमाशों का करेंगे पिंडदान : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना/गया**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बुधवार को गया में एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार में हमारी सरकार बनने पर बदमाशों का सुपड़ा साफ हो जाएगा। सरकार बनते ही गया में बदमाशों का पिंडदान करेंगे।
सम्राट चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार में बदमाश या तो बिहार छोड़कर चले जाएंगे या उन्हें परलोक में स्थान दिलाने के लिए गया में पिंडदान, तर्पण और कर्मकांड किया जाएगा। अपराध और अपराधी से मुक्त बिहार बनाएंगे। इसके लिए 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार विधानसभा चुनाव में जीत की नींव डालेंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि मैं लवकुश समाज से आता हूं।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 1994 से इस समाज को ठग रहे हैं। 2025 में घमंडी गठबंधन आईएनडीआईए का विधानसभा चुनाव में बिहार से सफाया कर देंगे। नीतीश कुमार पलटी मार-मार के गद्दी पर बैठना सीख गए हैं। इस बार नीतीश कुमार का पूरा इलाज कर देना है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अबकी बार नीतीश कुमार को छोड़ना नहीं है। बिहार में पांच बार नीतीश कुमार भाजपा के सहयोग से मुख्यमंत्री बने हैं लेकिन उनको आज कल कीड़ा काट लिया है। एक बार दौरा आया था नीतीश कुमार को 2014 में कि देश के प्रधानमंत्री बन जाएंगे तो उस समय दो सीट आई थी। इस बार जीरो हो जाएगा। लालू यादव पर सम्राट ने कहा कि 15 वर्षों तक लालू प्रसाद की सरकार बिहार में रही।

## क्रेडिट कार्ड से करोड़ों रुपए की हेराफेरी,सचिव ने 550 से अधिक खातों में जमा नहीं की राशि

**एजेंसी। उज्जैन**

सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लेकोड़ा में करोड़ों रूपए का गबन हुआ है। सचिव द्वारा किसानों को राशि कम देने और बिना बताए राशि निकालने का मामला सामने आया है। किसानों का आरोप है कि जितना ऋण लिया उससे तीन-चार गुना अधिक ऋण निकला लिया। क्रेडिट कार्ड से करोड़ों रुपए की हेराफेरी हुई है। सेवा सहकारी संस्था लेकोड़ा का सचिव राशि लेकर फरार हो गया ।सचिव ने 550 से ज्यादा किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड के रु. खातों में जमा नहीं किए। इसके बाद रुपए लेकर फरार हो गया। किसान लोन लेने बैंक जब पुनः लोन पहुंचे,तो खाते पर ओवरड्यू होने की जानकारी मिलने पर चौक गए। इसके बाद किसान उज्जैन स्थित सेवा सहकारी संस्था के ऑफिस पहुंचे



और संस्था में ताला जड़ दिया। किसानों का आरोप है कि सचिव 8 करोड़ से ज्यादा रुपए लेकर भागा है। सचिव ने पिछले 6 महीने पहले लिए गए लोन की किस्त, बीमा और खाद-बीज की राशि किसानों से ले ली, लेकिन उनके खाते में जमा नहीं की। यही नहीं, निशिकांत ने बकायदा सील लगी हुई विड्रॉल और जमा पर्ची भी किसानों को लाकर दी। किसान राकेश पटेल ने बताया कि दोबारा लोन के लिए जब बैंक पहुंचा, तो यहां सवा लाख रुपए का ओवर ड्यू बता दिया गया। राकेश ने यह बात गांव में जाकर अन्य सदस्यों को बताई। इसके बाद अन्य सदस्यों ने भी बैंक जाकर पता किया। पता चला कि हर किसान के खाते में ओवरड्यू चल रहा है। किसान अंबाराम ने बताया कि सभी किस्त जमा कर दी थी, लेकिन अब रबी की फसल के लिए जब राशि निकालने पहुंचे, तो पता चला कि पिछला बकाया बढ़कर डबल हो गया है। यही नहीं, राशि भी लिमिट से ज्यादा निकाल ली गई। किसान संजय पटेल का कहना है कि मैंने 84 हजार रुपए लोन लिया था। एक लाख 24 हजार रुपए जमा कर चुके हैं। यहां आए तो पता चला कि 1 लाख 15 हजार और जमा करना है। किसान कलेक्टर ऑफिस में जनसुनवाई में पहुंच गए। प्रदर्शन करते हुए आरोपित को गिरफ्तार करने की मांग की। इसके बाद किसान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की मुख्य शाखा भरतपुरी पहुंचे। अधिकारियों ने संतोषजनक जवाब नहीं तो नाराज किसानों ने बैंक के बाहर ताला जड़ दिया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के एमडी विशेष श्रीवास्तव भी पहुंच गए। उन्होंने बताया कि आरोपित निशिकांत चव्हाण को निलंबित कर दिया है। आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करवाया जाएगा।

## किसान संग रेलवे व श्रमिकों के भी उन्नति का 'स्रोत' है बरौनी में निर्मित 'भारत' यूरिया

एजेंसी। बेगूसराय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से बने बिहार के इकलौते खाद कारखाना हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड बरौनी का नीम कोटेड "भारत" यूरिया बिहार के साथ पड़ोसी राज्यों के किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। गति शक्ति कार्गो टर्मिनल बनने से रेलवे के आय में बड़ा इजाफा हुआ है। 'भारत' ब्रांड का यह यूरिया खाद आयात को भी कम कर चुका है। यह भारतीय रेलवे के आय का भी बड़ा साधन बन गया है।
सोनपुर मंडल के डीआरएम ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में बरौनी खाद कारखाना से 11 सितंबर तक 350 रैक खाद लोडिंग



कर बिहार के विभिन्न हिस्सों एवं झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भेजा गया। इससे रेलवे को करीब 37 करोड़ 64 लाख रुपये के राजस्व की प्राप्ति हुई है। स्थानीय श्रमिकों को भी बड़े पैमाने पर रोजगार मिले हैं। मिनी रैक में 27 हजार 300 एवं फुल रैक में 54 हजार 600 पैकेट "भारत" यूरिया की लोडिंग हो रही है। लगातार हो रहे लोडिंग से स्थानीय श्रमिकों को काम मिल रहा है जो उनके आर्थिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने का बड़ा साधन है।
दरअसल, बंद पड़े बिहार के इकलौते खाद कारखाना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड बनाकर नौ हजार करोड़ की लागत से चालू कराया गया। यहां से प्रतिदिन 3 हजार और आठ सौ 50 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन हो रहा है। आईओसीएल, एनटीपीसी, कोल इंडिया एवं एचएफसीएल के साथ हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड का यह संयुक्त उपक्रम किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुलभ पहुंच के लिए रेलवे द्वारा कारखाना परिसर में गति शक्ति के लिए बिछाए गए 4.2 किलोमीटर रेलवे ट्रैक से 'भारत' यूरिया बिहार और अन्य समीपवर्ती राज्यों में भेजा जा रहा है। बिहार के इस इकलौते कारखाना में बने नीम कोटेड यूरिया से ना सिर्फ खेती की लागत घट रही है, बल्कि जमीन की उर्वरा शक्ति भी बढ़ रही है।

## किसानों को हर सुविधा दिलाने का सरकार का प्रयास : सूर्य प्रताप शाही

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रदेश सरकार हर वक्त प्रयास कर रही है कि किसानों को उनके गांव में ही सारी सुविधाएं उपलब्ध हो जाएं। इसके साथ ही उनकी खेती में कम लागत लगे। इसी क्रम में अब तक 48911 सोलर पंप लगाए जा चुके हैं। केंद्र सरकार की योजना में राज्य सरकार ने अपना हिस्सा 217 करोड़ रुपये व्यय किए हैं। यह बातें प्रदेश के कृषिमंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही। वह लोक भवन में बुधवार को पत्रकार वार्ता कर रहे थे। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को दलहन और तिलहन का निःशुल्क मिनीकिट देने का प्रतिफल दिखने लगा है। इस वर्ष पूरे देश में मोटे अनाज के रकबा में कमी आयी है। उप्र में



रकबा और उत्पादन दोनों में वृद्धि हुई है। इस वर्ष भी मोटे अनाजों का मिनी किट किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार मोटे अनाजों को एमएसपी पर खरीदने की भी व्यवस्था करने जा रही है। इस वर्ष बाजरा के साथ ही ज्वार, कोदो की भी खरीदारी की जाएगी। सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि रासायनिक खादों का प्रयोग कम हो, इसके लिए जैविक खादों के प्रयोग पर बल दिया जा रहा है। इसके लिए सरकार हर खाद को भी बोने का बढ़ावा दे रही है। इसका लाभ किसानों को दिखने लगा है। इससे कम लागत में अधिक मुनाफा को बढ़ावा मिला है। किसानों की आमदनी में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।
मंत्री शाही ने कहा कि जो सहकारिता समाजवादी पार्टी के शासनकाल में बर्बाद हो चुका था। उसमें आज जान आ गयी है। प्रदेश सरकार ने उसकी सदस्यता अभियान को शुरू किया है। इसे महाभियान के रूप में चलाया जा रहा है। इसका परिणाम है कि नये सदस्यों से एक सितम्बर से अबतक 17 करोड़, 58 रुपये राजस्व आ चुके हैं।

**राजनीति** | **लोस चुनाव में सभी दलों से दूरी बना चुकी मायावती का वोट बैंक बढ़ाने पर जोर**

# सवर्णों को साधने में एक बार फिर जुटी बसपा

**2019 के लोकसभा में मिली ताकत के बाद बसपा एक फिर से काडर कैंप करने जा रही है।**

**सवर्ण ब्राम्हण, क्षत्रिय वैश्य सभी को एक बार पार्टी में मजबूती के साथ जोड़ा जायेगा।**

**एजेंसी। लखनऊ**

लोकसभा चुनाव में सभी दलों से दूरी बना चुकी बसपा अपने वोट बैंक को बढ़ाने के लिए नए नए फॉर्मूले अपना रही है। एक तरफ उसके सामने काडर वोट बचाने की चुनौती से जूझ रही, वहीं दूसरी तरफ सवर्णों को जोड़ने की दिशा में काम कर रही है।
राजनीतिक जानकर बातते हैं कि बसपा ने सोशल इंजीनियरिंग का फॉमूर्ला इस्तेमाल कर 2007 में



सत्ता हासिल की थी। पार्टी ने 86 विधानसभा सीटों पर ब्राह्मणों को टिकट दिया था और 41 सीटों पर उन्हें जीत हासिल हुई थी।
इसके बाद उनका यह फॉर्मूला कामयाब नहीं हो सका। बल्कि सवर्ण वोट तो चला ही गया। उनका अपना दलित बेस वोट भी दरकने लगा। उन्होंने इसे बचाने के लिए कई फामूर्ले बनाए लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसी कारण उसने एक बार फिर से सर्व समाज को जोड़ने की मुहिम को चलाया जाने की कवायद हो रही है।
बसपा के जानकर लोग बताते हैं कि पार्टी अपने बेस वोट को मजबूत करने में जुटी है जिससे वह कहीं और छिटक न सके। इसके अलावा सवर्ण वोटों को अपने पाले में रखने के लिए अलग से कार्य योजना बनाई जा रही है।
बसपा से जुड़े एक नेता ने बताया कि 2019 के लोकसभा में मिली ताकत के बाद बसपा एक फिर से काडर कैंप करने जा रही है जिसमें सर्व समाज फॉर्मूले पर विशेष जोर रहेगा, खासकर कमजोर और न्याय प्रिय सवर्ण ब्राम्हण, क्षत्रिय वैश्य सभी को एक बार पार्टी में मजबूती के साथ जोड़ा जायेगा।
बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल कहते हैं कि 2007 की तरह जनता से बसपा का गठबंधन होगा। हमारी पार्टी हर समाज को लेकर चलती है। लोकसभा चुनाव को लेकर 10 बूथ का एक कैडर कैंप चल रहा है जिसमें सर्व समाज के लोगों को बुलाया जाता है। गरीब सवर्ण को बुला रहे हैं। सवर्ण वोट खिसकने को भाजपा का दुष्प्रचार बताया है।
राजनीतिक विश्लेषक प्रसून पांडेय कहते हैं कि यूपी की सियासत में सवर्ण महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इनका सरकार बनाने में बड़ा रोल रहा है। कांग्रेस, सपा और बसपा इनकी बदौलत ही सत्ता में रही है। इनकी अनदेखी कोई दल नहीं कर सकता। मायावती का तो खास फोकस रहता है। इस समय उनके सामने अपने बेस वोट बचाए रखने की और सवर्ण वोट जोड़ने की बड़ी चुनौती है। इसमें वह कितना कामयाब होगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

### पिटाई के बाद तेजाब पिलाकर विवाहिता की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बेगूसराय।** बेगूसराय में दहेज के लिए मारपीट के बाद तेजाब पिलाकर विवाहिता की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना तेघड़ा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-छह की है। मृतका राहुल कुमार ठाकुर की पत्नी सीमा कुमारी है।
मृतका के मायके वाले खगड़िया के अलौली थाना क्षेत्र स्थित सहरबन्नी गांव निवासी बद्री ठाकुर ने पति सहित ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मायके वालों ने बताया कि मंगलवार को तबियत खराब होने की सूचना पाकर जब तेघड़ा स्थित अस्पताल पहुंचे तो अपनी बेटी को गंभीर हालत में देखकर बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।
जहां कि ईलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दिसम्बर 2021 में सामर्थ्य के अनुसार उपहार देकर बेटी का विवाह किया था। एक वर्ष का एक पुत्र भी हुआ। लेकिन ससुराल वाले और सोना एवं पैसा लाने के लिए बराबर प्रताड़ित तथा मारपीट करते थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अर्जेंटीना ने मेसी के बिना बोलीविया को 3-0 से हराया



**ला पीएजेड।** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने मंगलवार को यहां बोलीविया पर 3-0 से जीत के साथ दक्षिण अमेरिका के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अपनी शानदार शुरूआत बरकरार रखी। कप्तान लियोनेल मेसी के बिना खेलते हुए, मैच के 31वें मिनट में एंजो फर्नांडीज ने गोल कर अर्जेंटीना को बढ़त दिला दी। इसके कुछ ही समय बाद जब रॉबर्टो फर्नांडीज को क्रिस्टियन रोमेरो को कड़ी चुनौती देने के लिए दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया तो मेजबान टीम को 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। मैच के 42वें मिनट में निकोलस टैग्लियाफिको ने हेडर के जरिये गोल कर अर्जेंटीना की बढ़त 2-0 कर दी।

### हांग्जो एशियाई खेलों में 183 एथलीट भेजेगा मकाओ एसएआर



**मकाओ।** चीन का मकाओ विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (एसएआर) आगामी हांग्जो एशियाई खेलों के लिए 183 एथलीटों सहित 273 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। सिन्हुआ के अनुसार, एथलीट, जिन्हें उड़ान भरने से पहले मंगलवार को मकाओ एसएआर के मुख्य कार्यकारी हो इआत सेंग ने विदाई दी, एक्वाटिक्स, ट्रैक और फील्ड, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और मार्शल आर्ट सहित 21 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हो ने एथलीटों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे देश और मकाओ के लिए पदक जीतेंगे और हांगकांग और मकाओ एसएआर के साथ गुआंग्डोंग प्रांत द्वारा सह-मेजबानी में होने वाले 15वें चीनी राष्ट्रीय खेलों 2025 के लिए पूरी तैयारी करेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायॉन की टीम में वापसी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी ऑलराउंडर क्लो ट्रायॉन 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली सफेद गेंद श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल होने के लिए छुट्टी से लौट आई हैं। क्लो छुट्टी के कारण दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा पाकिस्तान दौरे से हट गई थीं, लेकिन अब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला से लौरा वोल्वार्ड्ट की अगुवाई वाली टीम में शामिल होने के लिए उपलब्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान से टी20 सीरीज 3-0 से हार गया, लेकिन वनडे सीरीज जीतने में कामयाब रहा, जिसका आखिरी मैच गुरुवार को कराची में होगा।

### पाकिस्तानी टीम में नसीम शाह की जगह जमान खान शामिल



**कोलंबो।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जमान खान ने मौजूदा एशिया कप में नसीम शाह की जगह ली है। भारत के खिलाफ मैच के दौरान नसीम के दाहिने कंधे में चोट लग गई थी। टीम के मेडिकल पैनल द्वारा उनकी निगरानी जारी रखी जा रही है जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहा है। जमान खान ने टी20 प्रारूप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है। पाकिस्तान के लिए छह टी20 में उन्होंने 32.5 की औसत और 6.66 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए हैं। रविवार को बारिश के कारण पहला दिन धुल जाने के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रिजर्व डे पर चला गया।

# पाल्कबे नेशनल स्टैंड अप पैडलिंग चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे 80 से अधिक पैडलर्स



**एजेंसी। रामेश्वरम**

देश भर से 80 से अधिक स्टैंड-अप पैडलर्स 14 और 15 सितंबर 2023 को पाल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग (एसयूपी) चैंपियनशिप 2023 में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे। भारत में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग के खेल के लिए शासी निकाय - सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी की जा रही है। टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में गत विजेता और शीर्ष भारतीय स्टैंड-अप पैडलर्स शेखर पचाई, मोनिका पुगझारसु और गायत्री जुवेकर भी रामेश्वरम के प्राचीन पिरप्पनवलसाई समुद्र तट पर एक्शन में दिखाई देंगे। इस आयोजन को तमिलनाडु सर्फिंग एसोसिएशन का भी समर्थन प्राप्त है, जबकि क्यूटीटी एडवेंचर स्पोर्ट्स अकादमी (क्वेस्ट अकादमी) चैंपियनशिप आयोजक होगा। पाल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप में तीन केटेगरी में पुरुष, महिला और ग्रोम्स (अंडर 16) श्रेणियों के प्रतियोगी भाग लेंगे; स्प्रिंट (200 मीटर), तकनीकी (2 किमी) और डिस्टेंस (12 किमी)। रेसिंग के स्प्रिंट वर्ग में अपनी पैडल ताकत और गति का परीक्षण करने के लिए गैर-रैंकिंग एथलीटों के लिए एक ओपन केटेगरी की रेस भी होगी।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जेहान ड्राइवर ने कहा, पाल्कबे एसयूपी चैलेंज के पीछे का उद्देश्य स्टैंड-अप पैडलिंग के रोमांचक खेल को बढ़ावा देना था और हमें खुशी है कि कम समय में हमने इतना आकर्षण इकट्ठा कर लिया है कि दूसरे संस्करण में लड़ने के लिए नए चेहरे तैयार हो रहे हैं। निस्संदेह यह खेल विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्रीड़ा खेल है और देश भर से हमारे प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए इसका प्रभाव भारत में भी दिखाई दे रहा है। मैं चैंपियनशिप के लिए निरंतर समर्थन के लिए तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और रामनाथपुरम के जिला प्रशासन का आभारी हूं। पाल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैम्पियनशिप पेशेवर रूप से अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग एसोसिएशन (आईएसए) के नियमों के अनुसार आयोजित की जाती है। पुरुष वर्ग में पिछले साल सभी रेस जीतने वाले मौजूदा चैंपियन सेकर पचाई, डिस्टेंस रेस (6 किमी) की विजेता मोनिका पुगाझारसु और महिला वर्ग में स्प्रिंट रेस जीतने वाली गायत्री जुवेकर के साथ-साथ कुछ अन्य उल्लेखनीय नाम जैसे मणिकंदन डी और प्रवीण भी प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे।

### शानदार कमबैक पर केएल राहुल बोले

# मुझे पिछले 3 या 4 महीनों की तैयारी पर भरोसा था

**एजेंसी। कोलंबो**

केएल राहुल को शुरू में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच के लिए भारत की प्लेइगं-11 में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन अंतिम समय में श्रेयस अय्यर की जगह उन्हें मौका मिला और उन्होंने कमबैक करते हुए शतक जड़ा। आईपीएल 2023 में दाहिनी जांघ की चोट के लिए सर्जरी और पुनर्वास के बाद केएल राहुल ने करीब 3-4 महीनों बाद अंतर्राष्ट्रीय मैच में वापसी की। बारिश से प्रभावित मैच में पाकिस्तान के खिलाफ राहुल ने नाबाद 111 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने कई अच्छे शॉट्स लगाए और विकेटकीपिंग भी की।



फिर, मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ राहुल ने 44 गेंदों में 39 रन बनाए। इस मैच में राहुल ने शानदार विकेटकीपिंग से भी अपनी छाप छोड़ी और भारत की जीत में योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी शानदार वापसी के बारे में बोलते हुए राहुल ने प्रदर्शन का श्रेय पिछले 3-4 महीनों में की गई तैयारियों को दिया। राहुल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे किसी भी चीज के बारे में सोचने के लिए इतना समय नहीं मिला क्योंकि यह आखिरी क्षण था। लेकिन मैंने पिछले तीन या चार महीनों में अपनी तैयारी पर भरोसा किया। मैं यह सोचकर श्रीलंका आया था कि मैं प्लेइंग-11 में शुरूआत करूंगा और बस इतना ही मैं इसके लिए कैसे तैयारी कर रहा था।" यह पूछे जाने पर कि बल्लेबाजी करते समय उन्हें क्या महसूस हुआ, राहुल ने कहा, ₹जब मैंने पहली कुछ गेंदें खेलीं, तो मैं घबरा गया और यह पता लगाने की कोशिश की कि मैं इस पिच पर कौन से शॉट खेल सकता हूं और दबाव कम कर सकता हूं। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ यह अलग था क्योंकि पिच ने हमें अधिक शॉट खेलने और यह देखने की अनुमति दी कि मैच के अनुसार क्या उपयुक्त है। लेकिन श्रीलंका के खिलाफ मुझे खुशी है कि मैंने आउट होने तक जो शॉट खेलना चुना वह अच्छे थे। राहुल ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने बेंगलुरु में एनसीए में अपनी विकेटकीपिंग पर कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा, जब मैं एनसीए में था, रिकवरी के दौरान, मैंने वहां के कोचों के साथ अपनी कीपिंग पर काम किया। पहले, मैं ज्यादातर बल्लेबाजी करता था लेकिन इस बार मैंने अपना काफी समय कीपिंग पर भी बिताया। उम्मीद है कि मैं दोनों जिम्मेदारी अच्छी तरस से निभा सकता हूं। पिछले दो मैचों में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने दो मैचों में 9 विकेट लिए हैं। राहुल यह देखकर खुश थे कि कुलदीप शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और टीम के लिए बेहतरीन गेंदबाज बन रहे हैं।

# एशियन गेम्स 2023 : भारतीय रग्बी सैवन्स महिला टीम घोषित

### शीतल शर्मा होंगी कप्तान

**एजेंसी। कोलकाता।**

रग्बी इंडिया ने बुधवार को यहां आयोजित एक आधिकारिक समारोह में 19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय रग्बी सैवन्स महिला टीम की घोषणा कर दी है। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर 2023 के बीच चीन के हैंगझोउ, झेजिआंग प्रान्त में किया जा रहा है। भारतीय टीम एशिया के सबसे बड़े खेल मंच पर अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए तैयार है। इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने टीम की घोषणा के अवसर पर कहा, 50 दिन के कैम्प के अंत में रग्बी इंडिया आत्मविश्वास के साथ कह सकती है कि यह एथलीट्स की सर्वश्रेष्ठ स्क्वैड है। हमारा कोचिंग स्टाफ खिलाड़ियों को इस खेल आयोजन के लिए मानसिक, शारीरिक एवं मनौवैज्ञानिक रूप में तैयार करेगा। हमारी इच्छा मात्र यही है कि देश हमारी महिलाओं को समर्थन दे,




उनके पंखों को उड़ान भरने के लिए प्रोत्साहित करे। इस अवसर पर भारतीय कप्तान शीतल ने कहा, देश को हमारी टीम से ढेरों उम्मीदें हैं, जो एशियाई खेलों में हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। हमारे सामने चाहे कोई भी टीम हो, हमें यही सिखाया गया है कि हमें हार नहीं माननी है। हम प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं और कैम्प में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें बहुत अच्छी कोचिंग और सुविधाएं मिली हैं। हमें विश्वास है कि हम एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करेंगे। शीतल शर्मा ने टीम ने उस टीम की कप्तानी भी की है जिसने हाल ही में मलेशिया में आयोजित बोर्नियो 7 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम के मुख्य कोच लुडविचे वैन देवेंतर ने कहा, एशियाई खेलों तक पहुंचने की पिछले 5 सालों की यात्रा बेहद चुनौतीपूर्ण और रोचक रही है। हर खिलाड़ी का उत्साह और मेहनत हमें इस मुकाम तक लेकर आई है, जहां हमें एशियाई मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। भारत का कैंपेन 24 सितम्बर को सुबह के सत्र में हांग-कांग चीन के साथ तथा दोपहर के सत्र में जापान के साथ शुरू हुआ। भारत को ग्रुप एफ में डिफेंडिंग चैम्पियन जापान, हांग कांग, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है।

## भारत-बांग्लादेश मुकाबले से पहले मुशिफकुर रहीम टीम से बाहर



**एजेंसी। कोलंबो**


बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया कि अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम शुक्रवार को भारत के खिलाफ होने वाले एशिया कप में बांग्लादेश के सुपर फोर मैच में नहीं खेल पाएंगे। 9 सितंबर को कोलंबो में सुपर फोर मैच में श्रीलंका से बांग्लादेश की 21 रनों से हार के बाद मुशिफकुर रहीम श्रीलंका से अपने देश लौट गए हैं क्योंकि उनके घर में नन्ही परी ने जन्म लिया है। जिसके चलते मुशिफकुर रहीम अब आगे एशिया कप में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, पहले उन्हें 15 सितंबर को भारत के खिलाफ मैच के लिए वापस आना था। लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया कि मुशिफकुर ने ढाका में अपनी पत्नी जन्नतुल केफायत मोंडी और नवजात बच्चे के साथ रहने के लिए छुट्टी को बढ़ा दिया है। बीसीबी क्रिकेट संचालन अध्यक्ष मोहम्मद जलाल यूनुस ने कहा, मुशफिकुर ने हमें सूचित किया है कि उनकी पत्नी अभी भी रिकवर कर रही हैं।

### हालेप ने डोपिंग रोधी प्रतिबंध पर कहा

# मैं इन झूठे आरोपों से अपना नाम साफ कर दूंगी

**एजेंसी। लंदन**

दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप को दो अलग-अलग डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन पर चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने उनके खिलाफ फैसला सुनाया और कहा कि डोपिंग रोधी सामग्री की मात्रा बहुत अधिक है। उसके शरीर में पाया जाने वाला पदार्थ किसी दूषित पूरक से नहीं आ सकता। आईटीआईए ने मंगलवार को यह बात कही और डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के मुद्दे पर गौर किया, जिससे उन पर चार साल के प्रतिबंध की पुष्टि हो गई। 2022 में यू.एस. ओपन में



प्रतिबंधित पदार्थ रोक्साडस्टैट के लिए प्रतिकूल विश्लेषणात्मक खोज (एएएफ) से संबंधित पहला (चार्ज) प्रतियोगिता के दौरान नियमित मूत्र परीक्षण के माध्यम से किया गया था।

ट्रिब्यूनल ने हालेप के इस तर्क को स्वीकार कर लिया कि उन्होंने एक दूषित पूरक लिया था, लेकिन यह निर्धारित किया कि खिलाड़ी द्वारा ली गई मात्रा के परिणामस्वरूप सकारात्मक नमूने में रॉक्सडस्टैट की सांद्रता नहीं पाई गई। आईटीआईए ने एक बयान में कहा, दूसरा आरोप हालेप के एथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट (एबीपी) में अनियमितताओं से संबंधित है। 31 वर्षीय पूर्व विंबलडन और फ्रेंच ओपन चैंपियन को पिछले साल यूएस ओपन में प्रतिबंधित रक्त-बूस्टर रॉक्सडस्टैट के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद अक्टूबर 2022 से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।

उनका निलंबन 6 अक्टूबर, 2026 तक रहेगा।

### वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान

## नवीन उल हक को मिली जगह

**एजेंसी। काबुल**

अफगानिस्तान ने भारत में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी पुरुष विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज नवीन उल हक, जिन्होंने आखिरी बार 2021 में लिस्ट ए मैच खेला था। दो साल के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सीनियर ऑलराउंडर गुलबदीन नायब मौजूदा एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम से बाहर हैं। नवीन ने अफगानिस्तान के लिए सात वनडे मैच खेले हैं और 25.42 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। इस बीच नायब ने पाकिस्तान सीरीज में अपनी वनडे वापसी पर चमक बिखेरी और बाद में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट लिए लेकिन वो वर्ल्ड कप की टीम में जगह नहीं बना पाए। चोट के कारण एशिया कप से बाहर रहने वाले अजमतुल्लाह ओमरजई की



भी टीम में वापसी हुई है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली टीम में एशिया कप में खेलने वाले ग्रुप से चार बदलाव किए गए हैं। नायब के अलावा करीम जनत, शराफुद्दीन अशरफ और सुलेमान सफी भी चूक गए। हालांकि, नवीन की टीम में वापसी के साथ अब फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और उमरजई के साथ अफगानिस्तान की गेंदबाजी में गहराई होगी।

### टूर्नामेंट — अश्विनी-तनिषा की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

# लक्ष्य सेन ने नाम वापस लिया

**एजेंसी। कॉव्लून (हांगकांग)**

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को अपने पुरुष एकल के शुरूआती दौर के मैच से दो घंटे पहले हट गए, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे के सु ली यांग को वॉकओवर मिल गया। वर्ल्ड नंबर 7 एचएस प्रणय की अनुपस्थिति में आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य टूर्नामेंट में पुरुष एकल में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय शटलर थे। चाइना ओपन के पहले दौर में हारने के बाद, लक्ष्य को प्रणय, किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधु की अनुपस्थिति में खिताब के लिए सबसे बड़ा दांव माना जा रहा था। यह तिकड़ी एशियाई खेल 2022 के लिए राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा होगी। टूर्नामेंट के पहले दौर में लगातार बाहर होने के बाद, लक्ष्य को बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में अपना 8वां स्थान खोने की संभावना है। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में कनाडा ओपन सुपर 500 में टूर्नामेंट जीता था।

इस बीच, अश्विनी पोनप्पा और



तनीषा क्रैस्टो (50वीं रैंकिंग) की महिला युगल जोड़ी दुनिया की नंबर 21 चीनी ताइपे ली चिया सीन और टेंग चुन हसुन की जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। । मिश्रित युगल में, अश्विनी, बी सुमेथ रेड्डी के साथ, तीन गेमों में मलेशियाई जोड़ी चेंग तांग जी और तोह ई वेई से 16-21, 21-16, 18-21 से हार गईं। पुरुष युगल में, कृष्णा प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला को पहले दौर में को सुंग ह्यून और शिन बाक चेओल की कोरियाई जोड़ी से 14-21, 19-21 से हारकर बाहर होना पड़ा। दुनिया के 28वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु रावत भी जापान के कांता त्सुनेयामा से 13-21, 14-21 से हारकर जल्दी बाहर हो गए। महिला एकल में, आकर्षी कश्यप शुरूआती दौर में यवोन ली से 18-21,10-21 से हार गईं, जबकि मालविका बंसोड़ का सामना विश्व नंबर 17 चीन की झांग यी मैन से होगा।

### पीवी सिंधु ने एप्पल सीईओ टिम कुक से की मुलाकात, दिया बैडमिंटन मैच का ऑफर



**शीर्ष भारतीय** शटलर पीवी सिंधु ने कैलिफोर्निया में एक लॉन्च इवेंट में एप्पल के सीईओ टिम कुक से मुलाकात की और इस दौरान ली गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। एप्पल ने मंगलवार को अपने अगली पीढ़ी के आईफोंस का अनावरण किया और यह कार्यक्रम अमेरिका के क्यूपर्टिनो में कंपनी के मुख्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने भी हिस्सा लिया। सिंधु ने इंस्टाग्राम पर एप्पल सीईओ के साथ एक सेल्फी साझा की और उस पल को अविस्मरणीय करार दिया और कुक के अगले भारत दौरे पर उनके साथ बैडमिंटन खेलने का प्रस्ताव भी रखा। सिंधु ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एप्पल क्यूपर्टिनो में मुख्य भाषण के दिन टिम कुक से मुलाकात एक अविस्मरणीय क्षण! मुझे अपने पास रखने के लिए धन्यवाद, टिम। शानदार एप्पल पार्क देखना और आपसे मिलना खुशी की बात थी! जब आप अगली बार भारत आएंगे तो मैं आपके बैडमिंटन खेलने का प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार करूंगी।"



**NEWS इन ब्रीफ**

### तालिबान सरकार कसेगी पाक पर लगाम, पाक करंसी पर लगेगा बैन


**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान सरकार आने पर सबसे अधिक खुश होने वाले पाकिस्तान को अब इसका अंजाम भी भुगतना पड़ कहा है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमाओं पर लगातार गोलीबारी से परेशान तालिबान पर आंतकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रही है। तालिबान ने इनआरोपों का सख्ती से विरोध किया है और पाकिस्तान पर नकेल कसने के इरादे से बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। दोनों देशों के बीच सीमा पर जारी गतिरोध के बीच अब अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पाकिस्तानी करंसी पर बैन लगाने के मूड में है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सेंट्रल बैंक ऑफ अफगानिस्तान ने पिछले सप्ताह से देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में अफगानी मुद्रा को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। अब जल्द ही पाकिस्तानी मुद्रा (करंसी) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की संभावना है।

### 2050 तक नेट जीरो हासिल करने की राह पर सैमसंग

**नई दिल्ली।** सैमसंग की लॉन्ग-टर्म एनवायर्नमेंटल मैनेजमेंट स्ट्रैटेजी जारी करने की एक साल की सालगिरह नजदीक आने के साथ, दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज ने कहा है कि वह 2050 तक कंपनी भर में नेट जीरो हासिल करने की राह पर है। पिछले साल सितंबर में, सैमसंग ने डिवाइस एक्सपीरियंस (डीएक्स) डिवीजन में नेट जीरो हासिल करने के लिए अपने रोड मैप का विवरण देते हुए नए एनवायर्नमेंटल स्ट्रैटेजी का अनावरण किया, जिसमें 2030 तक अपने मोबाइल और घरेलू उपकरणों के कारोबार को कवर किया गया और कंपनी स्तर पर 2050 तक इसके चिप डिवाइस सॉल्यूशंस (डीएस) डिवीजन को भी शामिल किया गया।

## 2030 तक 60 से 70 लाख इकाई बिकने के आसार

# वाहन कंपनियों का बढ़ता बाजार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश का यात्री वाहन उद्योग सालाना 60 से 70 लाख इकाइयों के आंकड़े को छूने को तैयार है, ऐसे में परिचालन को स्थिर और पर्यावरण अनुकूल बनाने की जरूरत है। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के प्रबंध निदेशक और चीफ एग्जक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) हिसाशी ताकेयूची ने बुधवार को यह बात कही।ताकेयूची ने बुधवार को यहां वाहन कलपुर्जा विनिमार्ता संघ (एक्मा) के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ह्यआज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2030-31 तक यात्री वाहन बाजार का आकार सालाना 60 से 70 लाख इकाई तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि परिचालन का पैमाना मौजूदा स्तर का लगभग दोगुना होगा।ताकेयूची ने कहा, ह्यइसलिए हमारे व्यवसायों को चीजों की समीक्षा करने की जरूरत होगी और परिचालन के ऊंचे स्तर के अनुरूप खुद को ढालना होगा। उस समय परिचालन कई स्थानों पर फैला होगा। इसके साथ ही हमें अपने परिचालन को टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की जरूरत होगी। उन्होंने घरेलू वाहन कलपुर्जा उद्योग से स्थानीय डिजाइन और विकास क्षमता को मजबूत करने की दिशा में काम करने और कारोबार में विविधता के लिए मौजूदा श्रमबल का कौशल बढ़ाने को भी कहा।ताकेयूची ने कहा कि ऑटो पार्ट्स सेक्टर को अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। साथ ही क्वलिटी और क्वांटिटि को पूरा करने के लिए कुशल मानव संसाधन के महत्व को भी रेखांकित किया। ताकेयूची ने कहा, 'भारत के पास एक प्रतिभावान पूल है, लेकिन उन्हें उद्योग के लिए तैयार करने के लिए मूल्य श्रृंखला में सहयोग की अधिक आवश्यकता है। यहां, मैं सरकार से भी सक्रिय समर्थन का आग्रह करता हूं।

## एचएसबीसी ने निवेशकों के लिए शुरू किया नया डिजिटल अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एक डिजिटल निवेशक शिक्षा अभियान एसआईपी है फायदे वाली आदत का आरंभ किया है, जो दीर्घ कालिन वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में एसआईपी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। अपनी तरह के इस पहले अनूठे अभियान का लक्ष्य है भारत में 27 से 35 वर्ष के बीच की आयु के मिलेनियल निवेशकों को शिक्षित और सक्षम करना। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए एचएसबीसी असेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) प्रा. लि. के सीईओ कैलाश कुलकर्णी ने कहा कि एसआईपी है फायदे वाली आदत एसआईपी को एक आदत के रूप में प्रस्तुत करता है, जो सकारात्मक दिनचर्या के लाभ की झलक दिखाता है, और जानकारी से परिपूर्ण तथा आत्मविश्वास से भरपूर मिलेनियल निवेशकों की पीढ़ी को बल देता है। इस उपक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य है दो महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित करना. पहला है, एसआईपी एक निवेश से भी बढ़कर है। यह एक व्यवस्थित आदत है जो मिलेनियल्स को तात्कालिक और दीर्घ कालिक दोनों लक्ष्यों के लिए नियमित रूप से निवेश करने में सक्षम बनाती है। दूसरा, हम एसआईपी द्वारा प्रदान किए जानेवाले निवेश में आसानी और चक्रवृद्धि की शक्ति पर बल दे रहे हैं।

## सब्जियों की कीमतों में कमी के चलते खुदरा महंगाई गिरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

खाने-पीने की चीजों खासतौर से टमाटर की कीमतों में कमी के चलते अगस्त 2023 में खुदरा महंगाई दर के आंकड़ों में गिरावट आई है। अगस्त में खुदरा महंगाई दर घटकर 6.83 फीसदी रही है जो जुलाई में 15 महीने के हाई 7.44 फीसदी पर जा पहुंची थी। जून 2023 में खुदरा महंगाई दर 4.81 फीसदी रही थी। बीते वर्ष अगस्त 2022 में खुदरा महंगाई दर 7 फीसदी रही थी। अगस्त में भले ही खुदरा महंगाई दर में गिरावट आई हो लेकिन ये अभी भी आरबीआई के टोलरेंस बैंड के अपर लेवल 6 फीसदी से ऊपर बना हुआ है।


सांख्यिकी मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों में खुदरा महंगाई दर 7.63 फीसदी से घटकर 7.02 फीसदी रही है जबकि शहरी इलाकों में महंगाई दर 7.20 फीसदी से घटकर 6.59 फीसदी पर आ गई है। वहीं अगस्त महीने में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर में जुलाई के मुकाबले गिरावट देखने को मिली है और ये 10 फीसदी के नीचे जा पहुंचा है।

### सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 168 अंक टूटा, निफ्टी भी लुढ़का

**मुंबई।** थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को आठ दिन के तेजी के सिलसिले पर ब्रेक लगा और सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में लगभग 168 अंक टूट गया। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी से बाजार धारणा प्रभावित हुई। इसके अलावा घरेलू बाजार के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से भी निवेशकों ने सतर्कता बरती। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 167। 77 अंक टूटकर 67,053। 36 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व और इन्फोसिस के शेयर नुकसान में थे। वहीं, आईटीसी, पावर ग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर लाभ में थे। अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान थे, जबकि जापान का निक्की लाभ में कारोबार कर रहा था।

## आरबीआई का बड़ा फैसला, ग्राहकों को मिली राहत

# होम लोन चुकाने के 30 दिन के अंदर बैंकों को लौटाने पड़ेंगे रजिस्ट्री पेपर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने होम लोन ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। अब होम लोन चुकाने के बाद आपको 30 दिन के अंदर आपका रजिस्ट्री पेपर वापस मिल जाएगा। आरबीआई ने बैंकों को निर्देश जारी कर दिया है। अगर बैंक 30 दिन के अंदर ग्राहकों को रजिस्ट्री पेपर वापस नहीं करती है तो बैंक को हर रोज 5000 रुपए का जुर्माना भरना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के लिए प्रॉपर्टी के दस्तावेज लौटने के नियम जारी करते हुए बैंकों से साफ कर दिया है। अभी तक लोन पूरा होने के बावजूद रजिस्ट्री के कागज लेने के लिए लोगों को भटकना पड़ता था और बैंक की प्रक्रिया के चलते इसके लिए कई चक्कर लगाने पड़ते थे। इस फैसले के बाद उन होम लोन ग्राहकों को बड़ी राहत मिल सकेगी। आरबीआई ने बैंकों से यह भी साफ कर दिया है कि जिन ग्राहकों ने होम लोन चुकता कर दिया है। उनके प्रॉपर्टी के कागजात उस ब्रांच में 30 दिन के अंदर होना चाहिए ताकि ग्राहकों को समय पर उनका दस्तावेज वापस मिल सके। अगर किसी होम लोन ग्राहक का प्रॉपर्टी पेपर खो जाता है या दस्तावेज खराब हो जाते हैं तो इसकी जिम्मेदारी बैंकों को उठानी पड़ेगी। आरबीआई ने बैंकों को निर्देश जारी करते हुए। ये साफ कर दिया है कि ऐसी स्थिति में ग्राहकों के नुकसान की भरपाई बैंकों को करनी होगी। आरबीआई ने बैंकों को निर्देश देते हुए कहा है कि दस्तावेज खो जाने की स्थिति बैंक अगले 30 दिन के अंदर नए कागजात बनाकर लोन ग्राहकों को लौटाने होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने निर्देश जारी करते हुए बैंकों से कहा है कि किसी भी ग्राहक के दस्तावेज लौटाने में बैंक देरी न करें। अगर कोई बैंक ऐसा करता है तो उसे हर 5000 रुपए के हिसाब से जुर्माना भरना होगा। दरअसल ऐसी कई शिकायतें मिल रही थी कि लोन चुकता करने के बाद भी आसानी से उस ग्राहक को उनके प्रॉपर्टी पेपर नहीं मिल पाते थे।

## विदेश

# वनकॉइन के सह-संस्थापक को 20 साल की जेल




**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

अरबों डॉलर की क्रिप्टोकरेंसी स्कीम वनकॉइन के सह-संस्थापक कार्ल सेबेस्टियन ग्रीनवुड को अमेरिका में 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। अमेरिकी न्याय विभाग ने एक बयान में कहा कि अरबों डॉलर की ₹बिटकॉइन किलर₹ धोखाधड़ी ने 2014 और 2016 के बीच लाखों निवेशकों से चार अरब डॉलर हड़प लिए। सोफिया, बुल्गारिया में स्थित वनकॉइन ने वैश्विक मल्टी-लेवल-मार्केटिंग नेटवर्क के माध्यम से इसी नाम से एक धोखाधड़ी वाली क्रिप्टोकरेंसी का विपणन और बिक्री की। ग्रीनवुड की पार्टनर रूजा इग्नाटोवा (उर्फ 'क्रिप्टोक्वीन') जिसे एफबीआई की 'टॉप टेन मोस्ट वांटेड लिस्ट' में शामिल किया गया था, अभी भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को एक लाख डॉलर का इनाम दिया गया है। यूएस अटॉर्नी डेमियन विलियम्स ने कहा, वनकॉइन के संस्थापक और नेता के रूप में, कार्ल सेबेस्टियन ग्रीनवुड ने अब तक की सबसे बड़ी धोखाधड़ी योजनाओं में से एक का संचालन किया। ग्रीनवुड और उसके सह-साजिशकर्ताओं, जिनमें भगोड़ा रुजा इग्नाटोवा भी शामिल है, ने 'वित्तीय क्रांति' के वादे के साथ बेखबर पीड़ितों को अरबों डॉलर का चूना लगाया और दावा किया कि वनकॉइन 'बिटकॉइन किलर' होगा। उन्हें जुलाई 2018 में थाईलैंड के कोह समुई द्वीप पर उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था और धोखाधड़ी तथा मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया गया था। वनकॉइन्स की कोई कीमत नहीं बची, और निवेशकों के पास कुछ भी नहीं बचा था, जबकि ग्रीनवुड ने 30 करोड़ डॉलर से अधिक की कमाई कर ली। विलियम्स ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह लंबा वाक्य वित्तीय क्षेत्र में गूंजेगा और निवेशकों से झूठ बोलने और धोखाधड़ी के माध्यम से क्रिप्टोकरेंसी पारिस्थितिकी तंत्र का फायदा उठाने वाले किसी भी व्यक्ति को रोकेगा। कुल मिलाकर, 35 लाख से अधिक पीड़ितों ने वनकॉइन में निवेश किया और इस योजना से चार अरब डॉलर से अधिक का नुकसान उठाया। ग्रीनवुड ने ब्राजील में एक विशेष पाँच सितारा रिजॉर्ट में ठहरने के लिए धोखाधड़ी से प्राप्त लगभग 10 हजार डॉलर का उपयोग किया। उस महीने के अंत में, उसने थाईलैंड के कोह समुई में समुद्र तट के दृश्य वाले एक लक्जरी विला में रहने के लिए धोखाधड़ी से प्राप्त अतिरिक्त 21 हजार डॉलर का उपयोग किया। न्याय विभाग ने कहा कि जब ग्रीनवुड ने मई 2016 में बार्सिलोना की यात्रा की, तो उसने एक अन्य लक्जरी पांच सितारा होटल में रहने के लिए निवेशकों के धन का इस्तेमाल किया और अपनी यात्रा की अवधि के लिए एक रेंज रोवर किराए पर लिया।

### वेस्ट बैंक में गोलीबारी में दो इजरायली घायल

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी और इजरायली सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, वेस्ट बैंक में एक फिलिस्तीनी बंदूकधारी द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम दो इजरायली घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, हमला मंगलवार को नब्लस शहर के हुवारा गांव में हुआ। इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन चिकित्सा सेवा ने कहा कि जब बंदूकधारी ने उनके वाहन पर गोलीबारी की तो दोनों इजराइली पीड़ित, जो 30 साल के थे, कांच के टुकड़ों से घायल हो गए। मैगन डेविड एडोम ने कहा, उनका घटनास्थल पर ही इलाज किया गया और उन्हें कोई खतरा नहीं है। इजरायली मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि बंदूकधारी एक वाहन में घटनास्थल से भाग गया, जबकि फिलिस्तीनी सूत्रों ने पुष्टि की कि इजरायली सेना ने गोलीबारी के बाद हुवारा गांव में सेना तैनात कर दी और नब्लस में चौकियों को बंद कर दिया।

## बाइडेन के खिलाफ महाभियोग की जांच शुरू

# बेटे को बिजनेस में फायदा पहुंचाने का आरोप



**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर और रिपब्लिकन पार्टी के नेता केविन मैक्कार्थी ने राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू कर दी है। रॉयटर्स के मुताबिक बाइडेन पर उप-राष्ट्रपति रहते हुए 2009-17 के बीच अपने बेटे हंटर को बिजनेस डील्स में फायदा पहुंचाने के आरोप लगे हैं। अब इसके लिए हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में औपचारिक प्रस्ताव लाया जाएगा। मैक्कार्थी ने बताया कि रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने कई फोन कॉल्स, मनी ट्रांसफर और दूसरी गतिविधियों से जुड़े सबूत दिए हैं। इनसे बाइडेन परिवार के भ्रष्टाचार में शामिल होने के संकेत मिलते हैं। हालांकि, इसमें बाइडेन खुद शामिल थे या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। बाइडेन के खिलाफ जांच यूक्रेन में हंटर बिडेन के व्यापारिक सौदों पर केंद्रित होगी। रिपब्लिकन पार्टी इस साल की शुरूआत से मामले में सबूत जुटाने की कोशिश कर रही है। रॉयटर्स के मुताबिक, 2020 में सीनेट की जांच और इस साल रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं की तरफ से की गई छानबीन में बाइडेन के खिलाफ सबूत नहीं मिले थे। इस पर हाउस स्पीकर मैक्कार्थी ने कहा- हम उसी दिशा में बढ़ेंगे जहां सबूत हमें ले जाएंगे। 535 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के 222 सदस्य हैं। अमेरिका में अब तक महाभियोग के जरिए किसी भी राष्ट्रपति को हटाया नहीं गया है। अगर जांच पूरी होने पर बाइडेन दोषी पाए जाते हैं तो वो पहले अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे जिन्हें इस तरह पद को छोड़ना पड़ेगा। हंटर इल्फ पार्टनर्स (शंघाई) इन्वेस्टमेंट फंड मैनेजमेंट कंपनी के बोर्ड मेंबर रहे हैं जो एक चीनी कंपनी है। इसके अलावा हंटर बरिस्मा होल्डिंग्स लिमिटेड के भी बोर्ड मेंबर रहे हैं। यह यूक्रेन में नेचुरल गैस उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है।

**मांगी मदद** | पुतिन ने किम जोंग को रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र का कराया दौरा

# उत्तर कोरिया रूस से तकनीकी सहायता चाहता है



**एजेंसी। मास्को**

रूस और उत्तर कोरिया के नेताओं ने देश के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में साइबेरियाई रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र में मुलाकात की। यह मुलाकात दर्शाती है कि अमेरिका के साथ जारी टकराव के बीच दोनों नेताओं के हित कैसे एक हो रहे हैं। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने सोयूज-2 अंतरिक्ष रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उन रॉकेट के बारे में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सवाल पूछे। इस मुलाकात से कुछ देर पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र की दिशा में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागे। वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम (एक प्रमुख रूसी अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण केंद्र) में मुलाकात का दोनों नेताओं का फैसला यह दर्शाता है कि किम अपने सैन्य टोही उपग्रह विकसित करने के प्रयासों में रूस से तकनीकी सहायता चाहते हैं, जिसे वह अपनी परमाणु मिसाइल क्षमता में इजाफा के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। हाल के महीनों में उत्तर कोरिया अपने पहले सैन्य जासूसी उपग्रह को कक्षा में पहुंचाने में कई बार नाकाम रहा है। क्या रूस उत्तर कोरिया को उपग्रह बनाने में मदद करेगा, इस सवाल पर रूस की सरकारी मीडिया ने पुतिन के हवाले से कहा, इसलिए हम यहां आए हैं। डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) (उत्तर कोरिया) के नेता रॉकेट प्रौद्योगिकी में गहरी रुचि रखते हैं और वे इस क्षेत्र में अपना स्थान बनाने की कोशिश कर रहे हैं।" सैन्य सहयोग के बारे में पूछे जाने पर पुतिन ने कहा, ह्यह्यहम बिना किसी हड़बड़ी के सभी मुद्दों पर बात करेंगे। अभी इसमें समय है। रूस की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से अत्याधुनिक सुविधाओं और भारी हथियारों से लैस ट्रेन से लाई गई लिमोजीन कार के जरिये वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पहुंचे। पुतिन ने कॉस्मोड्रोम के प्रवेश द्वार पर किम का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और पुतिन ने कहा कि उन्हें किम को देखकर बेहद खुशी हो रही है"। किम के दुभाषिए ने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए पुतिन का धन्यवाद किया और अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद किम को आमंत्रित करने के लिए पुतिन का आभार जताया। पुतिन के लिए किम के साथ यह बैठक गोला-बारूद के भंडार को फिर से भरने का एक अवसर है जो 18 महीने के युद्ध के कारण खत्म होता प्रतीत हो रहा है। किम के लिए यह संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों और वर्षों के राजनयिक अलगाव से बचने का एक मौका है। उम्मीद है कि किम आर्थिक सहायता और सैन्य प्रौद्योगिकी की मांग करेंगे, हालांकि उत्तर कोरिया के साथ हथियारों का सौदा उन अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन होगा जिनका रूस ने पूर्व में समर्थन किया था।

## पेज एक के शेष

### लोगों तक स्वास्थ्य...

तक की चिकित्सा कवरेज प्रदान करती है। उस योजना के अंतर्गत 17 सितंबर 2023 से एक अभियान शुरू किया जा रहा है, जिससे पीएम-जेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी लाभार्थी न छूटे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे झारखण्ड राज्य में इस अभियान को पूर्णतः सफल बनाया जायेगा। राज्यपाल ने लोगों से अपील की कि आइए हम सभी आयुष्मान भवः में निहित भावना को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें, ताकि देश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सके। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक आयुष्मान भवः कार्यक्रम का लाभ पहुंचे, इसके लिए हम कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि अब तक एक करोड़ 22 लाख लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल चुका है लेकिन हमारा लक्ष्य 02 करोड़ 69 लाख लोगों को इस योजना का लाभ पहुंचाना है। इस दिशा में राज्य सरकार कार्य कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान सरकार की अद्भुत पहल है। यह अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत लाखों परिवारों को अब आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इससे लोगों को इलाज के लिए बीमा कवरेज भी प्राप्त होगा। इसका उद्देश्य परिवारों को इलाज के भारी खर्च के बोझ से बचाना है।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने आयुष्मान भवः के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला और आयुष्मान ग्राम कार्यक्रम के मुख्य स्तंभ हैं। आयुष्मान भारत द्वारा स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) पर आयुष्मान मेला आयोजित किया जाएगा। आयुष्मान सभा केंद्र और राज्य सरकारों की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को सुनिश्चित कराने के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति के नेतृत्व में एक ग्राम-स्तरीय अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों, पांच बार से ज्यादा रक्तदान करने वाले लोगों और एचडब्ल्यूसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक आलोक त्रिवेदी सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित डॉक्टर्स, पारामेडिकल्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं आयुष्मान भारत के लाभुक उपस्थित थे।




## NEWS इन ब्रीफ

### संसद के विशेष सत्र से पूर्व 17 को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस विशेष सत्र के लिए 17 सितंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि बैठक के बारे में सभी पार्टियों के सदन के नेताओं को ईमेल द्वारा भी सूचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर के बीच आयोजित होगा। एक सप्ताह के इस सत्र के दौरान ही नई संसद में 19 सितंबर से कार्यवाही प्रारंभ होगी।

### गोपाल बागले ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले को ऑस्ट्रेलिया में उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बागले जल्द ही अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। बागले विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता और प्रधानमंत्री कार्यालय में कम कर चुके हैं। वह पाकिस्तान में उप उच्चायुक्त भी रहे हैं। इसके अलावा यूक्रेन और रूस में भी कम कर चुके हैं।

### मणिपुर : भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद हुए बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में एक अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया है। बुधवार को दी गई आधिकारिक सूचना के अनुसार असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर चुराचांदपुर जिले के खोलमुन गांव के सामान्य क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक एम एस-4 असॉल्ट राइफल, एक 9 मिमी की कार्बाइन, दो सिंगल बैरल राइफल्स, चार 9 मिमी की पिस्तौल, दो तात्कालिक मोर्टार, गोला-बारूद और युद्धक सामग्री बरामद की गई। इलाके में सुरक्षा बलों का अभियान जारी है।

### भोपाल में दबंगों ने दलित व्यक्ति को पीटा, फिर पेशाब किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर एक दलित व्यक्ति की पिटाई की और उस पर पेशाब भी कर दिया। व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि जब उसे होश आया तो उसने खुद को अस्पताल में पाया। पीड़ित की पहचान रामस्वरूप अहिरवार के रूप में हुई है। पीड़ित ने सुखी सेवनिया पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज कराई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात ई-विधानसभा का किया उद्घाटन, कहा

# यह प्रगतिशील परिवर्तन है

**एजेंसी। गांधीनगर/अहमदाबाद**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात की ई-विधानसभा की शुरूआत करते हुए बुधवार को अपने संबोधन में इसे गुजरात का उत्कृष्ट कदम बताते हुए कहा कि यह असेंबली डिजिटल हाउस में तब्दील हो जाएगी। एप्लिकेशन की मदद से यह देश की अन्य विधानसभा और विधान परिषदों के लिए एक बेहतरीन उदाहरण होगा और वे भी इसे अपना सकते हैं। यह प्रगतिशील परिवर्तन है। उन्होंने ई-विधानसभा का महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए भारत सरकार और गुजरात सरकार को बधाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात विधानसभा में ई-असेंबली का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और



विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी और संसदीय मंत्री रुशिकेश पटेल विधानसभा डेस्क पर मौजूद थे। गुजरात विधानसभा के डिजिटल हो जाने से विधानसभा में इस्तेमाल होने वाले 25 टन कागज की बचत होगी। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल भी मौजूद थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात में ई-विधानमंडल का उद्घाटन करते हुए कहा कि ई-विधानमंडल के फैसले से गुजरात की प्रगति और विकास से लोगों को फायदा होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि गुजरात का भविष्य उज्ज्वल है, सबसे खास बात यह है कि गुजरात ने हमेशा अपना भविष्य भारत और भारतीयों के भविष्य के साथ देखा है। उन्होंने प्रदेश के प्रसिद्ध कवि उमा शंकर जोशी की पंक्ति 'हूं गुर्जर भारतवासी, झांखो पल पल साहूजन मंगल मन मारु उल्लासी..' का भी जिक्र किया और कहा कि यह कविता गुजरात की आत्मा की पुकार है। गुजरात की स्थापना के बाद विधानसभा में देखे गए उतार-चढ़ाव के बारे में बात करते हुए द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस सदन ने हमेशा समाज के हित के लिए काम किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सभी घरेलू प्रक्रियाओं को कागज रहित बनाकर पर्यावरण की भी रक्षा की जा सकती है। उन्होंने अपने भाषण के दौरान दूध उत्पादन और ऊर्जा के पारंपरिक स्त्रोतों के उपयोग में गुजरात की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

गुजरात विधानसभा का सत्र अब पारंपरिक कागजी कार्यवाही से दूर हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वन नेशन वन एप्लीकेशन' के सपने को साकार करने वाला गुजरात पहला राज्य बन जाएगा। आज से पहली बार गुजरात की ई-विधानसभा की सौगात मिली है। विपक्ष राज्य की जनता के अहम मुद्दों को विधानसभा में रखेगा।

## राजस्थान : ट्रक ने बस में मारी टक्कर

# 12 की मौत व 12 से अधिक घायल

**एजेंसी। भरतपुर**

भरतपुर जिले में लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाइवे-21 पर हंतारा के पास बुधवार सुबह 5:30 बजे बस और ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। ये सभी गुजरात के भावनगर के रहने वाले हैं। पुलिस और प्रशासन के मुताबिक, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 45 से ज्यादा लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी। सुबह भरतपुर-आगरा हाइवे पर अचानक बस खराब हो गई। ड्राइवर और उसके साथी समेत अन्य यात्री बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी बस की तकनीकी खराबी को ठीक कर रहे थे कि एक ट्रक ने टक्कर मारी और किनारे खड़े लोगों को कुचलते हुए निकल गया।

### राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने दुख व्यक्त किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने बुधवार को राजस्थान के भरतपुर में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया। राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट में कहा कि गुजरात से उत्तर प्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस के राजस्थान के भरतपुर जिले में दुर्घटनाग्रस्त होने और अनेक यात्रियों की मृत्यु के समाचार से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उपराष्ट्रपति में एक एक्स पोस्ट में कहा कि राजस्थान के भरतपुर में हुए दुखद सड़क हादसे की खबर से गहरा दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के ड्राइवर ने सड़क पर पड़े बेसुध लोगों को देखा तो पुलिस को कॉल किया और एम्बुलेंस को बुलाया। हादसे के बाद शव हाइवे पर बिखर गए। वहां मौजूद लोगों ने एक-एक शव को बीच सड़क से हटाकर साइड में रखवाया। सभी शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### पीएम ने भरतपुर सड़क हादसे पर जताया दुख, अनुग्रह राशि की घोषणा

पीएम ने बुधवार को राजस्थान के भरतपुर में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी

# 7210 करोड़ का प्रावधान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है। केंद्र की इस परियोजना में अगले 4 सालों तक 7210 करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। पीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के दृष्टिकोण के अनुरूप ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना का मकसद प्रौद्योगिकी का उपयोग कर न्याय तक पहुंच में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना में केस के रिकॉर्ड की स्कैनिंग, डिजिटलीकरण और डिजिटल संरक्षण, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, नए स्थापित न्यायालय में बुनियादी ढांचा, 1150 वर्चुअल कोर्ट की स्थापना, 4400 ई-सेवा केंद्र, पेपरलेस कोर्ट, एप्लीकेशन सिस्टम और सॉफ्टवेयर का विकास, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ई-फाइलिंग जैसे कार्यों पर खर्च किया जाएगा।

## राजौरी मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो सुरक्षाकर्मी शहीद

**राजौरी।** राजौरी जिले के नरला गांव में मंगलवार शाम से जारी मुठभेड़ में बुधवार को सुरक्षाबलों ने एक और आतंकवादी को मार गिराया है, जिससे क्षेत्र में छिपे दोनों आतंकवादी मारे गए हैं। इस दौरान घायल पुलिस एसपीओ ने बुधवार को अस्पताल में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सेना का एक जवान बलिदान हो गया था। जम्मू के पीआरओ (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा कि भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस 7 सितंबर से दो आतंकवादियों पर नजर रख रहे थे। उन्होंने कहा कि 12 सितंबर को भारी गोलीबारी में जिले के नारला इलाके में एक आतंकवादी को मार गिराया गया।

# बनारस को बनाया जाएगा मेट्रोपोलिटन सिटी

### इसके साथ गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, मिजार्पुर व भदोही को जोड़कर बनाने की तैयारी

**आरएनएम। वाराणसी**

एनसीआर की तर्ज पर वृहद बनारस की परिकल्पना साकार होगी। शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन के बाद अब अक्टूबर से इस योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू किया जाएगा। पूर्वी भारत के गेटवे के रूप में विकसित हो रहे बनारस को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने के लिए छह जिलों को जोड़कर समग्र प्लान बनाया जा रहा है। नीति आयोग ने वाराणसी के साथ गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, मिजार्पुर और भदोही को जोड़कर एनसीआर की तर्ज पर वृहद बनारस की परिकल्पना तैयार की है। इसमें वाराणसी को केंद्र बनाकर आसपास के जिलों में आवास, परिवहन, रोजगार के अवसर विकसित किए जाएंगे। शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन के बाद अब अक्टूबर से इस योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू किया जाएगा। नीति आयोग ने मुंबई, सूरत, विशाखापत्तनम के साथ ही काशी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चुना है। नीति आयोग ने वाराणसी और मिजार्पुर मंडल के छह जिलों के बीच मजबूत कनेक्टिविटी के लिए मेट्रो परियोजना की योजना बनाई है। इसमें वाराणसी के बाहरी हिस्सों को कनेक्ट करते हुए जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर और भदोही के बीच मेट्रो सेवा की योजना है। इसके साथ ही इन जिलों को इंटर कनेक्ट करते हुए सिटी बसों का संचालन भी कराया जाएगा।

### नीति आयोग होगा मेंटर

शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन के बाद वाराणसी के मंडलायुक्त को इस परियोजना का नोडल बनाया गया है। वे सभी जिलों के जिलाधिकारियों व मंडलायुक्त से समन्वय कर उन जिलों के विकास संभावनाओं की रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके साथ ही योजना विभाग के दो अधिकारियों की नियुक्ति वाराणसी में की गई है। नीति आयोग की पांच सदस्यीय टीम सितंबर के अंतिम सप्ताह से वाराणसी में डेरा डाल देगी। वाराणसी की आबादी करीब 40 लाख है और रीजनल प्लान में जुड़ने वाले बाकी पांच जिलों की आबादी करीब 1.25 करोड़ है। ऐसे में वृहद बनारस की अनुमानित आबादी 1.75 करोड़ है। पिछले पांच वर्ष में वाराणसी की जनसंख्या तीन से पांच प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। शासन स्तर से ही आने वाले पांच साल में वाराणसी की अर्थव्यवस्था को एक बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है।

### इन कामों को गति देगा नीति आयोग

- जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर, भदोही से बनारस के बीच तेज रफ्तार ट्रेनों का संचालन
- वृहद बनारस में हाईवे के किनारे नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना और बड़े उद्योगों को आमंत्रण
- हैंडीक्राफ्ट, जीआई उत्पादों सहित पूर्वांचल के उत्पादों के लिए ट्रेड सेंटर की स्थापना
- रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए ऑटोमोबाइल सहित बड़े उद्योगों की स्थापना
- रेल लाइन के किनारों पर लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना और सुविधाएं विकसित करना
- छह जिलों के बीच सिटी बसों का संचालन, बनारस को केंद्र बनाकर रोजगार का सृजन।

## इंडिया की समन्वय समिति की पहली बैठक में सीट-बंटवारे पर मंथन

# गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा भोपाल में होगी

**आरएनएम। नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की 14 सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक बुधवार को दिल्ली में राकांपा प्रमुख शरद पवार के आवास पर हुई। इस बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा अक्टूबर के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी।बैठक से पहले समिति के सदस्य और आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा था कि इसमें लोगों तक पहुंचने, संयुक्त रैलियों की योजना बनाने और घर-घर अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। चड्ढा ने कहा, इस गठबंधन को सफल




बनाने के लिए हर राजनीतिक दल को तीन चीजों महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद का त्याग करना होगा। तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने आज ही उन्हें पेश होने के लिए बुलाया था। सीपीएम भी बैठक में भाग नहीं लेगी, क्योंकि उसने अभी तक समिति के लिए किसी सदस्य को नामित नहीं किया है। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह खराब स्वास्थ्य के कारण इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में शामिल नहीं हुए। उनकी जगह जेडीयू नेता और बिहार के मंत्री संजय कुमार झा बैठक में शामिल हुए। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की समन्वय समिति की पहली बैठक से पहले मंगलवार की शाम मुंबई में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की थी। दक्षिण मुंबई स्थित पवार के 'सिल्वर ओक' आवास पर दोनों नेताओं के बीच लगभग 90 मिनट तक बैठक हुई थी। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक को लेकर राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने कहा कि सात सीटों पर हुए उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ एकजुट हो रहा है।




## हमने फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' गर्व की भावना के साथ बनाई है : पल्लवी जोशी

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता पल्लवी जोशी जल्द ही 'द वैक्सीन वॉर' में एक वैज्ञानिक की भूमिका निभाती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि जब टीम इस फिल्म की शूटिंग कर रही थी, तो सभी के मन में गर्व की भावना थी। एक्ट्रेस पल्लवी जोशी पर्दे पर निभाए जाने वाले किसी भी किरदार को गहराई देने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अब 'द वैक्सीन वॉर' में नजर आएंगी, जिसकी वह प्रोड्यूसर भी हैं।



फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को मुंबई में लॉन्च किया गया। यहां उन्होंने इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव और अपने पति व निर्देशक विवेक अग्निहोत्री के साथ काम करने के बारे में बात की। पल्लवी ने कहा, विवेक हमेशा एक अच्छे निर्देशक रहे हैं। उनके साथ काम करना हमेशा की तरह एक अद्भुत अनुभव था। यह हमारी साथ में तीसरी फिल्म थी और उनके साथ काम करना हमेशा मजेदार होता है।

### समानांतर-व्यावसायिक फिल्मों के बीच का अंतर अब नहीं रहा : नाना पाटेकर



फिल्म द वैक्सीन वॉर में अभिनेता नाना पाटेकर और अभिनेत्री पल्लवी जोशी मुख्य भूमिका में हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म के डायरेक्टर समेत लीड एक्टर्स ने मीडिया से बातचीत की। इस मौके पर नाना पाटेकर ने बॉलीवुड के मौजूदा हालात और फिल्मों पर टिप्पणी की। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर नाना पाटेकर से समानांतर और व्यावसायिक फिल्मों के बीच अंतर के बारे में पूछा गया। इस पर अभिनेता ने कहा, पहले की समानांतर और व्यावसायिक फिल्मों के बीच का अंतर अब नहीं रहा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने हर फिल्म को एक नया प्लेटफॉर्म दिया है। फिलहाल समानांतर फिल्म की हालत खराब है। नाना पाटेकर ने कहा, हाल ही में मैं मौजूदा हिट फिल्म देखने के लिए थिएटर गया था, लेकिन मैं उस फिल्म को पूरा नहीं देख सका।

### मैं औसत दर्जे के अभिनेताओं के साथ काम नहीं करता : विवेक अग्निहोत्री

**निर्देशक** विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा कि वह अपनी फिल्मों में औसत दर्जे के अभिनेताओं के साथ काम नहीं करते। वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेताओं को लेते हैं, जो अपनी कला में महान हैं। विवादास्पद लेकिन बेहद सफल फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का निर्देशन करने वाले निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री अपने दिल की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी अगली फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' रिलीज के लिए तैयार है। मंगलवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया। फिल्म के ट्रेलर ने देश में काफी हलचल



मचा दी है और हर कोई इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुक है। फिल्म में उनकी पत्नी पल्लवी जोशी हैं, जो फिल्म की निमार्ता भी हैं और एक वैज्ञानिक की भूमिका निभा रही हैं। जब उनसे पूछा गया कि किस वजह से उन्होंने अपनी पत्नी को फिल्म में लिया और उनके साथ काम करना कैसा रहा, तो उन्होंने कहा, मैं औसत दर्जे के कलाकारों को नहीं लेता। मैं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेताओं को लेता हूं। पल्लवी एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं और इसीलिए उन्हें मेरी फिल्म में जगह मिलती है। इसके अलावा, वह इंडस्ट्री में मुझसे सीनियर हैं। वह चरित्र में आयाम और गतिशीलता लाती है। वह स्मार्ट और बुद्धिमान हैं। बुद्धिमान अभिनेताओं के साथ काम करना हमेशा मजेदार होता है।''फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह उन सबसे कठिन फिल्मों में से एक है जो मैंने अब तक बनाई है या बनाऊंगा।

## उपलब्धि : फ्रांस ने दिया पहला सी-295 परिवहन विमान, वायु सेना प्रमुख को सौंपी चाबी

# एयर चीफ स्पेन में उड़ाएंगे यह विमान

### 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस पर आएगा

### फ्रांस से 16 विमान फ्लाइंग मोड में आएंगे

### 40 विमान भारत में ही बनाएगा टाटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना के लिए स्पेन में तैयार किया गया पहला सी-295 सैन्य परिवहन विमान बुधवार को मिल गया। एयरबस कंपनी ने भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को स्पेन के सेविले में सी-295 विमान की चाबी सौंपी। एयर चीफ आज स्पेन में खुद यह विमान उड़ाएंगे। यह विमान 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस पर एक समारोह में



आधिकारिक तौर पर भारत के हवाई बेड़े में शामिल किया जाएगा। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ पिछले साल 24 सितंबर को 56 सी-295 सैन्य परिवहन विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। इसी सौदे के तहत यह पहला विमान स्पेन में ही तैयार किया है। भारत को पहला विमान मिलने के साथ ही अन्य 15 विमानों के 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति होने का रास्ता साफ हो गया है। समझौते के मुताबिक कंपनी को 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करना है, जबकि अन्य 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने पहला सैन्य परिवहन विमान तैयार करके 5 मई को तीन घंटे की उड़ान का परीक्षण स्पेन के सेविले में किया था। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने 08 सितंबर को भारतीय वायु सेना के लिए 56 ट्रांसपोर्ट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें निजी कंपनी गुजरात के वडोदरा में टाटा-एयरबस संयुक्त उद्यम में सैन्य परिवहन विमान का निर्माण करेगी। सभी 56 विमानों को स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट के साथ स्थापित किया जाएगा। विमान को हल्के पीले रंग में पेंट किया गया और इसके बाद भारतीय वायु सेना के पारंपरिक रंग 'ग्रे' की कोटिंग की गई है। पेंटिंग होने के बाद विमान के दोनों और हिंदी और अंग्रेजी में 'भारतीय वायु सेना' और 'इंडियन एयर फोर्स' लिखा गया है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह कार्यक्रम भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को बड़ा बढ़ावा देगा, क्योंकि इससे भारतीय निजी क्षेत्र को प्रौद्योगिकी गहन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी विमानन उद्योग में प्रवेश करने का मौका मिलेगा। यह परियोजना घरेलू विमानन निर्माण को बढ़ावा देगी, जिसके परिणामस्वरूप विदेशों से आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात में वृद्धि होगी। इससे 600 उच्च कुशल रोजगार सीधे और 3000 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होंगे। यह कार्यक्रम स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक अनूठी पहल है।